सेंसेक्स 73,088.33 ▲ +599.34
डॉलर 83.370 ▼ -0.188

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	39.0	24.0	40.0
धनबाद	41.0	24.0	38.0
जमशेदपुर	44.0	27.0	39.0
पलामू	42.0	23.0	43.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 21 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 183, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता ... 8 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | हमारी सरकार आई तो हटा देंगे अग्निवीर ...12 | देश/विदेश

पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 72,830

चांदी (1 किलो) 83,780

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

एक नजर

राष्ट्रपति ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों विशेषकर जैन समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि महावीर जयंती के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय के भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। अहिंसा और करुणा की प्रतिमूर्ति भगवान महावीर के जन्मोत्सव के रूप में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

आज के मैच

समय : 21 अप्रैल, 3:30 बजे से
स्थान : कोलकता

समय : 21 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : मोहाली

आजकल

रांची के रूक्का डैम के पास स्थित स्कूल में बच्चियों के साथ खेलते पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर।

रांची पहुंचे भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर

एयरपोर्ट पर उमड़ी लोगों की भीड़

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर शनिवार सुबह रांची एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ। एयरपोर्ट पर सचिन की झलक पाने को लेकर लोगों में बड़ी उत्सुकता नजर आयी। उनके साथ उनकी पत्नी अंजली भी है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से निकलने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुआ कहा कि मैं यहां अपने फाउंडेशन के लिए आया हूं। उन्होंने कहा कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन यहां के यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करता है। खासकर मैं यहां की महिला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने आया हूं। जानकारी के अनुसार यूथ फाउंडेशन का कार्यक्रम ओरमांझी में है, जहां बालिकाओं को फुटबॉल सिखाया जाता है। सचिन उनसे मुलाकात करेंगे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे। सचिन तेंदुलकर भारत के दिग्गज क्रिकेटर रहे हैं। उनकी गिनती विश्व के महानतम खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है। बीते साल इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने उन्हें राष्ट्रीय आइकॉन नियुक्ति किया था। दरअसल चुनाव आयोग का उन्हें राष्ट्रीय आइकॉन बनाने का मकसद लोगों की चुनाव में भागीदारी बढ़ाना है। सचिन का चुनाव आयोग के साथ ये समझौता तीन साल के लिए है।

राहुल, खरगे, लालू, तेजस्वी और अखिलेश सहित दो दर्जन नेता होंगे शामिल

उलगुलान न्याय महारैली आज राजधानी में जुटेंगे देश के दिग्गज

- एयरपोर्ट से लेकर होटल और सभा स्थल तक की गई है कड़ी सुरक्षा व्यवस्था
- झामुमो व कांग्रेस नेता कर रहे महारैली में पांच लाख लोगों के शामिल होने का दावा

उपेंद्र गुप्ता, रांची। झारखंड की राजधानी रांची रविवार को देश की राजनीतिक धड़कन का केंद्र रहेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में इंडी गठबंधन के लगभग सभी प्रमुख नेता रांची के मंच पर दिखेंगे। बताया गया कि कि रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, लालू यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, स्टालिन, उद्धव ठाकरे, सुनीता केजरीवाल, आप सांसद संजय सिंह,फारुख अब्दुल्ला, दीपांकर भट्टाचार्य, सहित करीब दो दर्जन नेता शामिल होंगे। धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में आयोजित इस रैली में पांच लाख से ज्यादा लोगों के जुटने का दावा किया जा रहा है। महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए झारखंड के इंडी गठबंधन के नेता जी-जान से जुटे हुए हैं। रैली स्थल पर बड़े राष्ट्रीय नेताओं के लिए एक मुख्य मंच बनाया है, जबकि स्थानीय नेताओं, विधायकों-सांसदों के लिए दो अलग मंच मुख्य मंच के ठीक बगल में बनाया गया है। इसे अंतिम रूप देने के लिए जोरों से काम जारी है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा

रांची। रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को न्याय उलगुलान महारैली को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन न्याय उलगुलान महारैली की तैयारियों का जायजा लेने खुद प्रभात तारा मैदान पहुंचे। इस बीच मुख्यमंत्री पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम लोग केंद्र सरकार के नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

यह आदिवासी अपमान महारैली : बाबूलाल

दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने इसे परिवारवादी और भ्रष्टाचार के आरोपी को महिमामंडित करने वाली रैली करार दिया है। रैली को लेकर जारी पोस्टरों पर भारतीय जनता पार्टी और झामुमो के बीच जुबानी जंग चल रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सही मायने में इसे उलगुलान रैली नहीं, बल्कि आदिवासी अपमान महारैली कहा जाना चाहिए, क्योंकि रैली के पोस्टरों में आदिवासी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तस्वीर नहीं है। यह हास्यास्पद है और आदिवासियों के लिए अपमान की बात है। अब जेएमएम का मतलब सिर्फ हेमंत सोरेन परिवार तक सीमित रह गया है। भाजपा के इस आरोप पर झामुमो ने पलटवार किया है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

नक्सली क्षेत्रों में मानदंड का पालन करना जरूरी : डीआईजी

- लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डीआईजी ने की समीक्षा
- एसपी समेत जिले के सभी थानेदारों को दिए टिप्स

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू लोकसभा सीट पर निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में पलामू के डीआईजी वाईएस रमेश ने समाहरणालय स्थित पुलिस सभाकक्ष में समीक्षा की। डीआईजी वाईएस रमेश ने बताया कि पलामू का भूगोल काफी टफ है। यह राजनीति का केंद्र विंदू रहा है। नक्सलियों का गढ़ के रूप में चर्चित है। ऐसे में विधि-व्यवस्था का संधारण सदैव चुनौती रहा है। इसलिए टीम ने जो तैयारी किया है उसकी समीक्षा आवश्यक है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित मानदंड का पालन करना जरूरी होगा। इसके लिए सभी पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं। पुलिस बल की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि बूथों पर कम्युनिकेशन की सुविधा जरूरी है, जहां नेटवर्क काम नहीं करता है, उन बूथों पर चिन्हित किया गया। कुछ बूथ री-लोकेट किए गए हैं, वहां काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि एसपी रीष्मा रमेशन चुनाव शांतिपूर्ण कराने को लेकर तत्पर हैं। टीम को मोटिवेट कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस बार पुलिस वेल्फेयर का भी ध्यान रख रहा है। पहले क्लस्टर में पोलिंग पर्शन ठहरते थे, इस बार बूथ पर भी ठहरने की व्यवस्था की गई है। गर्मी को देखते हुए वोटर, मतदानकर्मी और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

चाईबासा में पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार, एके-47 बरामद

पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा)। जिला मुख्यालय चाईबासा में पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम और बिरसा खंडाइत शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी गोईलकेरा थाना क्षेत्र के चितिर पहाड़ी के पास से हुई। इनके पास से पुलिस ने दो एके 47, नौ मैगजीन, 188 राउंड गोली, 50 हजार रुपये और मोबाइल फोन बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने शनिवार को कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम दस्ता के कुछ सदस्यों के साथ भ्रमणशील है। वे गोईलकेरा, आनन्दपुर थाना क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को बंद कराने की धमकी देते हुए संवेदकों से लेवी की मांग कर रहे हैं। एसपी के निर्देश पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

लातेहार में टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर में सीआरपीएफ हवलदार की मौत

लातेहार। जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड पर शनिवार को टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर में टेंपो पर सवार सीआरपीएफ के हवलदार राम भुवन सिंह यादव (44) की मौत हो गई। मृतक राम भुवन सिंह यादव उत्तर प्रदेश के मऊ के रहने वाले थे। वर्तमान में लातेहार जिला मुख्यालय में स्थित सीआरपीएफ 214 बटालियन में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार शनिवार को राम भुवन सिंह यादव छुट्टी लेकर घर जाने के लिए कैंप से निकले थे। वे ऑटो पर सवार होकर लातेहार रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ऑटो और एक ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। ट्रैक्टर पर गेहूं काटने वाली मशीन रखी हुई थी। टक्कर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रांची में उलगुलान न्याय महारैली के मद्देनजर दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली है। रैली में राहुल गांधी समेत देशभर के बड़े नेता शामिल होंगे। ऐसे में रैली स्थल, एयरपोर्ट, होटल और सर्किट हाउस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। सभी स्थानों की सुरक्षा के लिए 2,000 अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। साथ ही ट्रैफिक रूट निर्धारित किये गये हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रभात तारा मैदान स्थित महारैली स्थल पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया था। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए थे। एसएसपी ने बताया कि महारैली स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य के बाहर से आने वाले वीआईपी की सुरक्षा के लिए होटल से लेकर रैली स्थल तक जवानों के तैनाती की गई है। ट्रैफिक को लेकर भी अलग व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि इस महारैली में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, आम आदमी पार्टी की सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी, टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन, माले के दीपांकर भट्टाचार्य सहित अन्य नेता शामिल होंगे।

एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित

नई दिल्ली। एलन मस्क ने शनिवार को पुष्टि की कि टेस्ला के महत्वपूर्ण तिमाही नतीजों के बीच वह इस महीने भारत का दौरा नहीं कर पाएंगे। हो सकता है इस साल के अंत में वो भारत आएं। एक्स पर एक पोस्ट में, अरबपति ने कहा, टेस्ला को लेकर कई दायित्वों के कारण भारत की यात्रा में देरी होगी। मस्क ने कहा, लेकिन मैं इस साल के अंत में आने के लिए बहुत उत्सुक हूं। पिछले हफ्ते, अरबपति ने ट्वीट किया था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना चाहते हैं। स्पेसएक्स के सीईओ अपनी भारत यात्रा के दौरान ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

इंडिया

झारखंड के मुद्दे चुनाव में उठेंगे या विवादास्पद बयानों की ब्रेकिंग न्यूज देखना शेष है

सुनील बादल

सं 2000 में झारखंड जब बना था तब पूरी दुनिया में इसकी चर्चा इस रूप में हो रही थी कि भारत की लगभग 40 प्रतिशत खनिज संपदा वाला यह प्रदेश अब विकास की वह लकीर खींचेगा जो दूसरों के लिए दुर्लभ है क्योंकि यह पहला राज्य था जहां का बजट सरप्लस यानी आय खर्च से अधिक थी । इसका पैतृक राज्य बिहार अपनी घटी हुई आय और संसाधनों का दुखड़ा रो रहा था और तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव सहित अनेक नेता यही बयान दे रहे थे कि बिहार क्या बालू फांकेगा ? पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी ने अपने छोटे कार्यकाल में कुछ जमीनी योजनाओं सहित आधारभूत संरचना के विकास पर एक बड़ी लकीर खींची पर उनकी सरकार के गिरने के बाद से अल्पमत सरकारों और कुछ कार्यकाल पूरा करने वाले मुख्यमंत्रियों ने भी झारखंड को अच्छी पहचान देने के बजाय नए नए प्रयोग किए जिससे झारखंड, साथ ही अलग हुए दो राज्यों उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ की तुलना में न सिर्फ पीछे रह गया बल्कि साल दर साल नए घोटालों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम होता चला गया । यहां की प्रतिभाएं उच्च शिक्षा के लिए दक्षिण के राज्यों और दिल्ली पलायन करने के बाद कभी नहीं लौटीं क्योंकि कमजोर नेतृत्व और दिशाहीन राजनीति से अपार संभावनाओं वाला यह राज्य जेपीएससी,शिक्षक बहाली से लेकर प्रायः सभी नियुक्तियों में कथित रूप से घोटाले से इतना बदनाम हो गया कि युवाओं के साथ अभिभावकों का विश्वास हिल गया कि यहां बिना पैरवी या पैसे के कोई बहाली नहीं हो सकती। घोटालों की धीमी जांच कब तक चलेगी और आगे घोटाले नहीं होंगे कोई पक्का नहीं कह सकता। इससे राज्य का भविष्य भी बहुत उज्ज्वल नहीं कहा जा सकता। अरबों की सरकारी योजनाओं के बाद भी सदियों से चल रहा पलायन अभी भी जारी है। इस बार भी चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने का बड़ा कारण मजदूर वर्ग का पलायन होगा जो बरसात शुरू होने पर लौटेंगे और वर्षा पर आधारित एक फसल का जुआ खेलेंगे । पूरे राज्य में पिछले बरसात के मौसम की फसलें अनावृष्टि के कारण ठीक नहीं हो पाईं। इसी प्रकार रांची के आसपास सहित अनेक इलाके सब्जी की अच्छी खेती करते हैं पर किसी भी फसल को उचित कीमत मिलेगी या नहीं कोई नहीं जानता क्योंकि कोई ऐसी व्यवस्था या न्यूनतम मूल्य दिलाने वाली संस्था नहीं जिससे किसान हताश होकर खेती विमुख हो रहे हैं । कई बार टमाटर जैसी नगदी फसल बाजार में फेंक कर आने की घटनाएं प्रकाश में आई हैं क्योंकि किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिला । धान की खरीदारी केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के के बोनस से होती है पर इसमें किसानों को भुगतान आठ नौ महीने के बाद होता है और जब फसल तैयार होती है तब खरीदा भी नहीं जाता जिससे किसान बिचौलियों के माध्यम से राइस मिलों को औने पौने दाम में बेच देते हैं । किसानों कि हितों की बात उठाने वाला कोई नहीं और कृषि प्रधान झारखंड में किसी भी दल के एजेंडे में यह मुद्दा नहीं है। इसी प्रकार सिंचाई झारखंड का बड़ा मुद्दा है कई नहरों के नाम पर अरबों खर्च हुए पर किसानों के खेत अभी भी सूखे हैं । इस बार के भी चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे संविधान,जातीय जनगणना,बाहरी भीतरी, जीतने पर भारी छूट और एक दूसरे को भ्रष्ट बताने के आरोप प्रत्यारोप होंगे पर यहां के बालू से लेकर कोयले और खनिज का लाभ राज्य को कब मिलेगा और शिक्षा या स्वास्थ्य की माफियागिरी कब समाप्त होगी न किसी के पास सवाल हैं और जवाब ! 24 वर्षों के बाद रांची में अब फ्लाईओवर बन रहे हैं जो गर्व की नहीं अन्य राज्यों के लिए हंसी का विषय है । जमीन का कारोबार माफिया तत्वों की गिरफ्त में है और लगातार हत्याएं या घोटाले चर्चित हो रहे हैं । नशे का उत्पादन कारोबार खूंटी,पलामू और चतरा में वर्षों से चल रहा है । अब देखना है झारखंड के उम्मीदवारों के अलावा देश के बड़े नेता इन विषयों पर बोलते हैं या समाचार चैनलों की ब्रेकिंग न्यूज में बने रहने के लिए विवाद उछालते हैं।

हाथियों के झुंड ने अधेड़ को कुचलकर मार डाला

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। थाना क्षेत्र के रंका रोड स्थित बड़का नाला के पास जंगल मे शनिवार की सुबह करीब 5.00 बजे जंगली हाथियों ने चिनियां के चिरका टोला निवासी दशरथ सिंह उम्र 57 वर्ष को कुचलकर मार डाला है। जिसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही चिनियां वन विभाग की टीम व पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया है, घटना के संबंध में मृतक के बड़े बेटे ने बताया कि हम सभी परिवार रोज की तरह जंगल में महुआ चुनने के लिए गए हुए थे तभी महुआ चुनने के दौरान ही हाथियों ने मेरे पिता को कुचल कर मार डाला हम लोग अपने आंखों से देखते रह गए लेकिन अपने पिता को बचा नहीं पाए और डर के कारण हम लोग वहां से अपनी जान बचाकर भागे और इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी।

एक नजर

पंचायत सतौवा में कब्रिस्तान की जमीन मापी कर मामले को सुलझाया, बीडीओ

पाटन। प्रखंड के सतौवा पंचायत के सतौवा गांव में विगत कई महीनों से कब्रिस्तान की जमीन मापी का कार्य लंबित पड़ा हुआ था। इस कब्रिस्तान की जमीन को अमीन द्वारा कई बार मापी कराई जाती थी, लेकिन विवाद के घेरे में पड़ जाता था। इसकी सूचना मिलने पर बीडीओ अमित कुमार झा ने अंचल के राजस्व निरीक्षक के साथ अमीन, पाटन थाना के ए साईं सुनील कुमार अपने दलबल के साथ कब्रिस्तान के स्थल पर पहुंचे। गांव के दोनों समुदाय के लोग मौके पर उपस्थित हुए और बीडीओ के निगरानी में अमीन के द्वारा सटीक माफी करायी गयी। मौके पर उपस्थित मुखिया अखिलेश पासवान, अंचल सहायक सुशील कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

बच्चों ने बनाई फलों से मनोहारी आकृति

मेदिनीनगर। स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को फ्रूट्स विद फन (फ्रूट्स पार्टी) समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्री नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के छात्रों ने फलों से निर्मित विभिन्न प्रकार की मनोहारी आकृति एवं सजावट का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, खरबूजा, अंगूर, सेब और केला इत्यादि फलों को काटकर आकर्षक कलाकृति बनाई गई। नई शिक्षा नीति में फाउंडेशनल स्टेज के तहत नये सत्र के आरंभिक अवसर पर बच्चों के नवीन कक्षा के प्रति विशिष्ठ रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव के लिए इस प्रकार की अनेक गतिविधियां कराई जाती है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने कहा कि फलों के इस्तेमाल से हमारे शरीर में इम्यून शक्ति में वृद्धि होती है। इस प्रकार की स्वतंत्र गतिविधियां बच्चों के कक्षागत रुचियां प्रदान करने में सहायक होती है।

गजानन माता मंदिर में होती है शक्ति की पूजा : महंत

भारत में दो ऐसे मंदिर है जहां शक्ति की पूजा होती है

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। झारखंड-बिहार की सीमा पर स्थित गजानन माता मंदिर मेला चैत नवरात्रि के साथ पूर्णिमा को संपन्न हो गया। इस संबंध में पटना के ओलारपुर के सूर्यमंदिर के महंत सह गजानन माता मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री अवध बिहारी महाराज ने बताया कि भारत में दो ही ऐसा मंदिर है जहां शक्ति की पूजा होती है। गजानन माता मंदिर आज भी निराकार है। शेष सभी देवी मंदिर में मूर्ति की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर भी निराकार है। जहां माता की मूर्ति स्थापित नहीं है। दोनों मंदिरों में केवल शक्ति की पूजा होती है। उन्होंने कहा कि गजानन माता मंदिर तो बिहार के सीमा पर अवस्थित तो है, किंतु गजानन माता मंदिर को आगे बढ़ाने के लिए पोल्डीह के कुछ ग्रामीणों द्वारा भू दान देकर मंदिर की परिधि को एक बड़ा रूप दिया है। उन्होंने कहा कि उक्त मंदिर में पुरानी परम्परा के अनुसार आज भी बिहार झारखंड के अलावा कई राज्यों के लोग शक्ति स्वरुपिणी मां गजानन माता मंदिर की पूजा के लिए पहुंचकर मिट्टी के बर्तन में बने प्रसाद को ही भोग लगाते हैं। श्री अवध बिहारी महाराज ने कहा कि उक्त मंदिर का निर्माण में झारखंड वासियों का आज भी पूर्ण सहयोग मिलता रहा है। जबकि यह मंदिर बिहार राज्य के अधीन में है। इस मंदिर पर बिहार सरकार द्वारा इस वर्ष सड़क का निर्माण भी कराया गया वह भी मंदिर तक अपूर्ण है।

पुरानी परम्परा के अनुसार आज भी बिहार झारखंड के अलावा कई राज्यों के लोग शक्ति स्वरुपिणी मां गजानन माता मंदिर की पूजा के लिए पहुंचकर मिट्टी के बर्तन में बने प्रसाद को ही भोग लगाते हैं

मंदिर में हर वर्ष दो बार मेला का होता है आयोजन

मंदिर में हर वर्ष दो बार मेला का आयोजन होता है। विदित हो कि दो राज्यों की अपार भीड़ हर माह पूर्णिमा के दिन लगती है। यहां न तो किसी भी तरह का पुलिस प्रशासन का ध्यान सुरक्षा की दृष्टिकोण से रहता है न ही एक चौकीदार की नियुक्ति बिहार सरकार द्वारा की जाती है। जबकि गजानन माता मंदिर में वर्ष में प्रत्येक दिन बाहर श्रद्धालुओं का आने-जाने का तांता लगा रहता है। ऐसे आश्विन माह की नवरात्रि व चैत माह की सप्तमी से नवमी व पूर्णिमा तक श्रद्धालु पहुंचकर अपने मन्नत मांगकर पूजा अर्चना करते हैं। मंदिर में मेला को संपन्न कराने के लिए पोल्डीह पंचायत के पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह के अलावा, मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष नरेश मेहता, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, मंदिर के पुजारी जगन्नाथ मिश्रा, अयोध्या पांडेय, गजानन धाम सेवा समिति के मिथलेश चंद्रवंशी, अरुण सिंह, कर्मदेव राजवंषी, उपाध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, अरुण मेहता, विनोद ठाकुर, डीलर संग के सचिव मृत्युंजय सिंह, सत्यनारायण सिंह, अरविंद सिंह के अलावा गजना ग्राम वासी व पोल्डीह ग्राम वासियों का पूर्ण रूप से सहयोग प्राप्त होता है।

छह दिनों से हुसैनाबाद शहर में जलापूर्ति बंद, उपभोक्ता परेशान

वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शहर में जलापूर्ति की जा रही है : विपुल शन्नी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। नगर पंचायत में छह दिनों से पूरी तरह पेयजलापूर्ति ठप पड़ गई है, जिससे शहर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। देवरी सोन नदी में स्थित पानी टंकी के मोटर जल जाने के कारण पानी की आपूर्ति बंद है। मालूम हो कि हुसैनाबाद शहर के आधा से अधिक हिस्सा में खारा पानी है, जिससे लोग पेयजलापूर्ति पर ही निर्भर रहते हैं। पानी की आपूर्ति नहीं होने से पानी बेचने वाले व्यवसायियों की चांदी हो गई है और शहर के लोग एक गैलन पानी 30 से 40 रुपये में पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शन्नी ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शहर में जलापूर्ति की जा रही है। हुसैनाबाद शहर में 16 वार्ड हैं। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा संविदा के आधार पर शहर में पानी का वितरण कराया जा रहा है, लेकिन यह वितरण प्रतिदिन सभी वार्डों के सभी मुहल्लों में नहीं हो पा रहा है। इस मामले में पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि शहर में पेयजलापूर्ति की समस्या काफी गंभीर है। इस मामले में वे कार्यपालक पदाधिकारी से बात कर इस मामले को गंभीरता से रखेंगे। उन्होंने बताया कि यहां दो मोटर लगाया गया था, ताकि एक के जलने के बाद दूसरे मोटर से आपूर्ति हो सके, लेकिन हमलोगों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से रखरखाव के अभाव में स्थिति खराब हो गई हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शन्नी ने मोटर संयत्र का स्थलीय निरीक्षण किया है। बन जाने के बाद शहर में जलपूर्ति शुरू हो जाएगी।

मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक के परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों को हरिहरगंज नदी रोड स्थित इनोवेटिव एंड स्मार्ट क्लासेस कोचिंग सेंटर के द्वारा सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के संचालक इंजीनियर वाल्टर के द्वारा सफल परीक्षार्थियों को मोमेंटो व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वाल्टर ने कहा कि छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए संस्थान हमेशा प्रयासरत रहा है। सम्मान समारोह में छात्रा सुहानी कुमारी ने 94.2 प्रतिशत (471) अंक लाकर जिला टॉप टेन में आठवां स्थान किया। जबकि शुभम प्रजापति 91.4, साने रजा 87, अभिषेक 84, मेराज 80.4 प्रतिशत लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मौके पर इंजीनियर संजीत पाठक, इंजीनियर अंकित पाठक, शिक्षिका प्रिया कुमारी, शबाना परवीन, पायल कुमारी, निधि कुमारी आदि मौजूद थे।

पांकी प्रखंड की छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। पांकी प्रखण्ड में जैक मैट्रिक का रिजल्ट घोषित किया गया है। इसमें लड़कियों ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। पांकी प्रखंड में पहले पायदान पर अदिति कुमारी रहीं, जिन्होंने 458 अंक लाकर प्रखंड के मान बढ़ाया। वहीं खुशी कुमारी 454 अंक और स्वाति कुमारी 451अंक प्राप्त किया है। ये दोनों छात्राएं प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय पांकी की हैं। डॉ० वीरेन्द्र कृष्ण रामबली उच्च विद्यालय कोनवाई पांकी कोनवाई के छात्र अंकित कुमार 451अंक लाकर उच्च विद्यालय कोनवाई का नाम रौशन किया है। वहीं, पांकी राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय से प्रेम कुमार 450 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय के प्राचार्य प्रणीत ठाकुर ने बताया कि मेरे विद्यालय से प्रथम श्रेणी में 266 छात्राएं सफल रही है, जबकि दूसरी श्रेणी में 151 छात्रा और तीसरी श्रेणी में 23 छात्रा सफलता पायी है। वहीं, पांकी के राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य कुलेश्वर राम ने बताया कि मेरे विद्यालय से प्रथम श्रेणी में 194 छात्र सफल रहे हैं, जबकि दूसरी श्रेणी में 135 और तीसरी श्रेणी में 3 विद्यार्थी पास हुए हैं। परीक्षा में कुल 348 परीक्षार्थी शामिल थे।

शिवाजी मैदान में किसी तरह के कार्यक्रम के लिए देने पड़ेंगे शुल्क

- 12 घंटे के आयोजनों के लिए इसकी फीस 92 हजार तय की गई
- साहित्य समाज, जिला स्कूल मैदान और हाउसिंग कॉलोनी मैदान में नहीं लगेगा कोई शुल्क

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शिवाजी मैदान अब निःशुल्क नहीं रहा। यहां पर अब राजनीतिक रैली ,जनसभा, बड़े राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं के भाषण इत्यादि के लिए इस मैदान की एक फीस तय की गई है। यह जानकारी सहायक निर्वाचित पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल अधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि अब शिवाजी मैदान का उपयोग और अन्य यदि राजनीतिक रैली, जनसभा, नेता के भाषणों के लिए उपयोग करने पर शुल्क देना पड़ेगा। श्री तिवारी ने बताया कि शिवाजी मैदान के 12 घंटे के इस प्रकार के आयोजनों के उपयोग की फीस 92 हजार तय की गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि इसके उपयोग कर्ता शिवाजी मैदान को केवल 2 , 4, 5 या 7 घंटे या 12 घंटे से कम उपयोग में लाना चाहेंगे तो इसी घंटे के हिसाब से ही शुल्क लगेगा। 92 हजार रूपया,12 घंटे के शुल्क के हिसाब से प्रति घंटा 7666 आता है। इस तरह से यदि कोई राजनीतिक पार्टी, राजनेता या फिर कोई राजनीतिक रैली इस शिवाजी मैदान का केवल एक घंटा उपयोग करना चाहेगा तो उसे 1 घंटे के लिए 7666 सरकार के कोष में जमा करना होगा। शिवाजी मैदान को उपयोग में लाने ग्और लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन देने की व्यवस्था कर दी गई है। सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल अधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि 24 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी ने शिवाजी मैदान को 12 घंटे के लिए बुक कर लिया है। वहीं 24 अप्रैल को ही राष्ट्रीय जनता दल हाउसिंग कॉलोनी के मैदान पर अपनी राजनीतिक कार्यक्रम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेदिनीनगर शहर के सिर्फ इसी शिवाजी मैदान का शुल्क 12 घंटे का 92000 तय किया गया है। वहीं, साहित्य समाज मैदान , जिला स्कूल मैदान या फिर हाउसिंग कॉलोनी मैदान के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। साथ ही मैदान को उपयोग में लाने के लिए 11 शर्तें और नियम बनाये गए है, जिनका पालन हर स्थिति में करना होगा। सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल अधिकारी ने बताया कि पिछले साल डिज्नीलैंड मेला जो 55 दिनों के लिए इसी मैदान पर लगा था। इसके लिए आयोजको ने सरकारी खजाने में60 रुपये लाख शुल्क जमा कराये थे। उसी को आधार मान कर इस बार 12 घंटे के लिए 92000 का शुल्क तय किया गया है। मैदान का उपयोग एक घंटे से लेकर 12 घंटे तक कर सकते हैं और जितने घंटे वह इसका उपयोग करेंगे 93 हजार रुपया के दर से उनके घंटे के उपयोग के शुल्क को तय किया जाएगा।

विधवा से छेड़छाड़, ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। रामगढ़ थाना क्षेत्र के चिल्बिलिया जंगल में महुआ चुनने गई अधेड़ विधवा महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के रोक टोक से आरोपी दुष्कर्म करने में सफल नहीं हो पाया। बाद में ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी पहले भी हत्या और दुष्कर्म मामले में जेल जा चुका है। महिला के बयान पर इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि शनिवार की अहले सुबह क्षेत्र की 50 वर्षीय विधवा महिला महुआ चुनने के लिए घर से एक किलोमीटर दूर चिल्बिलिया जंगल गई थी। यहां हूटार का युवक मुकेश कुमार उर्फ भोला यादव पिता सीता यादव पहुंचा और 50 वर्षीया महिला से छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने के लिए खींच कर जंगल की ओर ले जाने लगा। महिला ने विरोध किया तो आरोपी उसे पटक दिया, जिससे उसका एक हाथ टूट गया। आसपास महुआ चुन रहे अन्य लोगों ने बीच बचाव कर युवक को वहां से भगाया। बाद में गांव पहुंचने के बाद ग्रामीण एकजुट हुए और आरोपी को गांव के चौराहे से पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार मुकेश कुमार उर्फ भोला यादव पूर्व में उपरोक्त चिल्बिलिया जंगल में ही एक युवती के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी थी। छेड़छाड़ के मामले भी उसपर दर्ज हैं। आरोपी की इस हरकत से उसकी पत्नी एक बच्चे के साथ उससे अलग रहती है। बीच बचाव करने वालों में सूर्यदेव कोरवा, प्रमिला देवी, शकुंतला देवी, सोबराती मियां, कासिम मियां सहित अन्य शामिल हैं।

समस्या

हरिहरगंज में बिजली संकट से जूझ रहे उपभोक्ता

नियमित बिजली नहीं मिलने से व्यवसाय व खेती पर पड़ रहा असर, रोष

- बिजली की आंखमिचौली से उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल
- बिजली कटौती के साथ-साथ लो-वोल्टेज की समस्या

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। नगर पंचायत सहित ग्रामीण इलाकों के उपभोक्ता इन दिनों बिजली संकट से जूझ रहे हैं। इसे लेकर लोगों में विभाग के प्रति रोष है। बिजली की आंखमिचौली से उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। रात में बिजली नहीं रहने पर रतजगा करना पड़ता है। उस पर भी मच्छरों का प्रकोप। नियमित बिजली नहीं मिलने के कारण व्यवसाय व खेती कार्य पर भी असर पड़ रहा है। लोग बिजली कटौती के साथ-साथ लो-वोल्टेज की समस्या से भी जूझ रहे हैं। युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि इस भीषण गर्मी में बिजली संकट के कारण लोगों का हाल बेहाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी क्रेशर प्लांट को 20 से 22 घंटा बिजली दी जा रही है, जबकि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चार-पांच घंटा से भी कम बिजली दी जा रही है। वहीं समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने कहा कि बिजली आधारित व्यवसाय करने वाले लोगों को भारी आर्थिक नुकसान सहना पड़ रहा है, इससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं व्यवसायी जेपी गुप्ता ने कहा कि बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। कई उपभोक्ताओं ने कहा कि बिजली में सुधार नहीं होने पर आंदोलन किया जायेगा। इस संबंध में पूछे जाने पर कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने कहा कि कुछ दिन पहले आंधी-तूफान के कारण भागोडीह में कई टावर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण विद्युत संबंधी समस्या उत्पन्न हो गयी। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विद्युत सप्लाई दी जा रही है। क्षतिग्रस्त टावर में काम चल रहा है। काम पूरा होते ही बिजली की समस्या दूर कर दी जायेगी।



कई टावर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण विद्युत संबंधी समस्या उत्पन्न हो गयी : कनीय विद्युत अभियंता

कमलेश कुमार यादव

सनोज गुप्ता

युवा समाजसेवी राजीव रंजन

मैट्रिक परीक्षा में पांडू प्रखंड टॉपर बनी खुशबू

नवीन मेल संवाददाता

पांडू। मैट्रिक परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। राजकीय कृत कल्याण उच्च विद्यालय पांडू की छात्रा खुशबू कुमारी ने 90. 20 प्रतिशत अंक लाकर अपने प्रखंड का नाम रोशन किया है। पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप निवासी रामगहन साव की पुत्री ने मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव समेत पूरे प्रखंड का मान बढ़ाया है। छात्रा खुशबू कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में 451 अंक प्राप्त कर प्रखंड में सर्वोच्च स्थान प्राप्त की है। छात्रा खुशबू कुमारी के बेहतर प्रदर्शन के बाद विद्यालय परिवार समेत उनके माता-पिता एवं ग्राम वासियों ने खुशबू को मिठाई खिलाकर हौसला अफजाई करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। खुशबू आगे की पढ़ाई पूरी कर शिक्षक बनना चाहती हैं, जिससे अन्य छात्र भी राज्य एवं देश के लिए बेहतर कार्य कर सके। खुशबू का मानना है कि गुरु ही सर्व शक्ति है। गुरु के बिना संसार में कुछ भी संभव नहीं है।

सुप्रभात पलामू

पलामू वासियों को नमस्कार।

लोकसभा का चुनाव मई महीने में होने वाला है यह देश की दिशा और दशा तय करने वाला है। ऐसे में अपना वोट अवश्य दें।

डॉ. केसी झा, कुलानुशासक, एनपीयू मेदिनीनगर।

कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित

मेदिनीनगर। स्थानीय कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में शनिवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत पलामू जिला अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार महतो, प्रधान अग्नि चालक मनोहर कच्छप, दिनेश कुमार शर्मा एवं अग्नि चालक परिमल प्रमाणिक के द्वारा अग्नि से सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। मौके पर अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार महतो ने कहा कि विशेष प्रकार की आग के जोखिम के लिए आपके द्वारा अग्निशमन यंत्र का चुनाव किया जाना आग को नियंत्रित करने के मामले में एक महत्वपूर्ण कार्य है।

सना आफरीन ने 479 अंक लाकर पलामू जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सना आफरीन ने मैट्रिक में 479 अंक लाकर पलामू जिला में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं शिक्षक बनकर समाज और देश की सेवा करना चाहती हूं। सना आफरीन ने अपनी सफलता का श्रेय बालिका उच्च विद्यालय सतबरवा के सभी शिक्षकों तथा अपने अवकाश प्राप्त शिक्षक दादा मोइद्दीन व पिता रजीउद्दीन तथा मां जरीना खातून को दिया। इस मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्य बिहारी प्रसाद ने ने बताया कि बालिका उच्च विद्यालय में इस वर्ष 97 प्रतिशत रिजल्ट हुआ है, जिसमें सना आफरीन

ने पलामू जिला में दूसरा तथा विद्यालय में पहला स्थान 479 तथा दूसरा स्थान कहकशा जहान 88:60 , तीसरा स्थान चांदनी खातून 86:80, चौथा स्थान गुलाबशा खातून 85:80, पांचवां स्थान सृष्टि कुमारी 84:60 नंबर लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इन्होंने सभी छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन करने पर शुभकामनाएं दी।

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आज, केंद्र से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

मेदिनीनगर। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन आज 21 अप्रैल को मेदिनीनगर अनुमण्डल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तकसंचालित की जायेगी0 परीक्षा को देखते हुए मेदिनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है।

इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों केआसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा.सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के मद्देनजर 2024 के परीक्षाओं के लिए कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

प्यासे लोगों को है पनशाला का तलाश

मेदिनीनगर। अभी गर्मी चरम पर है। लोग प्यास से व्याकुल होकर पानी की बोतले खरीद रहें हैं। वहीं कई लोग इस गर्मी में भी मजे के लिए कोल्डड्रिंक पी रहे हैं। अभी कुछ वर्ष पहले की बात है समृद्ध लोग और संस्थाएं चौक-चौराहों पर पनशाला खोला करते थे। जहां लोग पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते थे। कई पनशाले ऐसे भी थे। जहां पानी पीने से पहले चना और गुड़ दिया जाता था। पनशाला खोलने में यहां के व्यवसायियों में महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। इतनी गर्मी के बावजूद भी शहर में एक भी पनशाला का नहीं खुलना अचंभित कर रहा है।

एक नजर

केंद्र सरकार की सारी योजनाओं का श्रेय लेती है राज्य सरकारः भोला पांडेय

मेदिनीनगर। पलामू में लगातार कई वर्षों से जल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीण पानी के लिए अप्रैल के महीना में ही दूर-दूर भटक रहे हैं हर जगह पानी का लेयर छोड़ देने के वजह से पलामूवासी को जल के संकट से जूझना पड़ रहा है। वही बीते कुछ हपते पहले झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने 10 फरवरी को 456.6 करोड़ की लागत वाली पलामू पाइपलाइन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया था। इसी पर पलटवार करते हुए सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि केंद्र के योजनाओं का सिल्यानास कर खुद की विफलता को छुपा रही है राज्य सरकार, पलामू में एक पेयजल मंत्री भी है पर जल संकट पर पेय जल मंत्री कुछ भी नहीं कर रहे हैं, भोला पांडे ने कहा कि हमारे सांसद बीडी राम केंद्र से नई नई परियोजना को पलामू वासियों के लिए एक सौगात के रूप में दिलवाते है पर राज्य सरकार खुद कुछ काम नही करती और आरोप केंद्र पर लगती है।

कामेश्वर बैठा ने राजद से दिया इस्तीफा

मेदिनीनगर। कामेश्वर बैठा ने राजद से इस्तीफा दे दिया है। अब वे बसपा के टिकट पर पलामू से चुनाव लड़ेंगे। श्री बैठा 23 या 24 अप्रैल को नॉमिनेशन करेगे। कामेश्वर बैठा ने खुद फोन पर जानकारी दी. और कहा कि दलितों का नेता मैं हूं, ममता भुइयां नहीं। कामेश्वर बैठा झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर पलामू लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे. उन्होंने जेल से ही नामांकन दाखिल किया था और जीत हासिल की थी। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में हार गए थे।

सादगी से मनाई गई गिरवर सिंह की तृतीय पुण्यतिथि

मेदिनीनगर। चैनपुर स्थित किन्नी, कुँवर पिरथी नाथ सिंह बी.एड. महाविद्यालय में स्वर्गीय कुँवर गिरवर सिंह के तृतीय पुण्य तिथि सादगी से मनाई गई। संस्थान के अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह व सचिव अमिता कुमारी सहित सभी महाविद्यालय कर्मियों द्वारा बारी-बारी पुष्प अर्पित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह ने कहा कि बाबू जी हमलोगों के बीच नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व आज भी हमारे साथ है । इनके नाम पर कुँवर गिरवर सिंह महाविद्यालय का स्थापना का कार्य प्रगति पर है। जहाँ विभिन्न कोर्स का संचालन किया जाएगा । स्मरणीय हो कि इनकी पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में शनिवार के ही दिन 20 अप्रैल 2022 को श्री गिरवर सिंह सेवा संस्थान का स्थापना किया गया था। जो सिर्फ सेवा का कार्य कर रहा है।

दो अलग-अलग घटनाओं में छत से गिरकर एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर थाना क्षेत्र के मंझौली गांव निवासी 50 वर्षीय नकु यादव उम्र अपनी छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल के परिजनों ने इस घटना के बारे में बताया कि शुक्रवार की रात गर्मी के कारण नकु यादव अपने छत पर सोए हुए थे।आधी रात में उठकर वह छत से नीचे जा रहे थे, तभी छत से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी नकु यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं एक दूसरी घटना में हैदरनगर थाना

क्षेत्र के खडगड़ा गांव निवासी धर्मदेव मुसहर का 40 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र मुसहर तीन दिन पहले छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए हैदरनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया था। सदर अस्पताल में शुक्रवार की शाम इलाज के क्रम में धर्मेंद्र मुसहर की मौत हो गई। वहीं, मौत की सूचना मिलने पर आरजेडी नेता साहिल साहनी सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिले। मृतक के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद साहिल साहनी ने सिविल सर्जन से बात कर मोक्ष वाहन मंगवाकर मृतक के शव को गांव भिजवाया।

बाइक से गिरकर महिला घायल

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला निवासी अनिल प्रसाद की पत्नी 40 वर्षीय गुड़िया देवी उम्र 40 वर्ष शनिवार की सुबह बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो है। इस घटना के बारे में घायल के पति अनिल प्रसाद ने बताया की शुक्रवार की सुबह दोनों पति-पत्नी बाइक पर सवार होकर पांकी अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में पोखराहा गांव के पास बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच कर अपने देख देखरेख में घायल गुड़िया देवी का इलाज करवा रहे है।

एसपी के आदेश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर शहर के छह मुहान के पास शुक्रवार की रात ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया वाहन चालकों को पकड़ कर उनके कागजात की गहनता पूर्वक जांच की गयी। जांच के उपरांत जिन वाहन का कागजात सही नहीं पाया गया, उसे फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा दिया गया है। वाहन चेकिंग कर रहे ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते नजर आ रहे है बिना कागजात और हेलमेट के वाहन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि

पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ भी दिया जाता था, ताकि लोग अगले बार से हेलमेट पहनकर बाइक चलाएंगे, परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

गर्मी शुरू होते ही अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या, बीमारी से लोग परेशान

उपेन्द्र कुमार

मेदिनीनगर। गर्मी के इस मौसम में तापमान बढ़ने से लोगों की सेहत खराब होने लगी है। जी मचलना, उल्टी, सिरदर्द,पेट दर्द की शिकायत लेकर लोग सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं। बढ़ती गर्मी और तेज धूप के कारण मरीजों की संख्या बढ़ गई है। प्रतिदिन सदर अस्पताल के ओपीडी काउंटर में 200 से ढाई सौ लोग पर्ची बनाने पहुंच रहे हैं। तापमान में परिवर्तन का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। शनिवार को यहां का तापमान अधितम 43 डिग्री और न्यूनतम 25.3 मापा गया है। तेज गर्मी से लोगों की सेहत खराब होने लगी है। सदर अस्पताल सहित शहर के निजी अस्पतालों व क्लीनिक में सुबह से ही मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। इनमें ज्यादा संख्या छोटे बच्चों और महिलाओं की रहती हैं। मरीजों में ज्यादातर बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। लोगों को प्राथमिक स्तर पर ईलाज करने के बाद भी राहत नहीं मिलने पर वे सीधे प्राइवेट अस्पताल की ओर ईलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

गर्मी में जल संकट से बढ़ी परेशानी पानी की कमी से जूझ रही है बड़ी आबादी

सोमू गुप्ता

मेदिनीनगर। पलामू में करीब कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसका सीधा असर पलामू वासियों के जीवन पर पड़ रहा है। हालत है कि सुबह नौ बजे के बाद ही गर्म हवाएं चलने लग रही है। 9 बजे के बाद धूप व गर्मी असहनीय हो जाती है। इस समय लोगों को आवागमन कम हो जा रहा है। धूप व गर्म हवा से बचने के लिए लोग माथे पर तौलिया और गमछा डालकर निकल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को पलामू का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इधर, तापमान बढ़ने से पानी का लेयर का स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। पलामू में कई जगह जलस्रोत सूख रहे हैं। कई इलाकों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है तो कई जगह लोग पानी पीने के लिए तरस रहे हैं। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के ड्राइजोन बैंक कॉलोनी, निमियां, बैरिया, पहाड़ी मुहल्ला के झोपड़पट्टी, मुस्लिम नगर, बजराहा, आबादगंज, कांदू मोहल्ला के इलाके में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है शहर के वैसे इलाके, जहां जलापूर्ति की व्यवस्था है, वहां के लोगों को फिलहाल राहत है। लोगों की मानें तो पिछले वर्ष भी मार्च से जल संकट शुरू हो गया था।

शरीर में पानी की कमी होने के कारण तबीयत खराब होती हैः डॉ. आरके रंजन

सदर अस्पताल के चिकित्सक आरके रंजन ने बताया कि गर्मी के मौसम में एहतियात बरतने की आवश्यकता होती है। जहां तक संभव हो तेज धूप में जाने से बचें। यदि जाना आवश्यक हो तो अपने सिर और चेहरे को ढंककर ही निकलें। समय-समय पर पानी पीते रहें। शरीर में पानी की मात्रा कम होने के कारण ही तबीयत खराब होती है। यदि शरीर में पानी का स्तर बना रहे तो तबीयत खराब होने की आशंका नहीं रहती।

बाथरूम में पानी नहीं रहने से परेशानी

सदर अस्पताल में अपनी मां का इलाज कराने पहुंचे पेट्रोल पंप के संचालक राजेश श्राफ ने बताया कि गर्मी से अचानक मेरी मां का तबीयत खराब हो गयी। सिर दर्द, उल्टी और कमजोरी से मेरी मां का हालत खराब है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल जब वह अपनी मां के इलाज के लिए पहुंचे तो अस्पताल में कई समस्याओं से उन्हें जूझना पड़ा। उन्होंने बताया कि अस्पताल के बाथरूम में पानी दो दिन से नहीं है, जिसकी वजह से अस्पताल में भर्ती मरीज व उनके परिजनों को पानी के अभाव में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में पानी नहीं रहने का कारण अस्पताल के मैनेजर से पूछा गया तो मैनेजर ने बताया की मोटर जल गया है।

पलामू लोकसभा सीट पर तीसरे दिन भी नहीं हुआ कोई नामांकन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन शनिवार को पलामू लोकसभा सीट से एक भी नामांकन नहीं हुआ। मात्र एक फार्म की बिक्री हुई। एसयूसीआई (सी) से महेन्द्र बैठा ने नामजदगी के पर्चे खरीदे। तीसरे दिन भी नामांकन का पर्चा लेने के लिए निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन कार्यालय में मौजूद रहे, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर किसी उम्मीदवार ने नॉमिनेशन नहीं किया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार से नामांकन शुरू है। पिछले तीन दिनों के दौरान सात नामांकन पत्र बिके हैं। नामांकन 25

अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा समाहरणालय में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसे लेकर समाहरणालय और आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में महिला-पुरुष सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाए हुए हैं। नामांकन जांच यानी स्क्रुटनी 26 अप्रैल को और नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। काउंटिंग की तिथि चार जून निश्चित है। 13 मई को चौथे फेज में पलामू के साथ लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में भी मतदान कराया जाएगा। पलामू जिले में चौथे के साथ-साथ पांचवें चरण में भी चुनाव होगा। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को निर्धारित है। पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र के चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ने के कारण उसका चुनाव पांचवें चरण में होगा। पलामू संसदीय सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं जबकि चतरा के अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र पड़ते हैं। मतदाताओं की बात करें तो इस बार के चुनाव में पलामू में 17 लाख 1327 मतदाता हैं, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 08 लाख 20429 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 08 लाख 80 हजार 877 है।

एनपीयू में बिजली बहाल, दो दिनों से आपूर्ति थी ठप

बिजली के सिस्टम को देखने के लिए कोई कर्मी या अधिकारी नहीं है : कुलसचिव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय में शनिवार को बिजली बहाल हो गई। इस विश्वविद्यालय में पिछले दो दिनों से बिजली पूरी तरह से गुल थी। केबल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण बिजली नही थी। प्रभारी कुलसचिव डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने बताया के विश्वविद्यालय में बिजली बहाल हो गई है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के पास बिजली के सिस्टम को देखने के लिए कोई कर्मी या अधिकारी नहीं है। विश्वविद्यालय के सीसीडीसी अरविंद पांडे ने बताया कि विश्वविद्यालय की बिजली की समस्या के निदान के लिए करीब 6.45 लाख रुपए कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में जमा कर दिया गया है। यह राशि डीडी के द्वारा 13 सितम्बर 2023 को ही भेजी गई है। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने निश्चित रूप से 6 करोड़ 45 लाख 32282 रुपए जमा कर दिए हैं। यह राशि केबल बिछाने के लिए है और केबल बिछाने के लिए बिजली विभाग को तीन अन्य विभागों से अनापत्ति पत्र प्राप्त करना पड़ता है। यह अनापत्ति पत्र सड़क विभाग से, राज्य मार्ग से और मेदिनीनगर नगर निगम कार्यपालक से लेना पड़ेगा। श्री चौधरी ने बताया कि उन्होंने सड़क विभाग ,राज्य मार्ग और नगर निगम में पत्र भेज रखा है और उनसे अनुरोध किया है कि यह तीनों विभाग अपनी अपनी ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दें, ताकि बिजली विभाग जाकर विश्वविद्यालय के लिए जमीन के नीचे से बिजली के केबल को ले जा सके।

गर्मी को देखते हुए सरकारी और गैरसरकारी स्कूलों के समय में बदलाव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड में अत्यधिक गर्मी व लू को देखते हुए सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। कक्षा केजी से आठवीं की कक्षाएं 22 अप्रैल से सुबह सात बजे से 11.30 बजे तक चलेंगी। कक्षा नौ से ऊपर की कक्षाएं सुबह सात बजे से 12 बजे तक चलेंगी। इस बाबत शनिवार को आदेश जारी कर दिया गया है। झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह आदेश अगले आदेश तक लागू रहेगा। झारखंड हीट वेब की चपेट में है। तपती गर्मी से लोग परेशान है। स्कूली बच्चों की परेशानी भी बढ़ी हुई थी। मौसम के बदले मिजाज, अत्यधिक गर्मी व लू को देखते हुए झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव को लेकर शनिवार को आदेश जारी कर दिया। इसके अनुसार झारखंड के सभी कोटि के स्कूलों (सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त, प्राइवेट) में केजी से आठवीं की क्लास 22 अप्रैल से अगले आदेश तक सुबह सात बजे से चलेंगी और 11.30 बजे समाप्त हो जाएंगी। नौवीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह सात बजे शुरू होंगी और 12 बजे तक चलेंगी। अगले आदेश तक यह टाइमिंग जारी रहेगी।

गर्मी में पशु पक्षियों के लिए करें पानी की व्यवस्थाः मुकेश

मेदिनीनगर। समाज सेवी मुकेश कुमार गुप्ता ने तेज धूप व गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करने का लोगों से आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि गर्मी में पानी को अमृत के समान है। मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन पशु-पक्षी जब वे प्यासे होते हैं तो लोगों के घरों के सामने आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है।

पेयजल संकट — **714 सरकारी विद्यालयों के शौचालयों में नहीं है पानी की व्यवस्था**

सभी स्कूल प्रबंधन को पानी की व्यवस्था कराने का निर्देश : डीईओ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में 714 ऐसे सरकारी प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय हैं। जहां छात्र-छात्राओं के लिए अलग शौचालय तो है पर इन शौचालय में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। यह सभी 714 सरकारी विद्यालय जिले के 21 प्रखंडों में है। इस बात का पता तब चला, जब शिक्षा विभाग ने अपने अधिकारियों और कर्मियो की टीम से एक सर्वेक्षण कराया। यह सर्वेक्षण आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कराया गया था। इस सर्वेक्षण में यह पाया गया कि 714 ऐसे सरकारी विद्यालय

हैं। जहां लड़कियों और लड़कों के लिए अलग शौचालय तो जरूर है, लेकिन शौचालय में पानी उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में पलामू जिला के शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने कहा कि जिन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं

चुनाव के मद्देनजर सर्वेक्षण में यह पाया गया कि शौचालयों में पानी नहीं है

के शौचालयों पानी की व्यवस्था नहीं है। वहां स्कूल प्रबंधन को जल्द से जल्द इन शौचालयों में पानी की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है। श्री झा ने बताया कि स्कूल प्रबंधन को यह आश्वस्त किया गया है कि राशि की कोई कमी नहीं होगी, बल्कि स्कूल प्रबंधन शौचालय में लगातार पानी के रहने, बिजली की सुविधा, पेयजल की सुविधा के लिए राशि का उपयोग करें ,जिसे बाद में आवंटन आ जाने पर समायोजन कर दिया जाएगा। जिले में ऐसे करीब एक दर्जन से भी ज्यादा सरकारी मध्य विद्यालय हैं। जहां पानी का स्रोत सूख गया और ये विद्यालय इस समय मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। ऐसी ही एक मतदान केंद्र है उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरा कला का जहां चापानल सूख गया है।, एक दूसरा सरकारी स्कूल है जो नॉन प्राथमिक विद्यालय हैं अर्जुनडीह, यहां भी चापाकल खराब हैं और यहां के शिक्षकों ने चापाकल बनवाने की गुहार लगाई है। शहर के ही निमिया के बीसफुटा पुल के पास के एक सरकारी स्कूल में चापाकल सूख जाने के कारण पानी की घोर कमी हो गई है। जमूने में भी एक उत्क्रमित मध्य विद्यालय है, जहां पानी का स्रोत सूख चुका है। पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री झा ने कहा कि ऐसे सभी सरकारी स्कूल जहां पानी के स्रोत सूख गए हैं या चापानल खराब हो गए हैं। उन जगहों पर उसे ठीक करवाने का काम प्रबंधन को यथा शीघ्र ही करा लिया जायेगा। इसके लिए वे प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी और दूसरे अधिकारी से खासतौर से पेयजल विभाग से संपर्क बनाकर इन कमियों को दूर करने को कहा गया है।

एक नजर

अस्पताल में इलाज के दौरान हो 80 वर्षीय व्यक्ति की मौत

गढ़वा । चिनिया थाना क्षेत्र के खुरी गांव निवासी स्वर्गीय हरि यादव का पुत्र दशरथ यादव 80 वर्ष की मौत गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। घटना के संबंध में दशरथ यादव का पुत्र कैलाश यादव ने बताया कि खुरी गांव में दशरथ यादव को बुखार एवं दस्त हो रहा था। इसके बाद गांव के झोलाछाप चिकित्सक से उसका इलाज करवाया जहां झोलाछाप चिकित्सक द्वारा उसे इंजेक्शन पानी दवा दिया गया। लेकिन उसका कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उसे गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां 2 घंटे इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त, महिला सहित चार लोग घायल

गढ़वा। गढ़वा थाना क्षेत्र के जो जोबरइया गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों में ऊंटरी रोड थाना क्षेत्र के बंजारी गांव निवासी नारायण चौधरी का पुत्र प्रभु चौधरी उसकी पत्नी रमरतिया देवी उसका पुत्र रितेश कुमार चौधरी एवं उसका साला मेराल थाना क्षेत्र के करकोमा गांव निवासी राम गति चौधरी का पुत्र अजय कुमार चौधरी के नाम शामिल हैं सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में अजय कुमार चौधरी ने बताया कि 19 अप्रैल को उसकी बहन को शादी थी। इसमें उसका जीजा प्रभु चौधरी उसकी बहन रमरतिया देवी व उसका भांजा रितेश कुमार चौधरी शामिल होने आए हुए थे।

पेड़ पर चढ़कर डाली काटता हुआ व्यक्ति गिरकर घायल, भर्ती

गढ़वा । गढ़वा थाना क्षेत्र के पिपरा खजूरी गांव निवासी स्वर्गीय शेख कमरुद्दीन का पुत्र शेख सिराजुद्दीन पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि शेख सिराजुद्दीन घर के पास स्थित एक पेड़ पर चढ़कर उसकी डाली को काट रहे थे। इसी दौरान पेड़ से गिरकर घायल हो गए घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

कार अनियंत्रित होकर महुआ के पेड़ से टकराई पांच लोग घायल

श्री बंशीधर नगर । श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में आए दिन सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहली दुर्घटना बंशीधर नगर विशुनपुरा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की बीती रात जंगीपुर गांव के समीप एक कार अनियंत्रित होकर महुआ के पेड़ से टकराया। घटना के दौरान उक्त कार पर पांच युवक सवार थे। आस पास के लोगो ने कार में सवार लोगो को निकाल कर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। हालाकि पांच लोगो में तीन युवक घायल हुए। सबका इलाज किया गया। घायलों में सभी मझिआव थाना क्षेत्र के मझिआव निवासी राजेश विश्वकर्मा का 20 वर्षीय पुत्र रौनक विश्वकर्मा,अशोक सिंह का 20 वर्षीय पुत्र गोलू सिंह तथा करूई गांव निवासी अशोक सिंह का 21 वर्षीय पुत्र सुधाकर सिंह का नाम शामिल है।

अनुप्रिया बनी विद्यालय टॉपर

गढ़वा ।इस वर्ष बालिका उच्च विद्यालय रमना का मैट्रिक परीक्षा परिणाम 96.46 प्रतिशत रहा। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मदेव उरांव बतायें कि इस विद्यालय की कुल 283 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थी। जिसमें 273 छात्राओं नें सफलता प्राप्त की तथा 10 छात्राएं असफल हो गई। 86.60प्रतिशत अंक लाकर अनुप्रिया कुमारी विद्यालय टॉपर बनी। विद्यालय टॉप टेन में 83.80 प्रतिशत सुहानी गुप्ता दूसरा , 82.00 प्रतिशत गौरवी गुप्ता तीसरा , 82.00 प्रतिशत रागनी कुमारी चौंथा, 81.80 प्रतिशत जूही कुमारी पांचवां, 80.00 प्रतिशत झांसी कुमारी छठा, 79.60 प्रतिशत ब्यूटी कुमारी सातवां , 79.60 प्रतिशत सुष्मिता कुमारी आठवां , 78.20प्रतिशत खुशी गुप्ता नवां जबकि 77.80 प्रतिशत अंक लाकर दसवां स्थान हासिल करने में सफल हुई हैं। धर्मदेव उरांव ने छात्राओं की सफलता पर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामना दी है।

चिनियां में आक्रोशित हाथियों ने 57 वर्षीय व्यक्ति को कुचलकर मार डाला

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां । चिनियां थाना क्षेत्र के रंका रोड स्थित बड़का नाला के पास जंगल मे शनिवार की सुबह करीब 5:00 बजे जंगली हाथियों ने चिनिया के चिरका टोला निवासी दशरथ सिंह उम्र 57 वर्ष को कुचलकर मार डाला है, जिसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही चिनिया वन विभाग की टीम व पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का ज्याजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक के बड़े बेटे ने बताया कि हम सभी परिवार रोज की तरह जंगल में महुआ चुनने के लिए गए हुए थे तभी महुआ चुनने के दौरान ही हाथियों ने मेरे पिता को कुचल कर मार डाला हम लोग अपने आंखों से देखते रह गए लेकिन अपने पिता को बचा नहीं पाए और डर के कारण हम लोग वहां से अपनी जान बचाकर भागे और इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। जानकारी मिलते ही सैकड़ो

की संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस प्रशासन व वन विभाग को दी गई ?। हाथियों की संख्या लगभग 10 से 15 बताई गई हाथी अभी भी चिनीया चिरका के जंगल में विचरण कर रहे हैं, हाथियों के दहशत से आम ग्रामीणों में काफी डर देखा जा रहा है जबकि बीते रात ही हाथियों ने चिरका गांव निवासी अवधेश भुइंया के खपरैल घर को पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया है तजबकी रात में ही घर के परिवार अपने जान को बचाकर किसी तरीके से घर से भागे । पूछे जाने पर गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, हमारी टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। फिलहाल मृतक के परिजन को श्राद्ध कार्य के लिए 10000 रुपये के सहायता राशि दी गई है व मुआवजे की चार लाख रुपए की राशि कागजी प्रक्रिया के बाद अवीलंब परिजनों को दिया जाएगा । साथ ही उन्होंने कहा कि बेवजह लोग जंगल में न जाए, व हाथियों से छेड़छाड़ ना करें। जबकि हाथियों को भगाने की बात पूछे जाने पर चुप्पी साथ गए।

बता दू कि पिछले 9 महीने से हाथियों का चिनिया थाना क्षेत्र मे आतंक है हाथी लगातार जान माल का नुकसान पहुंचा रहे हैं और ग्रामीणों के द्वारा लगातार हाथियों को भगाने की मांग की जा रही है इसके बावजूद भी विभाग द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है । अभी तक हाथी दो दरजन मकान को क्षतिग्रस्त कर चुके हैं जबकि कई पशुवो को भी कुचलकर मार डाला है तथा किसानों के फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है । जिससे किसान व आम ग्रामीण काफी चिंतित है ।

मौके पर चिनीया पुलिस मौके पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार, प्रेमचंद दास, विपिन कुमार, हेमंत लकड़ा, चिनिया पुलिस सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार राणा,₹ कृष्ण कुमार शाह, राधेश्याम राम, सुखराव उरांव, सहित पुलिस बल के जवान व सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

सभी वार्डों में टैंकर से पानी बांटने को कार्यपालक को सौंपा आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

मझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारूतनंदन सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को आवेदन सौंपा है श्री सोनी ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है की नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में भीषण गर्मी एवम लू से चप्पाकल जलासतर काफी नीचे चला गया है जिसमे सभी वार्डों में पानी का भीषण संकट हो गया। वही नहाने तो दूर पानी पीने के लिए भी लोगों को उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे पानी को लेकर लोगों में चिंता व्याप्त है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में बहुत सारे छाप कल खराब पड़े हैं जिससे पानी के संकट को देखते हुए अभिलंब दुरुस्त कराया जाए ताकि आमजनों को पानी पीने एवम नहाने को सुविधा मिल सके। वहीं श्री सोनी ने कहा कि मनुष्य तो मनुष्य पशु

पक्षियों को भी पानी पीने का संकट हो गया हैं। वहीं उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी से नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में टैंकरों से यथाशीघ्र पानी बंटवाने को अपील किया हैं। वही श्री सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी से प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को शेष किस्त का राशि भुगतान करने को लेकर अनुरोध किया है ताकि प्रधानमंत्री आवास के लाभुक अपना आवास अभिलंब बना सके।

नगर उंटारी मार्ग पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग घायल

गढ़वा । नगर उंटारी मार्ग पर शनिवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के तीसर टैटूका गांव निवासी जोखू भुइया का पुत्र कुलदीप कुमार भुईया गोविंद भुईया का पुत्र बुधन कुमार भुईया एवं गढ़वा थाना क्षेत्र के झोतर गांव निवासी समारु राम का पुत्र अभिमन्यु कुमार राम के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि तीनों घायल एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीसर टेटूका गांव से गढ़वा थाना क्षेत्र के लगमा ब्रह्म स्थान में तिलक उत्सव में आए हुए थे। वापस घर लौट के क्रम में झलवा गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल एक साइकिल से टकरा गया। इससे मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने सभी घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

सत्य एवं अहिंसा के प्रवर्तक थे महावीर स्वामी : गणेश

लोहरदगा। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती मनाई गई।मौके पर आचार्य गणेश प्रसाद ने कहा भगवान महावीर सत्य एवं अहिंसा के प्रवर्तक थे। प्राणियों के प्रति दया भाव रखना श्रेष्ठ धर्म कहलाता है। सभी जीवों से प्रेम की भावना रखनी चाहिए। बारह वर्ष के तपस्या के पश्चात उन्हें ज्ञान मिला। मन वचन एवं कर्म से सत्य एवं अहिंसा के नियमों का पालन करते हुए सभी जीवो की रक्षा करनी चाहिए ।चोरी नहीं करना, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह के नियम का पालन करना अनिवार्य है। इस अवसर पर उमंग राज सिंगल द्वारा धर्म के प्रवर्तक महावीर स्वामी के जीवन पर भाषण प्रस्तुत किया गया। बहन माही कुमारी बहन अनन्या कुमारी के द्वारा महावीर जी की जीवनी पर छोटी कहानियां प्रस्तुत की गई । मौके पर त्रिलोचन साहू, अशोक कुमार सिंह द्वारा स्वामी जी की जीवन पर आधारित प्रेरक प्रसंग सुनाया गया। आचार्य रवि रंजन उपाध्याय द्वारा सत्य अहिंसा एवं दया की भावना के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जगदीश पांडे, अशोक साहू, सुनीता कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, दिव्या कुमारी,दीपिका कुमारी समेत अन्य आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित थे।

दो समुदायों में पूजा-पाठ को लेकर उठे विवाद को प्रशासन ने सुलझाया

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा । राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति केन्द्रीय महासचिव जालेश्वर उरांव ने बयान जारी कर अवगत किया कि लोहरदगा सदर प्रखंड के ग्राम कुजरा उरांव टोली स्थित मड़ई को लेकर दो समुदायों में पूजा पाठ को लेकर प्रशासन द्वारा विवाद को सुलझाया गया। ज्ञात है कि जिस मड़ई को लेकर विवाद हो रहा है। आदिवासी धर्म संस्कृति से जुड़ा मामला है। मानक पुस्तक उरांव रिलिजन एण्ड कस्टम के आधार पर निराकार एवं बिना आकृति का पूजा पाठ करने की पद्धति है। जिस मड़ई में सात प्रतीक रखा गया है। आदिवासी संस्कृति के अनुसार सभी देवी देवता गांव के बाहर अलग अलग जगहों में गांव के बाहर अपने सिमांन में स्थापित है। जैसे सरना स्थल, दरहा - देशवली, हरियरी, खरीयानी, कदलेटा, चण्डी, अखड़ा इत्यादि। सभी देवताओं को अलग अलग जगहों पर जाकर पूजा करने न जाना पड़े इसके लिए गांव के भुईहर खुटकटी जो गांव बसाया जो गांव के महतो,पहान, पूजार होते हैं, सुविधा के लिए शताब्दियों से गांव के बीच में सभी देवी देवताओं को गांव के नजदीक स्थापित कर गांव के पाहन द्वारा ही पूजा जाता रहा है।

मान्यता है कि छेड़ छाड़ करने से गांव अशांत हो जाती है। व्यक्तिगत रूप से पूजे जाने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है, परन्तु किसी समुदाय विशेष के पुरोहित के अगुवाई में पूजा जाना आदिवासी धर्म संस्कृति के विरुद्ध है। समय के नजाकत को समझते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन द्वारा मामले को विशेष समुदाय को सुझाव देकर शांत किया गया। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, लोहरदगा अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, एसआई गौतम कुमार व बड़ी संख्या में दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

210मरीजों की जांच कर दी गई दवा

भवनाथपुर। बीएसएल सेल, बोकारो स्टील प्लांट के भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान के सीएसआरके तहत शनिवार को अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी प्राथमिक विद्यालय मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 210 मरीजों को जांच कर दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माइंस अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार, सीएसआर विभाग के प्रभारी भगवान पाणिग्राही ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सेल, भवनाथपुर खदान अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर विजय कुमार राम के द्वारा सभी मरीजों को उचित जांच की गई ओर दवा दि गई।सभी का बीपी जांच और वजन किए गए और मुफ्त दवाएं दी गईं। कुल लाभार्थी-210में बच्चे-53, पुरुष-85, महिला-72 सामिल थी। इस मौके पर डॉक्टर विजय कुमार राम ने कहा कि इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सेल भवनाथपुर के महाप्रबंधक मनोज कुमार के मार्गदर्शन में किया गया ।निःशुल्क चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों और स्कूल छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना। इस क्षेत्र के गरीबों और वंचित लोगों को मुफ्त दवाओं का वितरण करना था।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर कि सफल आयोजन मे माइंस अस्पताल के मुकेश दुबे,अनिला मिंज, सरोज कुमारी,सुशील कुमार मिश्र ने योगदान दिए।

मैट्रिक में शत-प्रतिशत रिजल्ट आने से विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका गौरवान्वित

कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राएं आईं अव्वल

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी । धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी 10+2 आवासीय उच्च विद्यालय की छात्राओ ने मैट्रीक बोर्ड की परीक्षा मे शत-प्रतिशत रिजल्ट लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस संबंध मे विद्यालय की वार्डन कुमारी श्रद्धा पाण्डेय और शिक्षिका सबीना कच्छप ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया की कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय की कुल 90 छात्राओं ने इसबार मैट्रीक की परीक्षा मे शामिल होकर शत प्रतिशत रिजल्ट लाया है। उन्होने कहा की सविता कुमारी ने सबसे अधिक 380 अंक लाकर

विद्यालय मे सबसे प्रथम स्थान पर रही वहीं दुसरे स्थान पर दिव्या कुमारी 74.80 प्रतिशत के साथ कुल 374 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही इसी तरह ममता कुमारी ने विद्यालय मे 365 अंक प्राप्त कर 73 प्रतिशत

के साथ तीसरे स्थान पर रही। वार्डन और शिक्षिका ने बताया की विद्यालय की सभी छात्राओं ने पढ़ाई लिखाई मे खुब मन लगाकर अध्ययन किया जिसका नतीजा यह रहा की कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय का इस वर्ष रिजल्ट शत-प्रतिशत हुई है। उन्होने यह भी बताया झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय सगमा की सभी छात्राओं ने भी इसबार शत-प्रतिशत रिजल्ट लाकर स्कूल का नाम रौशन किया है। शिक्षिका ने बताया की इस वर्ष झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय सगमा से कुल 74 छात्राओ ने परीक्षा दिया है जिसमे शत-प्रतिशत रिजल्ट सभी छात्राओ ने लाए हैं। उन्होने बताया कि झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय सगमा से आरती कुमारी ने 82 प्रतिशत लाकर व सर्वाधिक 420 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है, वहीं प्रिती कुमारी 80.60 प्रतिशत के साथ कुल 403 अंक प्राप्त कर दुसरे स्थान प्राप्त किया है, और सोनी कुमारी ने 76.20 प्रतिशत के साथ कुल 381 अंक प्राप्त कर विद्यालय की तीसरी टॉपर छात्र बनी है।

वार्डन ने बताया कि कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय व झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओ ने इस बार मैट्रीक की परीक्षा मे सबसे बेहतर किया है। उन्होने कहा की मैट्रीक मे शत-प्रतिशत रिजल्ट आने से विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। बताया की उन्होने विद्यालय मे अध्ययनरत छात्राओ को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कर शिष्टाचार का पाठ भी छात्राओ को समय-समय पर पढ़ाया जाता है। वहीं आज विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्राओ के मेहनत लगन के बदौलत विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है।

बाइक दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल, मझिआंव सीएचसी में भर्ती

गढ़वा । कांडी थाना क्षेत्र के सरकी गांव निवासी जोखन खान का पुत्र इसरार खान मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि इसरार खान अपने बेटे के साथ अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर गढ़वा न्यायालय में किसी काम से आ रहा था। इसी दौरान मझिआँव थाना क्षेत्र के तलशबरिया गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया घटना के बाद उसे मझिआँव स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

न्यूज बॉक्स

95.6 प्रतिशत अंक लाकर साक्षी चौबे बनी टॉपर

श्री बंशीधर नगर । स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के सभी विद्यार्थी झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित दशम बोर्ड 2024 की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के टॉप टेन में साक्षी चौबे पिता ब्रजेश कुमार चौबे 95.6%, निशीबाला चौबे-पिता शशि मोहन चौबे 93.4%, प्रिया कुमारी पिता, मनोज पाल 93% आर्यन विभूति पिता पारस विभूति 93%,माही राज, पिता आनंद प्रसाद 92.8%, मुस्कान कुमारी पिता गोरखनाथ गुप्ता 92.6%,आरूषी कुमारी-पिता जितेंद्र प्रसाद 92.2%, शिवराज प्रसाद पिता ज्वाला प्रसाद 91.8%,मुस्कान सिंह,पिता राकेश सिंह 91.6%,रागिनी कुमारी,पिता धीरज कुमार 91.4%,ज्योति प्रिया पिता, ऋषिकांत प्रसाद गुप्ता 91.4% पलक पांडे पिता श्याम नाथ पांडेय 91.2% के नाम शामिल है। विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, अनिल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष श्री राजकुमार प्रसाद ने विद्यालय के बच्चों को शुभकामनाएं दी प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि अथक परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होती है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए .सभी को इस उत्तम रिजल्ट के लिए बहुत-बहुत बधाई। साक्षी चौबे पिता ब्रजेश चौबे माता किरण देवी का नाम हैं। साक्षी चौबे ने कहा कि मुझे यह सफलता माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ है। लगन से हर निरंतर प्रयास करते हुए हर सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं।

मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड टॉपर बनी अंजली कुमारी

खरौंधी। खरौंधी प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा की रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्र छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त करने के बाद काफी खुश दिखाई दिए। प्रखंड में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय अमरोरा की छात्रा अंजली कुमारी ने 93.6% अंक लाकर प्रखंड टॉप किया है। अंजली कुमारी मझिगावां निवासी मुनी प्रसाद गुप्ता की पुत्री है। प्रखंड टॉपर में द्वितीय स्थान स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय राजी की छात्रा पूजा कुमारी ने 92% अंक हासिल किया है.तृतीय स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय राजी के छात्र मंजीत कुमार ने 91% अंक प्राप्त किया है.इसी प्रकार चौथा स्थान उच्च विद्यालय खरौंधी की विद्या कुमारी ने 91% लाकर हासिल किया है.जबकि पांचवां स्थान उच्च विद्यालय खरौंधी के प्रियेश यादव ने 90.8 अंक लाकर हासिल किया है। छठा स्थान उच्च विद्यालय तोरेलावा के छात्र आशुतोष कुमार ने 90.2 अंक लाकर हासिल किया है.सांतवां स्थान उच्च विद्यालय खरौंधी के छात्र धर्मराज प्रसाद ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।आंठवां में उच्च विद्यालय खरौंधी के सोनू कुमार 87.8% अंक लाकर हासिल किया है.नौवां स्थान उच्च विद्यालय खरौंधी के अमित कुमार रावत ने 87.6%अंक लाकर कियाञ जबकि इसी विद्यालय के कस्तूरी अहमद ने 86%अंक लाकर दसवां स्थान हासिल किया है.इस बीच प्रखंड में उच्च विद्यालय खरौंधी के 98 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने सफलता हासिल किया है,जबकि स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय राजी के छात्र छात्राएं 95% सफलता हासिल की है। इस मौके पर प्लस टू उच्च विद्यालय राजी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह, उच्च विद्यालय तोरेलावा के प्रधानाध्यापक दिनेश ठाकुर, उच्च विद्यालय खरौंधी के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक, उच्च विद्यालय अमरोरा के प्रधानाध्यापक कान्हू रजक ने अपने अपने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

प्रोजेक्ट कन्या उवि भंडरिया की छात्रा नायशा कुमारी 446 अंक प्राप्त कर बनी प्रखंड टॉपर

भंडरिया (गढ़वा) । झारखंड अधिविध परिषद परीक्षा में स्थानीय पत्रकार देवानंद कुमार की पुत्री नायशा कुमारी प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय भंडरिया में अध्यतन छात्रा ने कुल 446 अंक प्राप्त कर 89.2% के साथ प्रखंड टॉपर रही। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के ही छात्रा कृष्णनंदन विश्वकर्मा की पुत्री आरती कुमारी ने 87% के साथ दूसरा स्थान प्राप्त की उत्क्रमित उवि के प्रसाद साव के पुत्र विकास साव ने86%के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।वहीं विनय साव के पुत्र चन्दन साव 85%,विजय साव के पुत्र रौशन साव82.80%,मनोज गुप्ता की पुत्री पुजा कुमारी80.80%,अमोद केशरी के पुत्री महिमा कुमारी80.80%,सतेंद्र केशरी की पुत्री प्रियंका कुमारी79.20%सभी उत्क्रमित उवि कुरुण के छात्र छात्रा। उत्क्रमित उवि मरदा के नन्हकू राम का पुत्र राजा कुमार83.80%,व उत्क्रमित उवि बघवार के धर्मदेव सिंह के पुत्री शुभद्रा कुमारी ने79.60%लाकर अपने अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त विद्यालय से कुल 27 में से 26 परीक्षार्थी परीक्षा दिए थे इसमें 11 छात्रा प्रथम स्थान तथा 15 छात्रा दुसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय का पासिंग प्रतिशत 100% रहा जो विद्यालय एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रखंड टॉपर छात्रा नायशा कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता निशा कुमारी के साथ साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र तिवारी शिक्षक दयाशंकर यादव, प्राण कृष्ण बंगाली, सुषमा गायत्री, सिलमनी भेंगरा तथा ट्यूशन शिक्षक शिवम शेखर पति को दिया।अति सुदवर्ती क्षेत्र उत्क्रमित उवि कुरुण के छात्र छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश सिंह की कड़ी मेहनत को देते हुए कहा की अगर हर सुदवर्ती क्षेत्र के विद्यालय में रमेश सर की तरह शिक्षक हो तो सरकारी विद्यालय के भी बच्चे निजी विद्यालय के बच्चे की तुलना में अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त
का कार्यालय, लातेहार
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail id:- dy.eolatehar1@gmail.com

–::आदेश::–

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं गरिमा सिंह (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के निमित्त दिनांक 10.05.2024 से मतदान प्रक्रिया की समाप्ति तक लातेहार जिला अन्तर्गत सभी अधिसूचित मतदान केन्द्रों/इंटरमीडिएट स्ट्रॉग रूम के रूप में चिन्हित भवनों को कैम्पस/उपस्कर सहित अधिग्रहण करती हूँ। साथ ही सभी संबंधित कार्यालय प्रधान को आदेशित करती हूँ कि वे संबंधित भवनों को चुनाव कार्य हेतु जिला प्रशासन, लातेहार को (उपस्कर सहित) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR 323940 Latehar(24-25)D

एक नजर

युवक ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

गढ़वा । मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरवे गांव निवासी स्वर्गीय जटू बैठा का पुत्र विजय बैठा कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध मे परिजनों ने बताया कि विजय बैठा अपने साली के शादी में पलामू जिले के जपला गया हुआ था जहां साली के जयमाला कार्यक्रम के दौरान शराब के नशे में मंच पर चढ़कर डांस कर रहा था मंच पर का भी भीड़ होने के कारण उसका साला उसे नीचे उतरने के लिए कहा था इसी बात को लेकर उसने अपने साल के साथ नोक झोंक कर लिया इसके बाद आक्रोशित होकर सुबह बिना किसी को बताएं अपने घर आ गया इसके बाद उसने कीटनाशक खा लिया घटना की जानकारी मिलने के बाद उसके परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

बाइक दुर्घटना में रंका थाना क्षेत्र के कंचनपुर निवासी घायल

रंका थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी रामपति राम का पुत्र मानिक राम एवं बेलवा दामर गांव निवासी इंद्रजीत भुइयां का पुत्र नंदकुमार मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में मानिक राम ने बताया कि दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से न्योता पुराने के लिए चिनिया थाना क्षेत्र के तांबे गड़ा गांव गया हुआ था। वापस लौट के क्रम में कंचनपुर गांव के पास है उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया घटना के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

साप्ताहिक बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

लोहरदगा। पेशरार प्रखंड स्थित साप्ताहिक बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाता मार्गदर्शिका पोस्टर पंपलेट वितरण कर लोगों को दिनांक लोहरदगा जिला में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत दिनांक 13 मई को लोहरदगा में होने वाले मतदान हेतु प्रेरित किया गया।
वोट देने के लिए स्थानीय गीत संगीत के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया।
अभियान में मुख्य रूप से स्वीप कोषांग लोहरदगा की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा व टीम , प्रखंड विकास पदाधिकारी पेशरार एवं काफी संख्या में पेशरार के ग्रामीण उपस्थित थे।

बस लूटने की योजना विफल, एक अपराधी को यात्रियों ने दबोचा

बदमाशों ने बस पर की फायरिंग,बाल-बाल बचे यात्री

उपचालक को अपराधियों ने सिर पर वार कर किया घायल

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर अमझारिया घाटी के समीप शुक्रवार रात्रि लगभग 8.30 बजे अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने रांची से डालटनगंज जा रही राजा साहब नामक यात्री बस को लूटने का असफल प्रयास किया। बस के उपचालक ने हथियारबंद लुटेरों को पकड़ने का प्रयास किया,लुटेरों और बस के लोगों के बीच धरपकड़ में दो अपराधी भागने में सफल रहे जबकि एक अपराधी को यात्रियों ने पकड़ कर चंदवा थाना ले आये। और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। लुटेरों और बस के लोगों के बीच हाथापाई में अपराधियों ने पिस्टल के बट से बस के उपचालक के सिर पर वार किया जिसमें उपचालक घायल हो गया है। बस स्टाफ और बस में सवार यात्रियों ने बताया कि जान बचा कर भाग रहे अपराधियों ने बस पर दो से तीन राउंड फायरिंग भी की है। जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ,गोली बस के दरवाजे और साइड मिरर में लगी,घाटी में पहले से तैनात अपराधियों ने बस पर पथराव भी किया जिसमें बस का पिछले भाग में लगा सीसा टूट गया है। घटना के संबंध में बस उपचालक ने बताया कि तीन युवक रांची से टिकट लेकर बस में सवार हुए थे।बस जैसे ही अमझरिया घाटी से नीचे पहुंची तो उनलोगों ने बस रोकने को कहा। बस के रुकते ही अगल बगल से पांच छह लोग और गाड़ी के समीप आ गए। एक अपराधी ने उप चालक के गर्दन के पास हथियार के बट से वार कर घायल कर दिया और बस को अपने कब्जे में करने की कोशिश करने लगे। मौके की नजाकत को समझते हुए बस चालक गाड़ी को लेकर वंहा से भागने लगा। इसी क्रम में एक युवक को यात्रियों ने दबोच लिया और उसे लेकर चंदवा थाना पहुंच गए। बस में सवार लोगों में भय व्याप्त था लोग बिना सुरक्षा के आगे सफर करने को तैयार नहीं थे।इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने कहा है कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जायेगा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एसडीओ ने किया निरीक्षण

महुआडांड़। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एसडीओ रतन कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद डॉ रवि कुमार से अस्पताल में सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का जानकारी ली। दवाओं के स्टॉक पंजी को जांचा। इस दौरान उन्होंने प्रसव कक्ष, मरीजों की संख्या, प्रसूति महिलाओं को भोजन मेनू के अनुसार दिए जाने आदि की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही कई दिशानिर्देश भी दिए। एसडीओ श्री सिंह ने बताया कि औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अस्पताल मे सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ लोगों को मिल पा रहा है या नहीं, दवा उपलब्ध है या नही समेत कई जानकारी लेनी थी।

न्यूज बॉक्स

चाणक्य क्लास सेंटर का अभिषेक बना प्रखंड टॉपर

बरवाडीह। मैट्रिक 2024 के रिजल्ट में प्रखंड के चाणक्य क्लासेस के कई सारे विद्यार्थियों ने टॉपर के लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया है. जिसमें अभिषेक कुमार 94% लाकर जहां प्रखंड टॉपर रहा है वही अदिति कुमारी 89.80% ,संगीता कुमारी 89.60% ,आशीष प्रजापति 88.80% ,दिनकर कुमार 87% ,नबील अहमद 83% ,अंकित कुमार 81.40% ,सलोनी बैक 81.80% ,शीतल कुमारी 81.40% ,अंकित ठाकुर 80.40% लाकर अपने माता पिता तथा गुरुजनों का मान सम्मान बढ़ाया है. कोचिंग सेंटर के टॉपर रहे छात्र छात्राओं ने शिक्षक आशीष कुमार विश्वकर्मा एवं देव प्रकाश यादव का भी मान बढ़ाया है. कोचिंग सेंटर के शक्षकों ने सफल छात्र-छात्राओं का उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं.वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सागर कुमार वर्मा ने मैट्रिक में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र को बधाई देते हुए कहा कि आपको खुद पर और आपने आप को जो कुछ भी हासिल किया है उस पर हम सभी को बहुत गर्व होना चाहिए।मैं आपके करियर के अगले भाग में और भी अधिक सफलता की कामना करता हूँ. जिंदगी का असली उड़ान बाकी है जिंदगी के कई इम्तिहान बाकी है अभी तो नापी है मुट्ठी पर जिंदगी आपने अभी तो सारा आसमान बाकी है। आप सभी छात्र छात्राओं को फिर से बधाई हो।

महुआडांड़ उर्स कमिटी ने किया विचार विमर्श, लोकसभा चुनाव के देखते हुए कव्वाली के आयोजन को किया गया स्थगित

महुआडांड़ । महुआडाड प्रखण्ड के परहाटोली पंचायत अंतर्गत ग्राम नगर प्रतापपुर में स्थित अनजान शाह दाता के मजार पर हर वर्ष 26 अप्रैल को उर्श के मौके पर कव्वाली का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव को देखते हुए कव्वाली के आयोजन को स्थगित कर दिया गया गया है। इस वर्ष शुक्रवार के दिन उर्स मुबारक होना है। जिसे लेकर उर्स कमिटी के अध्यक्ष मो मुस्तकिम के द्वारा लोगों से विचार विमर्श किया गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विचार विमर्श के उपरांत हर वर्ष होने वाले कव्वाली को स्थगित कर दिया गया है।उस दिन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में नियम अनुसार सुबह सात बजे मजार पर चादर पोशी होगी, मिलाद खानी, कुरान खानी,किया जाएगा। वहीं ग्यारह बजे से लंगर वितरण कार्यक्रम का आयोजन होना है। विचार विमर्श करने में मुख्य रूप से मोहम्मद आजाद अहमद, मो नसीम अंसारी, शिवनाथ प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, मोहम्मद हबीबुल्लाह खान उर्फ हबलू, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

जल जीवन मिशन योजना में अनियमितता नहीं पहुंच रहा है घरों में पानी

बारियातू । प्रखंड क्षेत्र के साल्वे गाँव के गजुआ टोला मे लगा जल जीवन मिशन योजना के तहत लगा जलमिनार अनियमितता के भेंट चढ गया है। इस टोला मे लगभग पचीस घरो के लिए सरकार के महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल के अंतर्गत जलमिनार लगाया गया था। लेकिन अनियमितता का भेट चढ गया। इस टोले मे लगभग 25 मे से 15 घरो मे ही जल पहुँच रहा है। वह भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुचता है । जबकि 10 घरो पर विल्कुल पानी नही पहुंचता है । इस सम्बन्ध मे ग्रामीण जगदिश गंझु, दसरथ गंझु, रमेश गंझु, मनोज गंझु, सुरेंद्र गंझु, गोविन्द गंझु, लुरक गंझु, गुडे सर गंझु सहित कई ग्रामीण ने बताया कि इस संबंध मे संबंधित संवेदक को कई बार सुचना दे चुके है फिर भी इस पर काम नहीं हुआ है ग्रामीणों का कहना है कि इस टोला मे एक छोटा टंकी के सहारे सभी 25 घरो को पानी देने का निरर्थक प्रयास किया गया। लेकिन इसी कारण सभी घरो पर पानी नही पहुँच रहा है । ग्रामीणों ने बढते हुए गर्मी के प्रकोप को देखते हुए विभाग से पेयजल जल की समस्या का निराकरण करने का आग्रह किया है।

ब्राइट कोचिंग सेंटर के 60 में 53 छात्र मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से हुए उतीर्ण, अन्य को द्वितीय श्रेणी

प्रतापपुर (चतरा)। झारखंड मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2024 में प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में संचालीत ब्राइट कोचिंग सेंटर में अध्ययनरत 60 में 53 छात्र प्रथम श्रेणी व शेंष द्वितीय श्रेणी से सफलता प्राप्त की है। ब्राइट कोचिंग सेंटर में तैयारी करने वालों में रानी कुमारी, चांदनी कुमारी, कंचन कुमारी, कल्पना कुमारी, रीवा कुमारी, खुशबू कुमारी, रंजू कुमारी, पूजा कुमारी, प्रीति कुमारी, रिंकी कुमारी, सोनी कुमारी, शीतल कुमारी, अर्चना कुमारी, पुष्पा कुमारी, रानी कुमारी, किरण कुमारी, श्रुति कुमारी, रंज कुमारी, नीतू कुमारी, नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, रंजू कुमारी, पम्मी कुमारी, सिंकु कुमारी, मंजू कुमारी, संजीत कुमा श्याम कुमा मनीष कुमा संदीप कुमा कुंदन कुमा सत्यम कुमा नितीश कुमा अंकित कुमा रुपेश कुमा, राहुल कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, मोहम्मद हुजैफा, फरदीन खान, मोहम्मद अब्दुल, विक्रम कुमार, प्रिंस कुमार, निखिल कुमार, राहुल कुमार, नितीश कुमार, अमरेश कुमार, रंजीत कुमार, उपदेश कुमार, मोहम्मद वजीर, प्रिंस कुमार और रुपेश कुमार आदि ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में प्रथम स्थाना प्राप्त कर कोचिंग के साथ विद्यालय व क्षेत्र का नाम रौशन किया है। सफल छात्र-छात्राओं में किसी ने प्रशासनिक अधिकारी, तो किसी ने पुलिस सेवा व सैना में जाकर देश की सेवा करने की बात कही। वहीं कुछ छात्रों ने डॉक्टर, इंजीनियर और राजनीति में भी जाकर देश की सेवा करने की इच्छा जाहीर की। कोचिंग संचालिका श्रुति रानी ने कहा कि प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में लगभग 10 वर्षों से कोचिंग के माध्यम से बच्चों को मैट्रिक की तैयारी कराई जा रही है और हर वर्ष यहा के बच्चे नया कीर्तिमान स्थापित करते रहे हैं। ब्राइट कोचिंग सेंटर वर्तमान में बैंक ऑफ इंडिया के समीप संचालित है।

चोरी गई बाइक लावारिस अवस्था में कहुआ घाट से बरामद

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित रामनवमी मेलाटांड़ से गुरुवार को अज्ञात चोरों ने बाइक जेएच 13 डी 4516 की चोरी कर ली थी। बाइक मालीक काफी परेशान हुआ और काफी तलाश की पर बाइक का पता नहीं चल पाया। जिसे लेकर थाना में भी आवेदन दिया गया था। वही चोरी हुई बाइक शनिवार को थाना क्षेत्र के ही कहुआ घाट में लावारिस अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसे देख महुआ बिन रहे लोगों ने पत्रकार को सचना दी। उसके बाद पत्रकार के सहयोग से बाइक मालीक को बाइक सुरक्षित मिल गया। जबकि बाइक चोरों ने मोटरसाइकिल से बैटरी निकालकर व बाइक को छतिग्रस्त भी कर दिया। बाइक गिद्धौर के नीचे टोला निवासी दशरथ राणा की है। उन्होंने बताया कि बीते गुरुवार की शाम गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित रामनवमी मेलाटांड़ मेला देखने गए थे। मेला देखकर वापस बाइक के पास पहुंचा तो बाइक नही है। उसके बाद अज्ञात चोर के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया था।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ले रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकियाकृत मध्य विद्यालय में शुक्रवार देर शाम रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी राकेश सहाय, मुखिया निर्मला देवी, उप मुखिया मंजू देवी सहित अन्य मौजूद थे। चौपाल में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। उपस्थित मतदाताओं से कम से कम 80 प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। बीडीओ व सीओ ने कहा कि आपके एक-एक मत से लोकतंत्र मजबूत होगा। लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित जन समूह से मतदान के प्रति जागरूक रहते हुए, मतदान के दिन पहले मतदान, फिर जलपान करने का आह्वान किया। उपस्थित मतदाताओं ने एक स्वर में मेरा वोट मेरा अधिकार का भी नारा बुलंद किया। मतदाताओं ने 20 मई को पहले मतदान करने की शपथ ली। कार्यक्रम में प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी, रंजन कुमार, मनोज कुमार वर्मा, प्रियंका प्रिया सहित अन्य उपस्थित थे।

क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के निदान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे : केएन त्रिपाठी

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को महागठबंधन से कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने महागठबंधन के सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक कर क्षेत्र के बुनियादी समस्याओं के निदान के लिए खतियानी स्थानीय उम्मीदवार को मजबूती के साथ एकजुट होकर वोट देने की अपील किया। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी वे मंडल डैम का निर्माण कार्य शुरू करने, बेरोजगारी, सिंचाई जैसी अन्य बुनियादी समस्याओं को लेकर आंदोलन करते रहे हैं। इस बार आप सभी का सहयोग मिला तो क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करूंगा । उन्होंने कहा कि बाहरी उम्मीदवार रहने के कारण पूर्व के सांसद द्वारा क्षेत्र के लोगो को लगातार दस वर्षो तक पूरी तरह ठगने का काम किया गया।इसलिए इस बार आप लोग एकजुट होकर बाहरी उम्मीदवार के झांसे में न

आकर स्थानीय उम्मीदवार को जिताने का काम करे । उन्होंने महागठबंधन के सभी दल के नेताओं से 30अप्रैल को महागठबंधन प्रत्याशी केनामांकन करने की बात करते हुई। नामांकन में सभी नेताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुई कांग्रेस जिलाअध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने भी महा गठबंधन के सभी साथियों से एक जुट होकर कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को जिताने की अपील किया। मौके पर महागठबंधन के राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, 20 अध्यक्ष सह राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मोहम्मद नसीमअंसारी, युवा कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह , मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, मुक्तिमोर्चा वरीय नेता शशि भूषण तिवारी, भाकपा माले के प्रखंड सचिव कमलेश सिंह,राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य प्रसाद यादव,पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत कुमार राजू, गोपाल राजवंशी, प्रेम कुमार सिंह, मो. असलम खान, निजाम अंसारी, विरेंद्र सिंह समेत महा गठबंधन के कांग्रेस, राजद, जेएमएम, माले के काफी संख्या कार्यकताओं शामिल थे।

मुखिया ने जगह-जगह रखवाए शीतल पेयजल के मटके

कुंदा(चतरा)। भीषण गर्मी को देखते हुए कुंदा प्रखंड अंतर्गत कुंदा मुखिया मनोज साहू ने आम जनमानस को शीतल पेयजल उपलब्ध करने के उद्देश्य से पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शनिवार को शीतल पेयजल के मटके रखवाये। मुखिया ने काहा की गरमी के दस्तक से आम जनजीवन अस्त व्यस्त है, लोग अपने कार्य को लेकर पंचायत व प्रखंड मुख्यालय पहुंचते रहते हैं, इसी को देखते हुए पंचायत क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मटके वाले शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई गई है, ताकी आस-पास के अलावे राहगीरों व स्कूली बच्चों को पानी पीने में सहूलियत हो। मुखिया ने कुंदा बस स्टैंड, अंबडेकर चौक, अस्पताल सह बैंक चौक, बेल चौक व नीचे टोला चौक पर पेयजल की व्यवस्था करायी है। उक्त कार्य मुखिया अपने निजी खर्च से विगत चार वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं। इस कार्य के शुभारंभ पर मुखिया ने स्वंय राहगीरों को पानी पिलई।

नवनिर्मित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए विहिप प्रांतीय अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा । भौरों ग्राम के देवी मंडप चौक में नवनिर्मित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में विश्व हिंदू परिषद झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, देवी सिंह प्रांत संगठन मंत्री एवं डॉक्टर ललन कुमार शर्मा महामंत्री एकल अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मंदिर निर्माण में इन सबों का अहम भूमिका रहा। उनके द्वारा मंदिर में

श्री हनुमान जी की प्रतिमा का सहयोग किया गया। जिससे कि भौरों के ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा। उनकी उपस्थिति में भौरों के ग्रामीणों के द्वारा फूल माला पहना कर इनका स्वागत किया गया। विश्व हिंदू परिषद एवं एकल अभियान के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके बारे में चंद्र कांत रायपत के द्वारा जानकारी दी गई। भौरों में भी सभी योजनाओं की जल्द शुरूआत करने की बात कही गई। मौके पर भौरों के बादल प्रजापति, उमेश प्रजापति रमन साहू आदि उपस्थित हुए।

आरजेडी जिलाध्यक्ष के बदले सुर, कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में उतरे

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

आजेडी के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार यादव अपने समर्थकों व पार्टी कार्यकताओं के साथ शनिवार को उत्सव पैलेस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा की चतरा में राजद का जनाधार है। लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा गठबंधन में चतरा सीट कांग्रेस को दे दिया गया है, जिसके वजह नेता कार्यकर्ता में रोष है। उन सभी के आक्रोश को जल्द ही मिल बैठ कर पाट लिया जायेगा। वहीं कल जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव अपने जिले के कुनबा को लेकर विरोधी खेमा में बैठ विरोध कर रहे थे। वहीं आज न जाने क्या मजबूरी हुई कि आनन फानांन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई देनी पड़ी। यही नहीं उन्होंने ने भी कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में कमान संभाल लिए। जबकी लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश महासचिव अरुण कुमार यादव ने चतरा विधान सभा की कमान संभलते हुए कहा कि चतरा से महा गठबंधन प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। पार्टी नेताओं ने साथ ही कहा कि सभी आक्रोशित कार्यकताओं को जल्द ही मिल बैठ कर पाट लिया जायेगा। मौके पर प्रदेश सचिव राजद दीपक कुमार साहू, प्रदीप कुमार शर्मा प्रभारी चतरा, सैयद अजीम उद्दीन ख्वाजा कार्यालय प्रभारी चतरा आदि उपस्थित थे।

आग लगने से एनटीपीसी पावर प्लांट को करोड़ों का नुकसान

कंपनी ने अगलगी को लेकर जारी की गाइडलाइन

रेस्क्यू वाहन खड़े करने के लिए 12 मीटर चौड़ी व ठोस सड़क की व्यवस्था आवश्यक होगी

नवीन मेल संवाददाता

चतरा/टंडवा। जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित एनटीपीसी पावर प्लांट परिसर स्थित यार्ड नंबर सात के समीप बीते दोपहर अचानक आग लग गई थी। जिससे पांच किमी दूर तक धुएं के काले बादल गए थे। हालांकी इस घटना में जानमाल की कोई क्षति तो नहीं हुई, पर कंपनी को करोड़ों का नुकसान हुआ है। शुक्रवार को दिन के करीब दो बजे प्लांट परिसर में अचानक आग की लपटें उठने से अफरा-तफरी मच गयी। आग पर काबू पाने के लिये आठ दमकल लगाये गये थे, पर तेज धूप में तेज हवा और परिसर में घास-फूस से दमकल टीम को काबू पाने में घंटों

लग गये। आग के प्लांट के टर्बाइन के डिब्बे में बंद मोबिल, डीजल और तेल में लग जाने के कारण आसपास के क्षेत्र में गहरे काले रंगा का धुआं फैल गया। बताया जाता है कि धुआं यहां से पांच किमी दूर केरेडारी तक पहुंच चुका था। परियोजना अधिकारियों के अनुसार 95 फीसदी आग पर काबू पा लिया गया है। जल्द ही धुआं उठना बंद हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार प्लांट बना रही भेल कंपनी के यार्ड में सबसे पहले आग की लपटें देखी गई। वहीं कंपनी ने अगलगी को लेकर गाइडलाइन जारी कर दिया है। जारी गाइडलाइन के अनुसर अपार्टमेंट व बहुमंजिली इमारत के निर्माण में वैकल्पिक सीढ़ियों की व्यवस्था, आपातकालीन सूचना देने वाला यंत्र लगा होना चाहिए, अग्निशमन के लिए होजरी और हाइड्रेट अनिवार्य रूप से संचालित हो, अपार्टमेंट की लॉबी में फायर चेक डोर की व्यवस्था, सुरक्षित रिफ्यूज एरिया, अपार्टमेंट व बहुमंजिली इमारत तक अग्निशमन गाड़ियों के पहुंचने का रास्ता, अपार्टमेंट में पर्याप्त जल भंडारण और पंपिंग की व्यवस्था, आपातकाल स्थिति में वैकल्पिक पावर की व्यवस्था, फायर सर्विस इनलेट और स्वचालित स्प्रिंकलर सिस्टम जरूरी, भवन में तड़ित चालक भी अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए तथा अपार्टमेंट के सामने अग्निशमन व रेस्क्यू वाहन खड़े करने के लिए 12 मीटर चौड़ी व ठोस सड़क की व्यवस्था अवश्यक होगी।

एक नजर

25 अप्रैल तक भर सकेंगे नामांकन प्रपत्र

लोहरदगा। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर लोहरदगा में होने वाले निर्वाचन प्रक्रिया की अधिसूचना गुरुवार को ही जारी कर दी गयी है। इसके तहत प्रत्याशी दिनांक 25 अप्रैल 2024 तक अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 26 अप्रैल को होगी। वहीं प्रत्याशी अपना नाम वापस 29 अप्रैल 2024 तक ले सकेंगे। उक्त जानकारी जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई है।

मूर्ति विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा संपन्न

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा ठाकुरबाडी प्रांगण में जगन्नाथ महाप्रभु पूजा समिति के द्वारा चैती दुर्गा पूजा का मूर्ति विसर्जन के साथ समापन किया गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान भक्तो ने माता रानी की जय, जय माता दी,अम्बे मईया का जयकारा लगा रहे थे। चैती नवरात्र के अवसर पर सप्तमी से मां दुर्गा लक्ष्मी सरस्वती गणेश और कार्तिक भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही थी। जिसे शुक्रवार शाम को सेन्हा प्रखंड बस्ती के बांध टोली स्थित बांध में हर्षोल्लास व उमंग के साथ भक्तों द्वारा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर रामहरि महतो,नंदलाल महतो, कृष्णा पाठक, उज्जवल पाठक, सिद्धार्थ पाठक, संदीप महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

पुलिस ने किया शव बरामद, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा

गुमला । गुमला जिला अंतर्गत बसिया थाना पुलिस ने बसिया थाना स्थित केवागडा कोनवीर पक्की सड़क से बसिया थाना पुलिस ने एक शव बरामद किया और बसिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को बसिया थाना के एसआई बुधदेव उरांव अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर, पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

मामूली विवाद में तीन लोगों ने एक व्यक्ति को पीटा, केस दर्ज

गुमला । शहर के बाजार टांड़ में शनिवार को बाजार टांड़ चांदनी चौक निवासी 46 वर्षीय अनिल कुरैशी को तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना बाद घायल को इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया। शनिवार को वह अपने दुकान जा रहा था। तभी दुकान के समीप एक रिक्शा वाला सब्जी उतार रहा था। वह रिक्शावाला को सड़क से किनारे रिक्शा करने के लिए बोला।तभी बाजार टांड़ कसाई मोहल्ला निवासी तबरेज परवेज और टन्ना जो वहां सब्जी बेचते हैं। अनिल कुरैशी के साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद तीनों पर केस दर्ज किया गया है।

वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए महिलाओं एवं नव मतदाताओं को करें प्रेरित

नवीन मेल संवाददाता

गुमला/लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी की चुनावी बैठक होटल सभेकर में आयोजित हुई। जिसमें लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संचालन समिति के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में लोहरदगा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारी को भाजपा प्रत्याशी समीर गांव को भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हिंदुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं सुदृढ़ नेतृत्व ने पिछले 10 वर्षों में देश ने जिस प्रकार का व्यापक परिवर्तन देखा है वह अपने इस बात की गारंटी है कि आने वाला समय में भारत एक नई ऊंचाइयों को छूने को तैयार है। एक विकसित भारत बनने को तैयार है, मोदी ने 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला, भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हुई, धारा 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर में शांति व्यवस्था बहाल हुई,भाजपा के शासन में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई,महिलाओं के लिए देश के उच्च सदन में 33% आरक्षण मिला, अल्पसंख्यक महिलाओं को ट्रिपल तलाक से आजादी मिली आदि अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए। वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए नव मतदाताओं और महिलाओं को प्रेरित करें। वहीं बैठक में प्रदेश महामंत्री सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी मनोज सिंह, जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि 24 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव निर्वाचन पदाधिकारी गुमला के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन जुलूस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा लोकसभा के संयोजक मुनेश्वर साहु सहसंयोजक सन्नी टोप्पो, गुमला, सिसई-बिशुनपुर-लोहरदगा-मांडर विस प्रभारी श्रीचंद प्रजापति, अनूपचंद्र अधिकारी, भूपन साहू, कमलेश उराव, ओम प्रकाश सिंह विनोद कुमार, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, गुमला भाजपा जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, लोहरदगा भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, राजमोहन राम ,एडवर्ड सुरीन,सविंद्र सिंह भिखारी भगत,सत्यनारायण पटेल यशवंत सिंह, लालमोहन साहू, संजय सिंह रविंद्र सिंह एडवोकेट, निर्मल गोयल, अरविंद मिश्रा, बालकेश्वर, संदीप साहू सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

8वीं की छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

गुमला । गुमला जिला अंतर्गत भरनो थाना स्थित मठतुरीअंबा ग्राम में नानी के घर में रहकर 8 वीं की पढ़ाई करती थी। छात्रा ने फांसी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा के अपने माता-पिता दूसरे राज्य में मजदूरी करने गए हुए हैं। छात्रा अपनी नानी के घर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। बाद में घटना की सूचना भरनो थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही भरनो थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं। भरनो पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर हुई प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक

गुमला । लोहरदगा लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रखंड कांग्रेस कमिटी घाघरा की बैठक शनिवार को उत्सव संगम बैंक्विट हॉल में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने किया। बैठक में बिशुनपुर विधानसभा प्रभारी जगदीप भगत मुख्य रूप से उपस्थित हुए प्रभारी ने दोनों मंडल अध्यक्ष सभी पंचायत अध्यक्ष से अपने अपने बूथ की जानकारी ली और कहा बूथ कमिटी को पंचायत अध्यक्ष मिलकर मजबूत करे। अरुण पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी समुदाय को लेकर चलती है। पहला चरण चुनाव में इंडिया गठबंधन को भारी मत मिला है। जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा ने कहा कि इंडिया महागठबंधन के मेनो फेस्टो को घर घर बताने कि जरूरत है मनरेगा जैसी महत्वकांक्षी योजना मजदूरी 400 रुपया प्रतिदिन, महिलाओ के खाते में एक लाख रुपया, तीस लाख नौकरी, किसान ऋण माफी कांग्रेस जो वादा करती है वे पूरा करती है। सहजाद खान, गनदुर महली,भीनेश्वर भगत, राजेंद्र भगत, फि रंगी उरांव व बीरू उरांव ने भी संबोधित किया। मौके पर अरुण पांडे, कृष्णा लोहरा, नसीम अंसारी, बसंत भगत, कलेस, अमर, कीनू सहित कई लोग मौजूद थे।

घर का ताला तोड़ नकदी सहित सोने-चांदी के आभूषण ले उड़े चोर

गुमला । गुमला जिला अंतर्गत सिसई थाना क्षेत्र के सिसई मेन रोड निवासी किसान आलम अपने घर बंदकर अपने रिश्तेदार के यहां मेहमानी गये हुए थे। इसी क्रम में घर का गोदरेज अलमारी आदि का ताला लगा तोड़कर नकदी, सोने चांदी के आभूषण आदि सहित लाखों रुपया के कीमती सामान अज्ञात चोर ले उड़े। किसान आलम जब वापस अपने घर आये तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और घर का सभी सामान बिखरा पड़ा है। गोदरेज अलमारी बक्सा आदि का ताला तोड़कर नकद सहित सोने-चांदी के कीमती समान, सोने-चांदी के आभूषण अज्ञात चोर चोरी कर भागने में सफल रहे। बाद में घटना की सूचना स्थानीय सिसई थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सिसई थाना पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

समीर उरांव के लिए आजसू ने चलाया जनसंपर्क अभियान

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में आजसू पार्टी के द्वारा बड़की चाँपी, छोटकी चाँपी ,बंदुआ सहित अन्य गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। ग्रामीणों से जनसंपर्क करते हुए यह कहा गया की एनडीए के हाथों को मजबूत करना है और समीर उरांव को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। समीर उरांव एक जुझारू नेता है बाकी अन्य उम्मीदवारों का इतिहास जनता जानती है। इसलिए ऐसे उम्मीदवार को जीता कर भेजना है जो इस लोकसभा सीट की समस्याओं को लेकर दिल्ली में आवाज उठा सके एवं कार्य करा सके। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ,पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह ,आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाठक, अनिरुद्ध महतो, बढतु महतो, नीरज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, संजय भगत, कामेश यादव, शंकर पासवान, प्रवीण गोयल, कबीर अंसारी, अरुण उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप असिस्टेंट अब्जर्बर पदाधिकारी द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। चुनाव आयोग के निदेशानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है। उसी क्रम में असिस्टेंट अब्जर्बर पदाधिकारी अंशु कुमार यादव द्वारा दंडाधिकारी गणेश टोप्पो और एस आई अविनाश राम को वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी का पोस्टर झंडा,अवैध हथियार के अलावे गंजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब सहित अन्य नशीला पदार्थ एवं पैसे का बारीकी से जांच करने का निर्देश दिया गया।साथ ही वाहन जांच के दौरान वाहन में रखें बैग थैला सहित अन्य चीजों का भी तलाशी लेते हुए जांच करने का निर्देश दिया गया।तथा सन्देहास्पद व्यक्तियों पर चेक पोस्ट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा पैनी नजर रखने की बात कही गई।जिससे अपराध पर अंकुश लगा रहे। वही मौके पर दण्डाधिकारी गणेश टोप्पो एवं साथ में एस आई अविनाश राम दल बल के साथ मौजूद थे।

पूर्व वार्ड पार्षद एवं कांग्रेस नेत्री आशा लकड़ा का निधन

लोहरदगा। लूथेरान मिशन कंपाउंड निवासी पूर्व कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष एवं वार्ड नंबर 22 की पूर्व वार्ड पार्षद आशा लकड़ा का इलाज के क्रम में आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन पर जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, तनवीर गौहर, अनिल उरांव, विशाल डुंगडुंग , असलम अंसारी, फादर नेम्हस एक्का ने पुष्प अर्पण किया एवं पार्टी झंडे से सम्मान पूर्वक लपेट कर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा की उनके निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके योगदानों को नहीं भुलाया जा सकता। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अन्य शामिल हैं।

मतदान केंद्र से संबंधित वॉलेंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण

गुमला । गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखंड सभागार में शनिवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ रमेश कुमार यादव की उपस्थिति में मतदान केन्द्र से संडबंधित वोलेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों में 14 से 18 आयु वर्ग के चयनित छात्र -छात्राएं व एनसीसी कैडेट्स को मास्टर ट्रेनर विपीन बिहारी झा व मास्टर ट्रेनर आलोक कुमार मिश्रा के द्वारा मतदान दिवस 13 मई को वोलेंटियर्स के कार्य व दायित्वों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को प्रशिक्षित किया गया। ज्ञात हो कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर व मतदान दिवस को मतदाताओं व मतदान कर्मियों के लिए मतदान केन्द्रों में आवश्यक जरूरी सुविधाओं के साथ -साथ दिव्यांग, वरिष्ठ, गर्भवती महिला व छोटे बच्चों वाली महिला वोटर्स के सहयोग के लिए दो से चार की संख्या में वोलेंटियर्स का चयन किया गया। जो जरुरतमंद मतदाताओं को मतदान करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

जेसीबी से हो रही मनरेगा कुआं की खुदाई सरकारी नियमों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर । सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो के ग्रामीणों के लिए मनरेगा के तहत रोजगार दिया गया है। परंतु कुछ लाभुक अपना रूवाब दिखाकर मशीन का उपयोग करते नजर आ रहे। जिससे मजदूरों के रोजी रोजगार छिनता नजर आ रहा है। सोमवार रात को जेसीबी मशीन से कुआं खोदने का ग्रामीणों ने विरोध किया। जिसके बाद भी लाभुक के द्वारा मुखिया का धौस दिखाकर जबरजस्ती खोदा गया। वर्ष 2023-24 के तहत सकतार गांव में मनरेगा कुआं का योजन गांव के ही राफेल मिंज के द्वारा कराया जा रहा है। लाभुक राफेल मिंज पंचायत के मुखिया चाजरेंन मिंज का रिश्तेदार है। जो कि मनरेगा एक्ट के तहत मुखिया के रिश्तेदार कार्य नही करा सकते है। वही मामला की जानकारी पूरे प्रखंड में आग की तरह फैल चुका है और तो और कई लोग इसमें व मैनेज करने में एड़ी चोटी एक किये हुए है। साथ ही जेसीबी मशीन किस व्यक्ति का है इस बात की कोई जानकारी नही मिल पाई है। हालांकि बिचौलिया तालाब के सामने नजर आया। इसकी सूचना बीपीओ सहित अन्य कर्मियों को भी दिया गया। परंतु वह यह कहकर पल्ला झाड़ दिया कि इस योजना को मनरेगा से प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली है। यहां तक की इस योजना का जियो टैग भी नहीं किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मनरेगा कूप योजना योजना में जेसीबी मशीन से खुदाई करने के संबंध में जारी प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन ने ब्लॉक के संबंधित मनरेगा कर्मियों पर स्पष्टीकरण मांगा है।

दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा से संबंधित जानकारी ली गई

डीसी ने की सभी कोषांगों की समीक्षा, दिए कई आवश्यक निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

गुमला । आज शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित चुनावी तैयारियों को लेकर सभी कोषांगों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, क्लस्टरों में रहने की व्यवस्था, शौचालय, बिजली ,पानी इत्यादि की व्यवस्था से संबंधित भी समीक्षा की। उपायुक्त ने एक एक कर सभी मतदान केंद्रों में अऱ्ह्ह की व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली, उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में शौचालय एवं पानी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने सभी क्लस्टरों में शौचालय एवं स्नान घर का व्यवस्था करने का निर्देश दिया ताकि किसी भी मतदान कर्मी को रहने में दिक्कत न हो। उपायुक्त ने महिला क्लस्टर्स में भी समुचित व्यवस्था का खासा ध्यान रखने को कहा, उन्होंने कहा कि महिलाओं के रहने की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। मतदान दिवस के गर्मी होने की स्थिति को देखते हुए उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में नींबू पानी की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया ताकि मतदाताओं को गर्मी के मौसम में राहत मिले साथ ही उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्रों के बाहर 15/15 फिट के शेड भी बनाने की बात कही। ताकि किसी भी मतदाता को धूप में खड़े रहने की आवश्यकता ना पड़े। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में पानी का एक्स्ट्रा टैंकर रिजर्व में रखने को कहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रखंडों अंतर्गत रिलोकेटेड बूथों, दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए होने वाले गाड़ी की व्यवस्था संबंधित भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने 85+ आयु के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं द्वारा घर से पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने हेतु प्रपत्र 12डी की प्राप्ति से संबंधित भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मतदाताओं से जाकर मिलते हुए पोस्टल बैलेट मतदान करने वाले मतदाताओं की सूची से मिलान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा सभी कोषांगों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने नामांकन कोषांग, मुख्य निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, आचार संहिता कोषांग आदि कोषांगों अंतर्गत हुए कार्यों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैइक में उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक, सिविल सर्जन गुमला, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर, डीसीएलआर गुमला सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

न्यूज बॉक्स

68 सेक्टर पदाधिकारियों को मिला चुनाव का प्रशिक्षण

लोहरदगा। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में प्रतिनियुक्त 68 सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण पुराना डीआरडीए भवन स्थित अभिलाषा कक्ष में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में निर्वाचन में सेक्टर पदाधिकारियों के दायित्व, सेक्टर पदाधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी, रिटर्निंग ऑफिसर व जिला निर्वाचन पदाधिकारी के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में किये जाने वाले कार्य की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई। सेक्टर पदाधिकारियों को बताया गया कि उनके अधीन सभी मतदान केंद्रों की गहन जानकारी उन्हें होनी चाहिए। सेक्टर पदाधिकारियों का कार्य मतदान के पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के उपरांत सभी समय होता है। सभी मतदान केंद्रों के पहुंच पथ की जानकारी, मतदान केंद्र में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी होनी चाहिए। अगर नहीं है तो उसकी जानकारी दी जानी चाहिए। मतदाताओं निर्भीक होकर मतदान कराने में सेक्टर पदाधिकारी के कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान दिवस के पूर्व मतदान के लिए प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी, मतदान सामग्री की उपलब्धता, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चिता जैसे कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान के दिन किसी ईवीएम या वीवीपैट में खराबी आने पर आवश्यक कार्रवाई, समय समय पर रिटर्निंग ऑफिसर को विभिन्न रिपोर्ट भेजे जाने समेत अन्य विस्तृत जानकारी सेक्टर पदाधिकारियों को दी गई। प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, मास्टर ट्रेनर्स समेत अन्य उपस्थित थे।

घाघरा प्रखंड कार्यालय में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कर्मियों को दिया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण

घाघरा । लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शनिवार को कर्मियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलओ,बूथ अवेरनेस ग्रुप, वॉलिंटियर शामिल हुए। प्रशिक्षक प्रदीप कच्छप,अशोक कुमार, शंकर, सतीश बंसल ने प्रशिक्षण देते हुए वॉलिंटियरों को बताया कि एक नंबर लाइन और दो नंबर लाइन में पुरुष महिला मतदाता अलग अलग खड़ा होंगे। जबकि तीसरी लाइन में दिव्यांग मतदाता और बुजुर्ग मतदाता को खड़ा करना है।ताकि वह अपना मतदान दे सके और उन्हें किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही बीएलओ कर्मी भी उसमें साथ देंगे।मतदाता और मतदानकर्मियों को पानी की व्यवस्था मतदान केंद्रो में करेंगे। इसके साथ ही बूथ अवेरनेस ग्रुप द्वारा पंचायत गांव स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार मतदान को लेकर करे।मौके पर उपस्थित बीडीओ दिनेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर दिए जाने प्रशिक्षण को आप सभी ईमानदारी पूर्वक सीखे। ताकि मतदान केंद्रो में किसी भी तरह के परेशानी मतदान और मतदान कर्मियों को ना हो। बूथ अवेरनेस ग्रुप के लोग अपने-अपने पंचायत गांव में व्यापक प्रचार प्रसार मतदान को लेकर करें। ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान करे। नए मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो सहित कई बीएलओ कर्मी, वॉलिंटियर,बूथ अवेरनेस ग्रुप के लोग उपस्थित थे।



स्वीप पुस्तिका का वितरण किया गया

लोहरदगा। लोहरदगा जिला के अंतर्गत पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा कुडू, किस्को एवं कैरो प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत संकुल / ग्राम संगठन / स्वयं सहायता समूह स्तर पर सखी मंडल की दीदियो के द्वारा स्वीप विशेष बैठक आयोजित करके स्वीप पर सपथ लिया गया। स्वीप पुस्तिका का वितरण किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सखी मंडल की दीदियों के द्वारा लोगों को मतदान कैसे करना है प्रयोग होने वाली उस मतदान अंगुली को एकसाथ सामूहिक रूप से वृत्ताकार प्रदर्शित भी किया गया ताकि लोगों को वोट के प्रति जागरूकता बढ़े इत्यादि माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में महावीर जयंती मनाई गई



लोहरदगा । मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में महावीर जयंती मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गयो इतिहास की आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता के द्वारा महावीर स्वामी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया और महावीर स्वामी के पांच व्रतों का पालन करने को कहा गया जिसमें है सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, आस्तेय और अपरिग्रहे जैन धर्म सनातन धर्म से अलग नहीं है और महावीर स्वामी ने संसार को अंधकार से प्रकाश में लाने का काम कियो प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के थोड़े से भी गुण अगर हमारे अंदर आ जाए तो हमारा जीवन सफल हो जाएगो कार्यक्रम में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, सनोज कुमार साहू, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाई गई भगवान महावीर की जयंती

सेन्हा-लोहरदगा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भगवान महावीर की जयंती मनाई गई।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सचिव रेशमलाल एवं प्रधानाचार्य के द्वारा संयुक्त रूप से भगवान महावीर जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया। रेशमलाल ने कहा कि भगवान महावीर इंद्रियों को नियंत्रण करने में असाधारण कौशल के धनी थे।इनका सम्पूर्ण जीवन तपस्वी के रूप में बिता। इनके कठिन तपस्या एवं साहस को अपने जीवन मे उतारने की जरूरत सभी को है।वही दसवीं कक्षा के भैया मृत्युंजय साहू द्वारा भगवान महावीर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। तथा प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान महावीर स्वामी जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर थे। भगवान महावीर ने 12 साल कठिन तपस्या की थी।जिसे उन्हें मौन, तप, व्रत करने के बाद आत्मज्ञान की प्राप्ति हुई थी।वही कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य आचार्याओ का सफल योगदान रहा।मौक पर सुषमा देवी, मीना देवी, मालती कुमारी, डॉली कविता, संध्या कुमारी, प्रेमशिला उरांव, खुशबू कुमारी, राजकिशोर उरांव, जयप्रकाश सिंह सहित सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

लोकसभा सीट के नामांकन में रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे मौजूद- राज

गिरिडीह। एनडीए चुनाव संचालन समिति झारखंड के सदस्य राजकुमार राज ने कहा है की झारखंड के 14 लोकसभा सीट के नामांकन में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभी नामांकन में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। तथा संबंधित जिला के अध्यक्ष भी जिला पदाधिकारी के साथ उपस्थित रहेंगे। श्री राज ने कहा कि पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अध्यक्षता में एनडीए घटक दलों की बैठक हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि एनडीए घटक दल के सभी प्रदेश अध्यक्ष को संचालन समिति का सदस्य मनोनीत किया जाए। साथ ही सभी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की तस्वीर एनडीए के होर्डिंग बैनर में लगाए तथा एनडीए के सभी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रदेश अध्यक्ष जो संचालन समिति के सदस्य के रूप में भाग लेंगे। साथ ही लोकसभा स्तर पर एनडीए घटक दल के लोकसभा प्रभारी तथा जिला एवं प्रखंड स्तर पर जिला एवं प्रखंड अध्यक्ष कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा।
(प्रशिक्षण कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति, सूचना

चतरा जिलान्तर्गत केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार लोक सभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कौशल विकास केन्द्र, (डी.एम.एफ.टी.) चतरा में दिनांक 23.04.2024 को समय 10.00 AM से 01.00 PM तक निम्न रुप से आयोजित किया जाता है, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का नाम निम्नवत है:–

Sl. No.	OFFICE NAME	OFFICERS NAME	DESIGNATION	MOBILE NO.	BLOCK/ SECTOR	SECTOR NO	Name and Number of Police sector officer
1	RWD OFFICE CHATRA	GRENDRA KUMAR SHARMA	J.E	6201014532	CHATRA	1	ANESHWAR SINGH (S.I.)9546997985
2	RD SPL DIVN CHATRA	PIYUSH KUMAR SINGH	J.E.	7261839392	CHATRA	2	LAKHRAJ SINGH (A.S.I) 6201614757
3	CIRCLE OFFICE CHATRA	ANIL KUMAR SINGH	C.I	9431968858	CHATRA	3	WAJID ALI, SI 8235287473
4	BAZAR SAMITI CHATRA	RAJESH ROSHAN TIRKEY	MARKET SUPERVISOR	90060022080	CHATRA	4	BIRENDRANATH MAHTO (A.S.I) 7004916273
5	DISTRICT BUILDING DIVISION OFFICE CHATRA	SOMAR MANJHI	A.E.	8789129820	CHATRA	5	GANESH SAHU, ASI-9430101020,7488096254
6	DRINKING WATER & SAN. DIVN. CHATRA	SANU SANGAM	J.E.	8295843807	CHATRA	6	GHANSHYAM PRASAD SINGH (A.S.I) 7033405220,6207975049
7	DRINKING WATER & SAN. DIVN. CHATRA	AMIT KUMAR	J.E.	9953460899	CHATRA	7	MUNESHWAR CHOUDHARY,ASI-7762006298
8	DRINKING WATER & SAN. DIVN. CHATRA	VIPUL TIRKY	J.E.	9304697229	CHATRA	8	SUNIL KUMAR, (S.I) 6201117981
9	CIRCLE OFFICE CHATRA	SATISH PRASAD	RSI	9123206492	CHATRA	9	SATARI TAPE (A.S.I) 94313391035,7903273346,9006812552
10	CIRCLE OFFICE CHATRA	DHARMENDRA KUMAR	RSI	9905723523	CHATRA	10	SAFIQ ANSARI (A.S.I) 7295875985,8340341763
11	ARCS OFFICE CHATRA	AMIYE KUMAR	CEO	8210088401	CHATRA	11	RAMANUJ SINGH,(SI)-6203988601,9431380631
12	CIRCLE OFFICE CHATRA	RAJ KUMAR	RSI	8804028302	CHATRA	12	SAILESH KUMAR RAI,(ASI)-9431933794
13	ARCS OFFICE CHATRA	JOHN KUMAR MARANDI	CEO	8969398088	CHATRA	13	SAHABIR ORAON, SI-7250818410
14	AMRAPALI OC TANDWA	KEDARNATH PANDEY	SR. OFFICER (SURVEY)	9939148724	CHATRA	14	BINOD KUMAR TIWARY-02 (ASI) 9471178822
15	DISTT. FISHRY OFFICE CHATRA	KANDAN HEMBROM	FEO	9934118880	CHATRA	15	NAVMI PRASAD SINGH,(SI)-7903462993
16	CO OFFICE GIDHOUR	MANOJ KUMAR MAHATO	AMIN	7004314295	GIDHOUR	1	NANDLAL RAM, (S.I) 9472751429
17	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	MOHD. SADIQ - 95001743	MANAGEMENT TRAINEE (CD)	9870729852	GIDHOUR	2	Sri Ram Kumar Tudu, (A.S.I) 8271111670,9798686772
18	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	KUMAR DEEN BANDHU - 95002476	SR. OFFICER MIN.	9754883017	GIDHOUR	3	Sri Vidyanand Sharma, (A.S.I) 7667369242
19	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	MUKESH PARASNATH SINGH - 95002478	SR. OFFICER MIN.	9823070186	GIDHOUR	4	Sri Chotan Ram, (A.S.I) 7070946761, 9661869091
20	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	NAGENDRA KUMAR DAS 26194001	SURVEYOR (MIN)	7903362781	GIDHOUR	5	ARVIND KUMAR RAVIDAS, SI, 7004864354
21	AMRAPALI OC TANDWA	ROSHAN KUMAR	SR. OFFICER (MINING)	8670715500	GIDHOUR	6	BRIJKISHOR BESRA SI, 6207134396
22	AMRAPALI OC TANDWA	SHAUBIK DAS	SERVEYOR	8972111659	HUNTERGANJ	1	BIJAY KUMAR KINDO, S.I., 7903555983,9661432420
23	AMRAPALI OC TANDWA	RAMESHWAR BHAGAT 90210519	SR. MANAGER (E&M)	8250659345	HUNTERGANJ	2	DANIYAR KUJUR, SI 8709251373
24	DSE OFFICE CHATRA	KANAN KR PATRA	BEEO HUNTERGANJ	9304965605	HUNTERGANJ	3	MISIL SOREN, SI-8102379859
25	BLOCK OFFICE HUNTERGANJ	ANAND KUMAR	PANCHAYAT SACHIV	9608050844	HUNTERGANJ	4	Prahlad Paswan, SI, 9006058094
26	AMRAPALI GM TANDWA	ROHIT	MANAGEMENT TRAINEE (MINING)	9911762210	HUNTERGANJ	5	VIJAY KUMAR, SI-7970959217
27	NH DIVISION	SANTOSH PRAJAPATI	J.E.	7870997285	HUNTERGANJ	6	KAILASH PRASAD SAH, SI 9304799671
28	BLOCK OFFICE HUNTERGANJ	SITARAM PANDEY	PANCHAYAT SACHIV	9508507896	HUNTERGANJ	7	SUNIL KUMAR SINGH,(SI)-7909135311,6204828118
29	G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	V.K.Patel 90150095	Sr. Manger(Survey)	9340209578	HUNTERGANJ	8	SHANKAR KUMAR SINGH, ASI-7549401885,9122614116
30	BLOCK OFFICE HUNTERGANJ	BHUNESHWAR THAKUR	PANCHAYAT SACHIV	8189093229	HUNTERGANJ	9	RAM PRAVESH SINGH, SI-9122081547
31	CO OFFICE HUNTERGANJ	SHANKAR RAVIDAS	RSI	8294014256	HUNTERGANJ	10	ASHOAK KUMAR PANDAY,SI - 9431545206
32	MAGDH SANGMITRA OFFICE	VIKASH KUMAR BHAGAT 14556641	OVERSEER (CIVIL)	6203877526	HUNTERGANJ	11	SONI KHALKHO,ASI-9534151593
33	G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	SATYA NARAYAN SAH 90211269	Sr. MANAGER (MIN)	9438312415	HUNTERGANJ	12	HARIDWAR PRASAD MANDAL, SI-6207982239
34	ARCS OFFICE CHATRA	ANIL KUMAR GUPTA	BCEO	7407003633	HUNTERGANJ	13	DILBAAG SINGH,SI-9973076334
35	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	RAJENDRA PRASAD SHARMA 12070496	SR SURVEYER MINE	9113378195	HUNTERGANJ	14	CHUNCHUN KUMAR,SI-7281834671
36	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	RAGHUNATH MARANDI 14540009	OVERSEER (CIVIL)	9771763802	HUNTERGANJ	15	Dashrath Ghosh (A.S.I), 9279540951,947013564
37	DISTRICT AUDIT COOPERTION COMMITTEES	ARJUN KUMAR	SENIOR AUDIT OFFICER-CUM-BSO	7909015173	HUNTERGANJ	16	PRABHA KUMARI,SI-6200175797,8789541909
38	AMRAPALI OC TANDWA	BABAN KUMAR BAGHEL	SR. OFFICER (MINING)	9002884101	ITKHORI	1	KUSO MAHATO,SI - 6200273108
39	AMRAPALI GM TANDWA	PANKAJ KUMAR	DY. MANAGER (MINING)	7261020594	ITKHORI	2	PANKAJ KUMAR, ASI-9470112436, 9262241513
40	AMRAPALI GM TANDWA	MD. ADNAN FAROOQUE	ASST. MANAGER CIVIL	7903129804	ITKHORI	3	Teklal Thakur,ASI, Mo - 8343564063
41	AMRAPALI GM TANDWA	PRAKASH SHIVDASANI	ASST. MANAGER MIN.	7987140367	ITKHORI	4	KAMLESHWAR BAITHA, ASI-7488474742 , 9931648915
42	AMRAPALI OC TANDWA	SASHI SINGH	MANAGEMENT TRAINEE (MINING)	7764089852	ITKHORI	5	Vijay Kumar Singh,SI, Mo-7488845225
43	BLOCK OFFICE ITKHORI	NIRAJ KUMAR SINHA	BCO	7488662236	ITKHORI	6	AJEET KUMAR SAXSENA, ASI-6205060528,9304742264
44	CO OFFICE ITKHORI	PRAKASH KUMAR	AMIN	9507372996	ITKHORI	7	ASHISH PRASAD, SI-8340327337
45	DRINKING WATER & SAN. DIVN. CHATRA	MANGAL SINGH BAHANDA	JE	8674928011	ITKHORI	8	Lalan Dubey, ASI, Mo-6201242085
46	AMRAPALI GM TANDWA	BHUPATIRAJU DUTTA KAWRTHIK VURRMA	ASST. MANAGER FIN.	8008634049	ITKHORI	9	Abishek Kumar Singh,SI-9936027727
47	AMRAPALI GM TANDWA	ABHISHEK CHATOPADHYAY	ASST. MANAGER FIN.	7209413954	ITKHORI	10	Ravindra Tiwari,ASI-9504048955 , 94317725461
48	CO OFFICE ITKHORI	RAJENDRA PRASAD DANGI	R.S.I	9430113647	ITKHORI	11	PRAYAG DAS, SI -7991189416
49	CO OFFICE KANHACHATTI	ASHOK KUMAR	RSI	9470963191	Kanhachatti	1	NIRAJ KUMAR RAJAK, ASI-9431119082 , 8102117390
50	AMRAPALI OC TANDWA	ASHOK KUMAR A MANDAL 90234840	MANAGER (MINING) VTC INCHARGE	8770888434	Kanhachatti	2	UPENDRA KUMAR, SI-9771915853
51	KRISHI VIGYAN KENDRA, CHATRA	DHARMA ORAON	SCIENTIST	9162184472	Kanhachatti	3	SHIVMANI PASWAN, SI-7033893902
52	KRISHI VIGYAN KENDRA, CHATRA	VINOD KUMAR PANDEY	SCIENTIST AG. ENGG.	7985437970	Kanhachatti	4	SUNIL SINGH, SI-9123240582
53	AMRAPALI OC TANDWA	SAMIR MINJ 90325631	DEPUTY MANAGER (MINING)	9931138207	Kanhachatti	5	Sukhnath Pandey (ASI) 9113470055
54	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	Soumyajit Nandi 14568992	Surveyor (Min)	7797126850	Kanhachatti	6	Rajesh Ram (ASI) 6203005193
55	BLOCK OFFICE KANHACHATTI	BHIM KUMAR SAW	PANCHAYAT SACHIV	9102551886	Kanhachatti	7	RAHUL DUBEY, SI-8851908367
56	BLOCK OFFICE KANHACHATTI	SHESH KUMAR SINGH	PANCHAYAT SACHIV	9123473884	Kanhachatti	8	SANGEETA MINJ,ASI-9471762852 , 8789505659
57	BLOCK OFFICE KANHACHATTI	MUKESH KUMAR SINGH	V.L.W	8210337527	Kanhachatti	9	UPENDRA NARAYAN SINGH, ASI-9431227663
58	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	RAJESH KUMAR PRAJAPATI - 14534754	SURVEYOR MIN.	8789010169	Kunda	1	TRITH RAJ TIWARI-SI-8825313255 , 9470117880
59	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	Sri Ghanshyam Vishwakarma 14565030	Surveyor (Min)	8109633760	Kunda	2	VICTORIA TOPPO,SI-9934512066
60	BLOCK OFFICE KUNDA	MURALI RAM	PANCHAYAT SACHIV	6207172270	Kunda	3	NAVIN CHANDRA SINGH, SI-7992397679
61	BLOCK OFFICE KUNDA	MUKESH KUMAR YADAV	PANCHAYAT SACHIV	8709490702	Kunda	4	MANAV MAYANK, SI - 9472731980, 9102049214
62	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	ASHOK KUMAR - 90145335	SR. MANAGER (MIN.)	9617724696	Lawalong	1	BHOLA SAH, SI-7631055481
63	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	AJAY KUMAR SINHA - 90167305	CHIEF MANAGER E&M	9931223445	Lawalong	2	BISHESHWAR BHAGAT,ASI - 9835951669 , 6205219068
64	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	DEBARAJ SETHY - 90217670	SR. MANAGER (MIN.)	9937003397	Lawalong	3	RAJENDRA NATH MUNDA, ASI-9006892789
65	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	SATNARAYAN PRASAD - 90301318	DY. MANAGER MIN.	8292413476	Lawalong	4	DILEEP YADAV, ASI - 6201508427, 8804914221
66	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	SATISH KUMAR - 90302811	MANAGER (EXCAVATION)	9708691200	Lawalong	5	AMIT KUMAR, ASI-8969793177
67	BLOCK OFFICE LAWALONG	NAGESHWAR YADAV	PANCHAYAT SACHIV	7033515050	Lawalong	6	DHANJAY PRASAD,ASI - 9771725665
68	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	AMRESH KUMAR - 90301300	ASST. MANAGER MIN.	8987787403	Lawalong	7	SANJAY KUMAR, ASI - 9110103690, 9973707571
69	BLOCK OFFICE MAYURHAND	Chandan Kumar Ram	V.L.W	9304092734	Mayurhand	1	VINAY KUMAR DUBEY,SI - 9523350660
70	BLOCK OFFICE MAYURHAND	Rana Yogendra pratap Singh	PANCHAYAT SACHIV	6207534105	Mayurhand	2	VEER BHADHUR SINGH,SI-8986777200 , 8340386072
71	AMRAPALI GM TANDWA	DEEPAK KUMAR	ASST. MANAGER E&M	9939706545	Mayurhand	3	SUNIL KUMAR DUBEY, ASI - 7004414013
72	AMRAPALI GM TANDWA	ROSHAN KUMAR	ASST. MANAGER	8083121461	Mayurhand	4	Mahatam SIngh, SI, 9709940946
73	AMRAPALI GM TANDWA	AMIT KUMAR	OFFICER / SURVEY	9101418708	Mayurhand	5	DILIP KUMAR,SI-6200581024
74	AMRAPALI OC TANDWA	SAGAR RAWANI	SR. OFFICER MINING	7549001632	Mayurhand	6	RAMPATI KUMHAR, ASI - 9162474867, 9693771545
75	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	RANJAN KUMAR MOHANTA - 90380569	SR. OFFICER MIN.	8249435590	Pathalgada	1	Laxman Pd yadav, ASI, 9608087741
76	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	VINOD KUMAR RANA - 90382235	SR. OFFICER MIN.	8210873698	Pathalgada	2	Pradeep Kumar Singh, ASI, 9835929283 , 9006827801
77	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	BITTU KUMAR GUPTA - 90383274	MT (MINING)	8210777540	Pathalgada	3	Aditya Kishor Tirki, ASI, 9939214125
78	BLOCK OFFICE PATHALGADA	Md. Aslam	V.L.W	7903411979, 9852143878	Pathalgada	4	BHAIYARAM ORAON, SI-6201174610
79	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	U.K. SINHA - 95000339	OFFICER (SURVEY)	8918267919	Pathalgada	5	NARESH KUMAR YADAV,SI - 9431391889
80	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	ABHISHEK KUMAR - 95000912	ASST. MANAGER E&M	7324881841	Pathalgada	6	SHYAM NARAYAN SINGH,SI - 7631005831
81	BLOCK OFFICE PATHALGADA	Suresh kumar Sahu	PANCHAYAT SACHIV	8757605887, 9110162691	Pathalgada	7	PREM KUMAR SANGA,SI-9631077832
82	G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	Baban Char 90336819	Dy.Manager (Fin)	9641132928	Pratappur	1	SRIKANT PANDAY,SI - 7992358834
83	G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	Ravi Goyal 90337197	Dy.Manager (Fin)	9509678812	Pratappur	2	JUBAIL GUDIYA,SI-9431912069 , 9798486773
84	G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	Ravikant Nirala 90356320	Asst.Manager (Min)	7903058476	Pratappur	3	ABHAY KUMAR (SI) 7979987689
85	G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	Vinod Kumar 90364480	Asstt.Manager (Civil)	9149114627	Pratappur	4	PRAMOD KUMAR,SI-6202884413
86	BLOCK OFFICE PRATAPPUR	GOBIND RAVIDASH	V.L.W	8102154538	Pratappur	5	KAMAL NATH MUNDA,SI-6204906029 , 9771664851
87	G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	Digvijay Kumar 90388744	Asst.Manager (CD)	9431524885	Pratappur	6	Manmasih Champia (ASI)-6204689056
88	G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	Ashutosh Kumar Mishra 95000444	MT(E&M)	9807634603	Pratappur	7	PUSHPESHWAR DAS , SI-9123173230
89	BLOCK OFFICE PRATAPPUR	DEVENDRA KUMAR	PANCHAYT SACHIV	7991134463	Pratappur	8	Birendra Tiwari (ASI) 9431147235
90	G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	Amarjit Kumar 95001749	MT(Env)	8825382290	Pratappur	9	VIKRAM KUMAR, SI-7979763779
91	G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	Swapnil Suman 95001754	MT(Min)	8298913885	Pratappur	10	Nageshwar Pandit (ASI) 9939147517 , 7979806820
92	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	DILIP KUMAR THAKUR - 14439202	ASST. SURVEYOR	8757708629	Pratappur	11	JAYKUMAR SINGH, ASI-7992393400 , 7050428274
93	AMRAPALI OC TANDWA	NIRAJ HARIJAN 90325630	DEPUTY MANAGER (MINING)	9631443446	Pratappur	12	Madan Kumar Singh (ASI) 9931188184
94	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	JAINARAYAN LAKRA - 90310905	ASST. MANAGER MIN.	7970893966	Simaria	1	KUMAR GAUTAM, SI-8507780383
95	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	CHANDA CHATTRAJ - 90324971	DY. MANAGER MIN.	7070187299	Simaria	2	MANISH KUMAR, SI-9798485214
96	BLOCK OFFICE SIMARIA	AJAY KUMAR	JE	9798995930	Simaria	3	RITA KACHAP,SI -9631089560
97	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	ASHOK PRIYADARSHI - 90325382	DY. MANAGER MIN.	6265076453	Simaria	4	PARVESH KUMAR RAM,SI-8789065880
98	C.O. OFFICE SIMARIA	AMAR LAL	R.S.I	8340226140	Simaria	5	SANDEEP KUMAR, SI-6207952758
99	C.O. OFFICE SIMARIA	RAMCHANDRA PRASAD	R.S.I	7677609489	Simaria	6	ANAND KISHORE OSANGA, SI-7352037361
100	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	CHITO MAHTO - 903225507	ASST. MANAGER MIN.	8987435390	Simaria	7	GAUKARAN KUMAR, ASI, 8271059999 , 7322009999
101	DSE OFFICE CHATRA	SANTOSH KUMAR SINGH	BEEO SIMARIA	9110038475, 9771316536	Simaria	8	PRAMESHWAR MAHTO, ASI-6202098109 , 8002065145
102	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	SHIV SHANKAR KUMAR CHOUDHARY - 90328832	DY. MANAGER MIN.	9438503769	Simaria	9	KANGRESS PD. YADAV, ASI - 6205133842 , 7261821454
103	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	PANKAJ SARKAR - 90355710	DY. MANAGER CIVIL	9932668592	Simaria	10	SRIRAM, ASI-9523860841 , 6201070527
104	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	ASEEM PRAKASH - 90367848	ASST. MANAGER (PERS.)	8800755604	Simaria	11	BIRENDRA KUMAR SINGH, SI, 9905822450 , 9693256586
105	P.O, MAGA DH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	MRIGANK SHEKHAR - 90368838	ASST. MANAGER (ENVIR.)	8987787580	Simaria	12	SHUSHMA KUJUR,SI-7004050467
106	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	SWAGAT KUMAR SAHU - 90383324	MT (MINING)	8763621711	TANDWA	1	PRAVIN KUMAR, ASI, 9507816300 , 978000601
107	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	ASHUTOSH KUMAR - 90383753	ASST. MANAGER	6201382013	TANDWA	2	SUNNY ORAON, SI, 9471316639
108	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	SHUBHAM KUMAR - 90383852	MT (MINING)	7870854036	TANDWA	3	CHANDRADEO RAM, ASI, 8229066132 , 8252155476
109	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	JITENDRA KUMAR - 90383951	MT (MINING)	8581942664	TANDWA	4	RAJU RANA (SI) 626590552
110	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	SHAILESH KUMAR SINGH - 90385584	MT (MINING)	8210457498	TANDWA	5	VIJAY KUMAR SINGH,ASI-8986830810 , 9546397577
111	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	ADIYTA FAGERIA - 90386186	MT (MINING)	8373846272	TANDWA	6	SANDEEP GUPTA,SI-7275738991
112	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	ABHISHEK KUMAR VATSA - 90386293	MT (MINING)	9939076033	TANDWA	7	RAMJEE SAWAI,SI-9523511122
113	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	ANIL KUMAR HEMBRAM - 90386749	MT / E&M	7076883788	TANDWA	8	Surendra Chattar (ASI) 6205462226 , 7250807173
114	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	BHUPESH KUMAR - 90386798	MT (MINING)	7062958286	TANDWA	9	Narendra Pd. Mehta (ASI) 9798401080 , 985559520
115	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	DEBABARTA SARKAR - 90393513	MT / E&M	8310873425	TANDWA	10	SATYANENDRA NARAYAN SINGH,SI-7634919678
116	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	BAJRANGI GUPTA - 95001322	MANAGEMENT TRAINEE (E&T)	8172977424	BARKAGAON	1	BHOLA PRASAD SINGH,SI-7061096663 , 9431928464
117	P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA	PRAVIN KUMAR - 95002070	MANAGEMENT TRAINEE (E&T)	9599845361	BARKAGAON	2	SANDIP KUMAR VERMA (SI) 9955764468
118	AMRAPALI OC TANDWA	SAGAR KR SRIVASTAV	DEPUTY MANAGER (MINING)	8240814159	RESERVE	-	-
119	AMRAPALI OC TANDWA	BAMBAM KUMAR 90365677	ASST. MANAGER (E&M)	7042009903	RESERVE	-	-
120	AMRAPALI OC TANDWA	NILESH KUMAR 90383258	ASST. MANAGER	8936867026	RESERVE	-	-
121	AMRAPALI OC TANDWA	SUDIPTA KUMAR PANDA 90383282	ASST. MANAGER (MINING)	7873260652	RESERVE	-	-
122	AMRAPALI OC TANDWA	UJJWAL KUMAR 90383787	ASST. MANAGER (MINING)	8867191010	RESERVE	-	-
123	AMRAPALI OC TANDWA	ADITYA DEV SINGH	MANAGEMENT TRAINEE (MINING)	9065879320	RESERVE	-	-
124	AMRAPALI OC TANDWA	SONU 90384025	ASST. MANAGER (MINING)	8769972456	RESERVE	-	-
125	AMRAPALI OC TANDWA	DHANAMNENI SAI KIRAN 90385600	ASST. MANAGER (MINING)	9553545434	RESERVE	-	-
126	AMRAPALI OC TANDWA	THIRUPATHI RAMSUNDER 90386160	ASST. MANAGER (MINING)	9912181820	RESERVE	-	-
127	AMRAPALI OC TANDWA	ADISH JAIN 90386228	ASST. MANAGER (MINING)	7247530250	RESERVE	-	-
128	AMRAPALI OC TANDWA	SUNIL KUMAR CHAUHAN 90386244	ASST. MANAGER (MINING)	6265627303	RESERVE	-	-
129	AMRAPALI OC TANDWA	BRIJESH KUMAR 90387192	ASST. MANAGER (MINING)	8456896774	RESERVE	-	-
130	AMRAPALI OC TANDWA	NIKHIL KUMAR 95000447	ASST. MANAGER (MINING)	9006886705	RESERVE	-	-
131	AMRAPALI OC TANDWA	PRAVEEN KUMAR 95000552	SR. OFFICER (SURVEY)	9678967371	RESERVE	-	-
132	AMRAPALI OC TANDWA	OM PRAKASH SAHU 95001034	MANAGEMENT TRAINEE (MINING)	6200229063	RESERVE	-	-
133	AMRAPALI OC TANDWA	ROHIT KUMAR 95001035	MANAGEMENT TRAINEE (MINING)	9704914794	RESERVE	-	-
134	AMRAPALI OC TANDWA	GAURAV KUMAR 95001310	MANAGEMENT TRAINEE (MINING)	9161244516	RESERVE	-	-
135	G.M OFFICE PIPARWAR, TANDWA	BINAY KUMAR JHA 95000477	OFFICER (SURVEY)	9508851042	RESERVE	-	-
136	GM OFFICE PIPARWAR TANDWA	MOHAN LAL SINGH 90214933	MANAGER (MINING)	9973378005	RESERVE	-	-
137	GM OFFICE PIPARWAR TANDWA	ANIMESH THAKUR	MANAGER (FIN.)	8763145799	RESERVE	-	-
138	ASHOK OCP PIPARWAR AREA TANDWA	RAMESH PRASAD MISHRA 90214727	MANAGER (MIN.)	7631088325	RESERVE	-	-
139	ASHOK OCP PIPARWAR AREA TANDWA	RAM PATI SINGH 90218439	MANAGER (MIN.)	8292312608	RESERVE	-	-
140	ASHOK OCP PIPARWAR AREA TANDWA	INDRAJEET SINGH 90234824	MANAGER (MIN.)	7024313523	RESERVE	-	-

PR 323952Election(24-25)#D

नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग –सह–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा

लोक प्रशासन

सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी और कठिनाई पर चर्चा जरूरी

हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लम्बा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है। लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, ''हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।'' पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुम्ब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुम्ब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है, ''समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।'' उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्म' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिन्धु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिन्धु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। सम्पूर्ण सिन्धु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है। चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'हिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते।

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम् सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे। भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'हिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। 'आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें। एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा, यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे? महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास खड़े हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गोशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों उस जगह पहुंचे, जहां गोशालक ने पौधा उखाड़ा था, उन्होंने देखा कि वह पौधा खड़ा है। इस बीच तेज वर्षा हुई थी, उसकी जड़ों को वापस जमीन ने पकड़ लिया, इसलिए वह पौधा खड़ा हो गया था। महावीर फिर आंख बंद करके उसके पास खड़े हो गए। पौधे को खड़ा देखकर गोशालक बहुत परेशान हुआ। गोशालक की उस पौधे को दोबारा उखाड़ फेंकने की हिम्मत न पड़ी। महावीर हंसते हुए आगे बढ़े। गोशालक ने इस बार हंसी का कारण जानने के लिए उनसे पूछा, आपने क्या देखा कि मैं फिर उसे उखाड़ फेंकूगा या नहीं? तब महावीर ने कहा, यह सोचना व्यर्थ है। अनिवार्य यह है कि यह पौधा अभी जीना चाहता है, इसमें जीने की ऊर्जा है, और जिजीविषा है। तुम इसे दूबारा उखाड़ फेंक सकते हो या नहीं-यह तुम पर निर्भर है। लेकिन पौधा जीना चाहता है, यह महत्वपूर्ण है। तुम पौधे से कमजोर सिद्ध हुए और हार गए। और जीवन हमेशा ही जीतता है। जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए जरूरी है, आशावादी रहना। भगवान महावीर का जन्म दिवस एक दस्तक है। उन्होंने बाहरी लड़ाई को मूल्य नहीं दिया, बल्कि स्व कर सुरक्षा में आत्म-युद्ध को जरूरी बतलाया। उन्होंने जो कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। उन्होंने सबके अस्तित्व को स्वीकृति दी। 'णो हीणे णो अइरित्ते'- उनकी नजर में न कोई ऊंचा था, न कोई नीचा। उनका अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बना। उन्होंने अपने होने का अहसास जगाकर अहं को खड़ा नहीं होने दिया। इसीलिये उनकी शिक्षाओं एवं उपदेशों का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में विशेष महत्व है। हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं करते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजाधि सीमें ही लगे रहते हैं। महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहा हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मानवता बचाने में है, मारने में नहीं। किसी भी मानव, पशु-पक्षी या प्राणी को मारना, काटना या प्रताड़ित करना स्पष्टतः अमानवीय है, क्रूरतापूर्ण है। हिंसा-हत्या और खून-खच्चर का मानवीय मूल्यों से कभी कोई सरोकार नहीं हो सकता। मूल्यों का सम्बन्ध तो जियो और जीने दोस जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है। एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है, क्या सुख को स्थायी बनाया जा सकता है? क्या दुःख को समाप्त किया जा सकता है? इसका सीधा उत्तर होगा कि भौतिक जगत में ऐसा होना कभी संभव नहीं है। जब तक भौतिक जगत में जीएंगे तब तक यह स्वप्न लेना दिवास्वप्न है, कल्पना करना आकाश कुसुम जैसा है। आकाश में कभी फूल नहीं लगता। यह असंभव बात है कि इंद्रिय जगत में आदमी जीए और वह सुख या दुःख एक का ही अनुभव करे, यह द्वंद्व बराबर चलता रहेगा। तब व्यक्ति के मन में एक जिज्ञासा पैदा होती है कि ऐसा कोई उपाय है जिससे सुख को स्थायी बनाया जा सके? इसका समाधान है स्वयं का स्वयं से साक्षात्कार। इसके लिये जरूरी है हर क्षण को जागरूकता से जीना। उसको जीने के लिये भगवान महावीर ने कहा था-ह्यखणं जाणाहि पंडिएह्न, जो क्षण को जानता है, वह सुख और दुःख के निमित्त को जानता है।
(ये लेखक के निजी विचार है)

दक्षिण भारत में भाजपा को भरोसा योगी व प्रमोद सांवत पर

आरके सिन्हा

भाजपा इस बार दक्षिण भारत की जंग में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए जी-जान लगा रही है। वह इस चुनावी जंग में अपने प्रतिद्वंदियों को किसी भी सूरत में कोई स्पेस देने के मूड में नहीं है। जिनको लगता है कि भाजपा का दक्षिण भारत में कोई वजूद ही नहीं है, वे घोर मुगालते में हैं। भाजपा इस बार इन राजनीतिक अल्प-ज्ञानियों को पूरी तरह से गलत साबित करना चाहती है। दक्षिण भारत के राज्य भाजपा के लिए अब तक कठिन चुनौती वाले प्रदेश रहे हैं, इसमें कोई दोराय नहीं है। लेकिन, अब परिस्थितियां बदली हैं। इस बार पार्टी ने दक्षिण भारत में चुनावी स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने का मन ही नहीं बनाया, बल्कि दृढ़ संकल्प किया हुआ है। वास्तव में 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के संबंध में दक्षिण की धारणा को पूरे समाज, मीडिया और समीक्षकों की राय बदलने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। भाजपा ने अपने दो बेहद तेजतर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को दक्षिण भारत में सघन चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। ये दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में जमकर कैंपेन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में ही देते हैं। जाहिर है, इस वजह से वे तुरंत स्थानीय जनता से संबंध स्थापित कर उन्हें प्रभावित करते हैं। योगी आदित्यनाथ को भी दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में प्रचार करना है। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने बीमारू उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि चुस्त-

सख्त प्रशासन से गुंडे मवाली भाग खड़े होते हैं। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की भ्रांति पूर्ण धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा एक प्राचीन सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ अपने गृह प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और बिहार में भी बड़ी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। वे जिधर भी जाते हैं वहां पर उनका अभूतपूर्व स्वागत होता है। इस बीच, तमिलनाडु उन अनूठे राज्यों में से एक है, जहां 87 फीसद से अधिक हिंदू आबादी है। यह उन राज्यों में एक है जहां राष्ट्रीय दलों यानी भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति अब तक काफी कमजोर रही है। हां भाजपा कोयंबटूरऔर कन्याकुमारी में जरूर अच्छे वोट जुटाती रही है। तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई। इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा, कई भाजपा नेता विवादास्पद बयान के लिए जाने जाते रहे । लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है। और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं। मोदी और शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन दे रहे हैं। भाजपा ने इसी आधार पर तमिलनाडु में अकेले 23 सीटों पर चुनाव लड़ने का साहस दिखाया। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान हुआ। भाजपा को लगता है कि वह इस बार तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्र प्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल (20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं। कांग्रेस ने 2019 में दक्षिण से 28 लोकसभा सीटें जीतीं थीं। इसमें केरल में 15, तमिलनाडु में 8, तेलंगाना में तीन, कर्नाटक में एक और पुदुचेरी में एक, जबकि भाजपा ने कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में 4 सीटें जीती थीं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

1857 के क्रांतिवीर शहीद पांडेय गणपत राय की शहादत पर विशेष

महान क्रांतिकारी और गुरिल्ला युद्ध में पारंगत थे शहीद पांडेय गणपत राय

डॉ. वंदना राय

देश की आजादी में झारखंड के शहीदों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। शहीद पांडेय गणपत राय जो लोहरदगा जिला के भौंरों ग्राम के निवासी थे ,1857 की क्रांति में अपना बलिदान दे दिए थे' उन्हीं के साहस व पराक्रम के कारण हम आज आजादी की सांस ले रहे हैं। उन्होंने संपूर्ण झारखंड क्षेत्र में लोगों को आजादी के प्रति जागरुक कर गुरिल्ला युद्ध के लिए लडाकु सेना

बनाया जो अंग्रेजों को इस क्षेत्र में खदेड़ दिए।' शहीद पांडेय गणपत राय जी महान स्वतंत्रता सेनानी थे। जो देश के लिए अपना बलिदान दे दिए थे 1857 की क्रांति में इनका बहुत योगदान था जिसे देश वासी हमेशा याद रखेंगे। शहीद पांडेय गणपत राय का जन्म 17 जनवरी 1809 में लोहरदगा के भौरो गांव में हुआ था। 21 अप्रैल 1858 को रांची स्थित शहीद चौक में एक कदम के पेड़ पर अंग्रेजी हुकूमत द्वारा फांसी दी गई थी। देश के लिए बलिदान देने वाले इतिहास पुरुष के बारे में भी नए अध्ययन रत्त बच्चों को भी जाननी चाहिए। ज्ञात हो की दिनांक 16 अप्रैल से 23 अप्रैल तक शहीद स्मारक समिति रांची द्वारा शहीद सप्ताह का आयोजन प्रत्येक वर्ष की जाती है आचार संहिता को ध्यान में रखते ही शहीद पांडेय गणपत राय को 21 अप्रैल 2024.को शाम 5 बजे से देशभक्तों द्वारा श्रद्धांजलि दी जायेगी। शहीद की महान वीरता और साहस के लिए उन्हें याद किया जाएगा। क्रांतिकारी आंदोलनों में पांडेय गणपत राय जी की भागीदारी झारखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत रही है। उनके योगदान और भागीदारी की याद में शहादत दिवस समारोह मनाया जाता है।

1857 की क्रांति में इनका बहुत योगदान था जिसे देश वासी हमेशा याद रखेंगे। शहीद पांडेय गणपत राय का जन्म 17 जनवरी 1809 में लोहरदगा के भौरो गांव में हुआ था। 21 अप्रैल 1858 को रांची स्थित शहीद चौक में एक कदम के पेड़ पर अंग्रेजी हुकूमत द्वारा फांसी दी गई थी।

प्रपौत्री शहीद पांडेय गणपत राय
प्रभारी प्रचार्या ,
एस.एस.मेमोरियल महाबिद्यालय रांची।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के भरोसे चुनाव जितना चाहते हैं भूपेश बघेल?

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

छत्तीसगढ़ में नक्सली चुन-चुन कर भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं और कांग्रेस, नक्सलियों के खिलाफ की जा रही शासन की कार्रवाई को फर्जी करार दे रही है। एक नजर देखा जाए तो पिछले पांच साल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रहते भूपेश बघेल का सीएम कार्यकाल नक्सलियों के लिए बहुत मुफीद रहा है। जब से सत्ता बदली है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वापसी की है, यहां नक्सलियों को अपने अस्तित्व को बनाए रखने तक के लिए भारी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण पूरे नक्सल खेमे में बेचैनी है। दूसरी ओर आज भी कांग्रेस और उसके भूपेश बघेल जैसे नेता हैं जोकि नक्सल खात्मे के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर ही सवाल उठा रहे हैं। हालांकि एक बयान मे तो भूपेश बघेल को पलटते हुए भी देखा गया, किंतु सवाल यह है कि यह नक्सलियों के समर्थन की सोच, फर्जी मुठभेड़ के दावे, जो जवान वीरगति को प्राप्त हुए और अन्य कई अब भी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं, उनके प्रति संवेदनहीनता की पराकाष्ठा से भी परे नकारात्मक भावना कांग्रेस के नेता अपने अंदर किस विचारधारा से प्रेरित होकर लाते हैं? पहले 'जन घोषणा पत्र' के जरिए नक्सलवाद समाप्त करने का वादा, फिर पीछे हटे : दरअसल, यह कहने और पूछे जाने के पीछे कई ठोस प्रमाण मौजूद हैं। असल में 2018 में छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने 'जन घोषणा पत्र' जारी किया था, उसे 2013 में झीरम घाटी में माओवादी हमले में मारे गए कांग्रेस नेताओं को समर्पित किया गया था। इसमें कहा गया था कि यदि छ.ग. में कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह पूरी तरह से नक्सलवाद को प्रदेश में समाप्त कर देगी। घोषणा पत्र के क्रमांक 22 पर लिखा गया, 'नक्सल समस्या के समाधान के लिए नीति तैयार की जाएगी और वार्ता शुरू करने के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास किए जाएंगे। प्रत्येक नक्सल प्रभावित पंचायत को सामुदायिक विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये दिए जायेंगे, जिससे कि विकास के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।' संयोग देखिए, कांग्रेस को राज्य में भारी बहुमत मिला। यहां भूपेश बघेल ने 17 दिसंबर की जिस शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उसी रात 'जन घोषणा पत्र' की प्रति राज्य के मुख्य सचिव को सौंपी गई और इसी दिन भूपेश बघेल ने मंत्री परिषद की पहली बैठक भी बुलाई । बैठक में लिए गए तीन फैसलों में से एक निर्णय 'झीरम घाटी कांड' की एसआईटी जांच कराए जाने पर लिया गया था। यह एक महत्व का तथ्य है कि बस्तर की झीरम घाटी में 25 मई 2013 को भारत में किसी राजनीतिक दल पर नक्सली माओवादियों के इस सबसे बड़े हमले में राज्य में कांग्रेस की पहली पंक्ति के अधिकांश बड़े नेताओं समेत 32 लोग मारे गए थे। झीरम घाटी कांड भूले से नहीं भूलताः एक तरह से देखा जाए तो कांग्रेस के वह सभी कद्दावर नेता एक बार में ही नक्सलियों द्वारा मार दिए गए, जोकि भविष्य में राज्य के मुख्यमंत्री और अन्य कई बड़े पदों के दावेदार होते। मसलन, तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल उनके बेटे दिनेश पटेल, विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर कहलाने वाले महेंद्र कर्मा कवासी लखमा, मलकीत सिंह गैदू , योगेंद्र शर्मा और उदय मुदलियार के नाम प्रमुखता से लिए जा सकते हैं । इस नक्सली हमले की भयानकता कितनी अधिक थी, वह इस पूरी घटना से समझ आता है; जब 200 कांग्रेसियों का काफिला सुकमा से जगदलपुर जा रहा था तभी झीरम घाटी से गुजरते वक्त उसका नक्सलियों ने पेड़ गिराकर रास्ता रोक दिया। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही पेड़ों के पीछे छिपे नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। करीब डेढ़ घंटे तक गोलियां चलती रहीं। इसके बाद नक्सलियों ने एक-एक गाड़ी को चेक किया। जिन लोगों की सांसें चल रहीं थीं, उन्हें फिर से गोली मारी गई। कुछ जिंदा लोगों को बंधक बनाया गया। नक्सलियों ने बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा को करीब 100 गोलियां मारीं और चाकू से उनका शरीर पूरी तरह छलनी कर दिया। नक्सलियों ने उनके शव पर चढ़कर डांस भी किया था। यहां सवाल यह है कि कि पांच साल कांग्रेस की सरकार सत्ता में रह कर गई, लेकिन 'झीरम घाटी' मामले में जमीन पर हुआ कुछ नहीं ? जिस 'झीरम कांड' को कांग्रेस छत्तीसगढ़ में अपने लिए सबसे बड़ा हमला करार देती नहीं थकती है, क्या उसकी यह जिम्मेदारी नहीं थी कि वह सत्ता में आने के बाद इस काण्ड के सभी गुनहगार नक्सलियों को सजा दे और अपने राज्य से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंके। लेकिन सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस की 'भूपेश सरकार' ने ऐसा कुछ नहीं किया। बघेल मुख्यमंत्री रहते हुए खुद ही संविधानिक व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करते रहेः कांग्रेस के तमाम नेता और स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूरे पांच साल तक सत्ता का सुख भोगते रहे और नक्सल कार्रवाई के नाम पर समय गुजारते रहे। ऐसा इसलिए सच लगता है क्योंकि कांग्रेस के घोषणा पत्र और सरकार के लिए फैसलों में कोई समानता नजर नहीं आती । 'झीरम घाटी कांड' की जांच अदालतों में उलझी हुई है और नक्सल समस्या पर घोषित होनेवाली नीति का कहीं कुछ अता-पता नहीं मिला। भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते राज्य में नक्सलियों से वार्ता शुरू होने के संबंध में पूरे पांच साल तक कोई ब्लूप्रिंट सामने नहीं आया। इसके उलट वे कई अवसरों पर यह कहते जरूर सुनाई दिए कि उन्होंने माओवादियों से वार्ता करने की बात कभी नहीं कही थी, पीड़ितों से वार्ता करने की बात कही थी। आश्चर्य तो तब ओर अधिक होता है, जब भूपेश बघेल मुख्यमंत्री रहते हुए भी खुद ही संविधानिक व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करते हुए दिखाई दिए। छत्तीसगढ़ के 'झीरम कांड' से आठ साल बाद पर्दा उठाने के लिए 'झीरम घाटी जांच आयोग' के सचिव संतोष कुमार तिवारी ने दस खण्डों में चार हजार 184 पेज की रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपी थी। कांग्रेस ने राज्यपाल को रिपोर्ट सौंपने पर आपत्ति जताई, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर ही प्रश्न खड़े कर दिए। न सिर्फ प्रश्न खड़े किए बल्कि जांच आयोग की पूरी रिपोर्ट को ही नकार दिया और कहा कि केंद्र सरकार इस जांच से षड्यंत्रकारियों बचाना चाह रही है। जबकि 'झीरम रिपोर्ट' आंध्र प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश प्रशांत मिश्रा ने तैयार की थी। यानी सीधे-सीधे न्यायालय पर ही यहां प्रश्न खड़े करने का काम भूपेश बघेल करते हैं। इस तत्कालीन समय में सीएम के इस बयान पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने कहा भी ''भूपेश की कांग्रेस सरकार डर क्यों रही है? आयोग पर संदेह करना देश के कानून व्यवस्था पर संदेह करना है।'' भूपेश बघेल के दो कदाचरण आए प्रमुखता से सामनेः इस घटनाक्रम को आप गौर से समझेंगे तो भूपेश बघेल के दो कदाचरण स्पष्ट दिखाई देते हैं । पहला यह कि वे एक तरफ चुनाव से पूर्व सत्ता में आते ही जिस नक्सलवाद को छत्तीसगढ़ की धरती से समाप्त करने का जनता से वादा करते हैं, वह वादा सत्ता प्राप्त होते ही गायब हो जाता है। वह अपने लिखे 'जन घोषणा पत्र' के नक्सल समस्या से जुड़े विषय को ही भूल जाते हैं। दूसरा यह कि जिस झीरम घाटी की घटना ने कांग्रेस के एक बड़े नेतृत्व को ही समाप्त कर दिया, वह सत्ता में रहते हुए उनके परिवार वालों को न्याय नहीं दिला पाते। उसे न्यायिक या अन्य प्रक्रियाओं में ही उलझाए रखते हैं, जिसका कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ अंततः नक्सलियों को ही मिलता रहा है। विष्णुदेव साय सरकार कर रही नक्सल खात्मे पर कार्य तो भूपेश उठा रहे सवालः वस्तुतः अब जब सत्ता बदले के बाद छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय भाजपा सरकार यहां से नक्सलवाद के खात्मे के लिए कार्य कर रही हो। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ कश्मीर की तर्ज पर टारगेट बेस्ड आपरेशन शुरू कर दिया हो। इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर नक्सल प्रभावित इलाकों में घुसकर जवान नक्सलियों को टारगेट बना रहे हों ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

क्या चुनाव से पहले ईडी विजयन की बेटी से करेगी पूछताछ ?

एजेसी। तिरुवनंतपुरम

इन दिनों केरल की सियासी गलियारों में दो मसलों को लेकर चचाओं का बाजार गुलजार है। पहला, आगामी 26 अप्रैल को होने जा रहे लोकसभा चुनाव को लेकर और दूसरा मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी वीणा विजयन से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में होने वाली पूछताछ। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार करने केरल पहुंचे अब तक के सभी बीजेपी नेताओं ने सीपीआई(एम) के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार पर जमकर निशाना साधा है। बीजेपी के सभी नेताओं ने सीपीआई (एम) नियंत्रित सहकारी बैंकों में हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और वीणा के स्वामित्व वाली आईटी फर्म एक्सलॉजिक द्वारा किए गए लेनदेन की ओर इशारा किया है। वीणा और उसकी आईटी फर्म की मुश्किलें तब खड़ी हुईं, जब कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान ने मीडिया रिपोर्ट के

आधार पर इस मुद्दे को उठाने का प्रयास किया।

रिपोर्ट में एक आयकर विभाग के अधिकारी का हवाला देते हुए कहा गया कि विजयन की बेटी वीणा की आईटी फर्म एक्सलॉजिक को एक खनन कंपनी से 1.72 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। आईटी फर्म में केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम का 13 फीसद हिस्सा था। इसके बाद, कंपनी रजिस्ट्रार और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने जांच के आदेश दिए। इसी जांच के सिलसिले में ईडी ने सीएमआरएल सहित अन्य पक्षकारों से विस्तार से पूछताछ की थी।

भाजपा के गोदाम में देश के सब माफिया और भ्रष्टाचारी मौजूद : अखिलेश यादव

पीडीए की लड़ाई बड़ी हो गई है, जिससे भाजपा वाले घबराए हुए हैं

एजेंसी। मेरठ

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मेरठ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के गोदाम में देश के सब भ्रष्टाचारी हैं। उत्तर प्रदेश के जितने माफिया और भ्रष्टाचारी हैं, वो सब वहीं पहुंच गए हैं। जो परिवार वाली बात कर रहे हैं, हमारे आपके पीडीए परिवार का मुकाबला नहीं कर सकते हैं क्योंकि पीडीए परिवार सबसे बड़ा परिवार है। इसमें पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक तो हैं ही। आधी-आबादी और पीड़ित, दुःखी अगड़े भी हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सबसे ज्यादा दलितों पर झूठे मुकदमे किसी ने लगाए तो भाजपा ने लगाए हैं।

यह अन्याय कभी समाजवादी लोग स्वीकार नहीं कर सकते हैं। पीडीए की लड़ाई बड़ी हो गई है, जिससे भाजपा वाले घबराए हुए हैं। मेरठ में कोई नया कारखाना या आसपास जमीन देकर कोई नया कारखाना खुला हो तो बता दो? ये गारंटी लेकर आए हैं, हमें आपको धोखा देने आए हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि जिस सरकार ने किसान को धोखा दिया हो, नौजवान को धोखा दिया, वो सरकार बचेगी कैसे? इस सरकार में कोई भी परीक्षा नहीं हुई है, 10 परीक्षा के पेपर लीक हुए हैं। मेरठ की धरती क्रांतिकारियों की धरती रही है, आजादी में इस धरती की भूमिका रही है। हमें इसकी गरिमा बनाए रखनी है।

अतुल गामेची ने जूते-चप्पलों का हार पहनकर किया नामांकन

अगर हम चुनाव जीतेंगे तो नागरिकों को सरकारी दफ्तरों का दबाव झेलना नहीं पड़ेगा

एजेसी। वडोदरा

लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए राजनीतिक दल और उम्मीदवार एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। इस बीच वडोदरा से एक उम्मीदवार का अनोखा अंदाज सामने आया। दरअसल, एक उम्मीदवार जूते-चप्पलों का हार पहनकर नामांकन दाखिल करने के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंच गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अतुल गामेची ने अनोखे अंदाज में अपनी उम्मीदवारी दाखिल की। अतुल गामेची ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकारी दफ्तर की भागदौड़ में आम आदमी के जूते घिस जाते हैं। अगर हम चुनाव जीतेंगे तो नागरिकों को सरकारी दफ्तरों का दबाव झेलना नहीं पड़ेगा। अहमदाबाद और सूरत के बीच आने वाले वडोदरा का विकास दम घुटने जैसा है। हम चुनाव जीतेंगे और वडोदरा की आवाज दिल्ली तक लाएंगे।

चुने गए तो संसद में जम्मू-कश्मीर की आवाज बनेंगे : महबूबा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रेसिडेंट महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि अगर उन्हें सांसद के रूप में चुना गया तो वो संसद में जम्मू-कश्मीर की जनता की आवाज बनेंगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 5 अगस्त 2019 से पूरा जम्मू-कश्मीर जेल की तरह है। सभी फैसले दिल्ली से लिए जा रहे हैं, जिससे यहां की जनता के अधिकार खत्म हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़े कानून, स्थानीय निवास से जुड़े कानून और विकास परियोजनाएं सहित अन्य काम सिर्फ और सिर्फ लोगों को बेदखल करने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों को एक ऐसे जनप्रतिनिधि को संसद में भेजने की जरूरत है, जो उनके मुद्दे को उठाए। वहीं, पीडीपी ने अपने घोषणापत्र में धारा 370 को निरस्त किए जाने को गैर-कानूनी बताया।

घोषणापत्र में कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आती है।

शराब घोटाले में लिप्त है बीजेपी ये कमल छाप घोटाला : संजय

एजेंसी। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा है कि यह तथाकथित शराब घोटाला कमल छाप घोटाला है। इस शराब घोटाले में भाजपा पूरी तरीके से लिप्त है। उन्होंने कहा कि भारत के गृहमंत्री ने एक राष्ट्रीय चैनल पर झूठ बोला और भारतीय जनता पार्टी पर लगे आरोप को छुपाने का प्रयास किया। संजय सिंह ने कहा कि एड के द्वारा जिस शरथ रेड्डी को इस पूरे घोटाले का किंगपिन बताया जा रहा है, उसने सीधे-सीधे भारतीय जनता पार्टी को 60 करोड़ रुपए की रिश्वत दी। उससे रिश्वत ली गई और उसे बचाया गया।

कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर होनी चाहिए, गिरफ्तारी उनकी होनी चाहिए। लेकिन गिरफ्तारी हो रही है अरविंद केजरीवाल की, मनीष सिसोदिया की। मुझे भी पकड़ कर 6 महीने

जेल में डाल दिया। ईडी ने अब तक 500 रेड मारी है। इस दौरान न मनीष सिसोदिया के और न ही अरविंद केजरीवाल के घर से कोई बरामदगी हुई है।

संजय सिंह ने कहा, जब हम कहते हैं कि शरथ रेड्डी ने कमल छाप दारू घोटाले किया तो उस पर न ईडी बोलती है, ना सीबीआई, ना मोदी जी बोलते हैं, ना अमित शाह जी बोलते हैं, ना जेपी नड्डा बोलते हैं और ना ही एलजी साहब बोलते हैं। संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इस देश में दोहरा कानून चलता है। बिना सबूत के आम आदमी पार्टी पर कार्रवाई और सारे सबूत होने के बाद भाजपा पर कोई कार्रवाई नहीं। संजय सिंह ने कहा है कि मैं माननीय सर्वोच्च न्यायालय का धन्यवाद करना चाहूंगा जिसने इलेक्टोरल बॉन्ड की रिपोर्ट को बाहर लाने के लिए कहा था जिसके बाद पता चला कि किसने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने कहा कि यह इलेक्टोरल बांड असंवैधानिक है। संजय सिंह ने पूरे केस को समझाते हुए कहा कि शरथ रेड्डी को जब दिल्ली में ठेका मिला तो नवंबर 2021 से लेकर जुलाई 2022 के बीच इसने 5 जनवरी को 3 करोड़ चंदा बीजेपी को दिया, 12 जनवरी को 3 करोड़ चंदा फिर बीजेपी को दिया। 2 जुलाई को डेढ़ करोड़ रुपये चंदा बीजेपी को दिया, 12 जुलाई को फिर डेढ़ करोड़ रुपये दिए। उन्होंने बताया कि जब तक उसका ठेका यहां पर चल रहा था, उसने भारतीय जनता पार्टी को रिश्वत खिलाई।

9 नवंबर को जब उसके घर पर छापेमारी हुई तो उसने कहा उसने किसी को रिश्वत नहीं दी। 10 नवंबर को शरथ रेड्डी गिरफ्तार हो जाता है उसके बाद 15 नवंबर को फिर 5 करोड़ रुपए बीजेपी को चंदा दिया जाता है।

पूरे देश में मोदी सरकार के लिए प्रचंड जनमत : सीएम योगी

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व में यूपी की 8 सहित देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए हैं। अबतक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है। स्वाभाविक रूप से पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है। सीएम योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आधी आबादी तो पूरी तरह से मोदी जी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है। पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षित माहौल के साथ सुशासन का मॉडल भारत ने पूरी दुनिया को दिया है। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा शासित राज्यों

में मोदी जी के मार्गदर्शन में सुरक्षा का बेहतर मॉडल दिया है, इसका हालिया उदाहरण रामनवमी का सकुशल आयोजन है, जबकि अपने तुष्टिकरण की नीति के लिए कुख्यात पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के कारण वहां रामनवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं।

सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर वहां देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा पूरे देश और प्रदेशों में सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का कार्य किया है।

प्रथम चरण के जो रुझान देखने को मिले हैं, पूर्ण विश्वास है कि सातों चरण में भी यही माहौल देखने को मिलेगा। राजस्थान के चुनावी दौरे पर निकलने से पहले सीएम योगी ने कहा कि राजस्थान परिवारवाद नहीं बल्कि राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के मोदी मॉडल को स्वीकार करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का कार्य करेगा।

अविनाश ने हलफनामे में विवेकानंद हत्याकांड की डिटेल

एजेंसी। अमरावती

कडप्पा लोकसभा क्षेत्र से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार वाईएस अविनाश रेड्डी के खिलाफ दो आपराधिक मामले हैं, जिनमें उनके चाचा और पूर्व मंत्री वाईएस विवेकानंद रेड्डी की हत्या से संबंधित मामला भी शामिल है। वाईएसआरसीपी उम्मीदवार अविनाश रेड्डी ने 13 मई के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। इस दौरान उन्होंने चुनाव

अधिकारियों को सौंपे गए हलफनामे में मामले के विवरण का खुलासा किया। अविनाश रेड्डी ने बताया कि सीबीआई ने 15 मार्च 2019 को वाईएसआर कडप्पा जिले के पुलिवेंदुला शहर में हुई हत्या के संबंध में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। सांसद के खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी, 302 और 201 के तहत मामला दर्ज किया गया। यह मामला हैदराबाद में सीबीआई मामलों के

आज का राशिफल

मेष सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

वृषभ मनोविनोद बढ़ेंगे। व्यायाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

मिथुन व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्यवकारक स्थितियां पैदा होंगी।

कर्क आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

सिंह स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें।

कन्या आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनः-शनः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

तुला स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें।

वृश्चिक आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

धनु धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

मकर लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुचाने की कोशिश करेंगे। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा।

कुम्भ कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। इच्छित कार्य सफल होंगे।

मीन ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

शाह ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश में रैली को किया संबोधित

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को राजस्थान और उत्तर प्रदेश में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। अमित शाह आज वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मशहूर फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के पक्ष में चुनावी रैली कर जनता का आशीर्वाद मांगेंगे।

अमित शाह आज सुबह 11 बजे राजस्थान के भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के शक्करगढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह दोपहर

12:30 बजे कोटा पहुंचेंगे और सीएडी ग्राउंड में दिन की अपनी दूसरी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद अमित शाह उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हो जाएंगे। वह शाम को करीब 4 बजे उत्तर प्रदेश के मथुरा लोकसभा में पहुंचकर वृंदावन के प्रियाकांत जू मंदिर ग्राउंड में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। बता दें कि राजस्थान के कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उत्तर प्रदेश के मथुरा से हेमा मालिनी भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं।

जेल दिल्ली सरकार के अधीन, फिर केजरीवाल को क्यों नहीं मिल रही दवा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। वह जेल में तबीयत खराब होने का आरोप लगा रहे हैं। उनकी कैबिनेट के सदस्य नेता सौरभ भारद्वाज का आरोप है कि जेल में अरविंद केजरीवाल को दवा नहीं दी जा रही है। भाजपा ने इस पर पलटवार करते हुए कहा है कि दिल्ली में यह एक नौटंकी चल रही है। जब तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के ही अंतर्गत आता है तो फिर ऐसे में कैसे वहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दवा नहीं मिल रही। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि दिल्ली में नौटंकी चल रही है। जिसके सूत्रधार दिल्ली सरकार के मंत्री हैं। तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अधीन आता है। उसके बावजूद बार-बार अनाप-शनाप आरोप लगाना, इस पर मैं एक सवाल पूछना चाहता हूं, इसी जेल में मनीष सिसोदिया डेढ़ साल से बंद हैं।

न्यूज बॉक्स

यूपी बोर्ड के नतीजे जारी, 10वीं में 89.55 और 12वीं में 82.60 प्रतिशत परिणाम

प्रयागराज। यूपी बोर्ड वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम शनिवार को जारी हो गया। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने प्रयागराज स्थित मुख्यालय में परिणाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल का 89.55 और इंटरमीडिएट का 82.60 प्रतिशत परिणाम है। दसवीं में सीतापुर के शुभम वर्मा ने टॉप किया है। बागपत बड़ौत के ?विष्णु चौधरी, अमरोहा की काजल सिंह और सीतापुर की कशिश मौर्य दूसरे नंबर पर हैं। लड़कियों ने फिर बाजी मारी है। सचिव ने बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षा इस बार 22 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चली थी। उसके बाद प्रदेश भर में कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य 16 से 31 मार्च तक चला था। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए 55 लाख से ज्यादा छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इसमें से 10वीं के 29,47,311 और 12वीं के 25,77,997 छात्र शामिल थे। 3,24,008 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी थी।

विकसित भारत एंबेसडर : 'कुछ वर्षों में भारत बनेगा दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क वाला देश' : हरदीप पुरी

नई दिल्ली। 'विकसित भारत एंबेसडर' के तहत जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में देश की परिवर्तनकारी यात्रा पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि अगले पांच साल में भारत दुनिया की टॉप 3 अर्थव्यवस्था वाले देशों में शुमार हो जाएगा। भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़ने की कगार पर है। वर्तमान में, भारत का परिचालन मेट्रो नेटवर्क लगभग 950 किलोमीटर है। अगले 2-3 वर्षों में यह संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़कर दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क होगा।

बारां में माइक खराब होने के बाद भी वसुंधरा राजे ने जारी रखा अपना भाषण, बना चर्चा का विषय



बारां। भीड़ खचाखच भरी थी। लोग सुनने को आतुर थे और सुन भी रहे थे, लेकिन तभी माइक खराब हो गया, लेकिन वक्ता ने अपना भाषण जारी रखा और श्रोता भी अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए। ये सब हुआ शनिवार को वसुंधरा राजे के साथ। लोकसभा चुनाव के बीच राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे बारां में पार्टी प्रत्याशी राजा दुष्यंत सिंह के पक्ष में चुनावी सभा कर रही थीं।

कांग्रेस को बड़ा झटका, भाजपा में शामिल हुए तजिंदर सिंह बिट्टू और करमजीत कौर

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के सह प्रभारी तजिंदर सिंह बिट्टू और करमजीत कौर ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। तजिंदर सिंह बिट्टू गांधी परिवार के काफी करीबी माने जाते हैं और रायबरेली के भी प्रभारी रह चुके हैं। वहीं करमजीत कौर कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं सांसद रहे स्वर्गीय चौधरी संतोख सिंह की पत्नी हैं। चौधरी परिवार पिछले कई दशकों से कांग्रेस से जुड़ा रहा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अचानक हार्ट अटैक से चौधरी संतोख सिंह का निधन हो गया था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में शनिवार को पार्टी मुख्यालय में तजिंदर सिंह बिट्टू और करमजीत कौर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

राजद की सोच एसटी-एससी विरोधी, सभ्य समाज के लोग इनके साथ नहीं : चिराग

एजेंसी। पटना

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद की सोच एसटी-एससी विरोधी है। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज के लोग इनके साथ नहीं हैं। पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में चिराग पासवान ने कहा कि पहले चरण में बिहार की चार सीट पर जिस तरीके से रुझान सामने आ रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि सभी सीट एनडीए के खाते में आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी घटक दल ने ईमानदारी से प्रचार-प्रसार

किया। अपने मुद्दों को लेकर जनता के बीच गए और मतदान के बाद जिस तरीके से रुझान आने लगे हैं, स्वाभाविक है जो फीडबैक निकलकर सामने आ रहा है, उसके आधार पर बिहार के सभी चार सीट पर एनडीए के प्रत्याशी की जीत होगी। पासवान ने कहा कि विपक्षी खेमे में निराशा है पहले चरण की वोटिंग के बाद एनडीए को बढ़त मिलनी शुरू हो गई है। कांग्रेस का कोई बड़ा नेता, वाम दल का कोई बड़ा नेता प्रचार-प्रसार में नहीं आया। ऐसा लगता है कि विपक्ष की प्रचार-प्रसार में कोई भूमिका नहीं है। तेजस्वी की सभा में अभद्र टिप्पणी मामले में चिराग ने फिर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मीसा भारती और तेजस्वी के बयान कहीं से उचित नहीं हैं।

खराब फॉर्म से जूझ रही आरसीबी को केकेआर से करना होगा

एजेंसी। कोलकाता

हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिए उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे। आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिए काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था, ह्यगेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आन पड़ा है। हम सिर्फ बड़े स्कोर बनाकर ही मैच जीत सकते हैं।'

कोलकाता नाइट राइडर्स : फिल साल्ट (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी/वैभव अरोड़ा, श्रेयस अय्यर (कप्तान), रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विल जैक्स, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), महिपाल लोमरोर, रीस टॉपले / टॉम कुरेन / कैमरून ग्रीन, लॉकी फर्ग्यूसन, विशाक विजयकुमार / मोहम्मद सिराज, यश दयाल

सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ ही टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 287 रन बनाया था। इस सत्र में सबसे महंगे 11 करोड़ 50 लाख रुपए में खरीदे गए अलजारी जोसफ ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और 11.89 की इकॉनॉमी रेट से रन दिए। ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी फॉर्म के लिए जूझ रहे हैं जिन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर सनराइजर्स के खिलाफ नहीं खेला। उनके कूल्हे की मांसपेशी में खिंचाव के कारण वह कुछ और मैचों में बाहर रह सकते हैं। बल्लेबाजी में टीम कोहली, डुप्लेसी और कार्तिक पर ही निर्भर है। कोहली 72.20 की औसत से 361 रन बना चुके हैं लेकिन 135 का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है। वह सातवें से 15वें ओवर के बीच स्पिनरों के सामने तेजी से रन नहीं बना पा रहे। कार्तिक ने 205 से अधिक की औसत से 226 रन बनाए हैं। सनराइजर्स के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 35 गेंद में 83 रन बना डाले थे। इन तीनों का सामना अब सुनील नारायण, मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा जैसे गेंदबाजों से है। केकेआर को पिछले मैच में आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स ने हराया था। केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। नारायण ने सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी के जौहर भी दिखाए हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला टी20 शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है।

केएल राहुल और गायकवाड़ पर लगा जुर्माना

लखनऊ । चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी संबंधित टीमों ने इकाना क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे सीजन में अपने संघर्ष के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन किया था। शुक्रवार को मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए दोनों कप्तानों पर 12-12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल ने एक आधिकारिक बयान जारी कर घोषणा की कि दोनों टीमों ने आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन किया है, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है। बयान में कहा गया, 'लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के मैच 34 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुमार्ना लगाया गया है। चूंकि आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए राहुल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। गौर हो कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने घरेलू मैदान यानी इकाना स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेला गया मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया।



आचार संहिता का उल्लंघन करने पर टिम डेविड, कीरोन पोलार्ड पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए जुमार्ना लगाया गया है। डेविड और पोलार्ड ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। दरअसल इन दोनों खिलाड़ियों पर जुमार्ना मैच के एक वायरल वीडियो के बाद आया है। वीडियो में डगआउट में बैठे ये दोनों खिलाड़ी कथित तौर पर सूर्यकुमार यादव को डीआरएस मांगने में अवैध रूप में मदद करते दिख रहे थे। यह घटना मुंबई की पारी के 15वें ओवर में घटी। अर्शदीप सिंह की गेंद ऑफ स्टम्प के बाहर थी और ट्रामलाइन के बहुत करीब थी। तब 47 गेंदों में 67 रन पर खेल रहे सूर्यकुमार ने इस गेंद पर शॉट लगाने की कोशिश की।

प्रथम हॉकी रांची लीग महिला एवं पुरुष 2024 का हुआ उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। रांची 20 अप्रैल से 02 जून 2024 तक रांची में आयोजित १२३ हॉकी रांची लीग महिला एवं पुरुष 2024 का विधिवत उद्घाटन आज के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया । आज के मैच पुरुष वर्ग का बापू क्लब और रांची रेलवे के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीमों ने 1-1 गोल किए।

रेलवे की ओर से नॉवेल टोपनो ने 22 मिनट में मैदानी गोल किया और बापू क्लब की ओर से जोसेफ टोपनो ने 23 मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से गोल कर अपनी टीम को बराबरी दिलाई । दूसरे मैच महिला वर्ग में सुपर क्वीन वीमेन क्लब और सी०एम० स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरयातु के बीच खेला गया जिसमें सुपर क्वीन वीमेन क्लब ने 03=00 से बिजय रही। सुपर क्वीन वीमेन क्लब की ओर से दीप्ति टोप्पो ने 15 मिनट में, रेशमा सोरेंग ने 22 मिनट में, और दीप्ति कुल्लू ने 53 में गोल किया आज के आयोजन में मुख्य रूप से ओलंपियन ग्रेस दीप एक्का, ओलंपियन नवजोत कौर, ओलंपियन गुरजीत कौर, ध्यानचंद अवाडी सुश्री सुमरय टेटे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेलाडी कान्ति बा आदि शामिल थे।

अमेरिकी धावकों ने यूजीन में डिस्टेंस मेडले रिले का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

नई दिल्ली। ब्रैनन किडर, ब्रैंडन मिलर, यशायाह हैरिस और हेनरी वाईन ने मिलकर अमेरिका के यूजीन में ओरेगॉन रिले में 9:14.58 सेकंड का डिस्टेंस मेडले रिले विश्व रिकॉर्ड बनाया। डिस्टेंस मेडले रिले में 1200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1600 मीटर के चरण शामिल हैं। शुक्रवार को मिलर ने 400 मीटर के लिए 46.60 रन बनाने से पहले किडर ने 2:49.60 के अपने 1200 मीटर लेग के साथ शुरूआत की। किडर ने शुक्रवार को 2:49.60 सेकंड के साथ अपने 1200 मीटर लेग के साथ शुरूआत की। इससे पहले मिलर ने 400 मीटर रेस 46.60 सेकंड में पूरी की। विश्व एथलेटिक्स से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हैरिस ने 800 मीटर के लिए 1:45.75 सेकंड का समय निकाला, वहीं विने अंतिम 1600 मीटर चरण के लिए 3:52.64 सेकंड की दौड़ के बाद बैटन घर ले आए।

बंगबंधु नेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश ने शुरू की जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज की तैयारी

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी तैयारी शनिवार को बंगबंधु नेशनल स्टेडियम के एथलेटिक्स टर्फ पर एक रनिंग सत्र के साथ शुरू की। 2006 में सभी क्रिकेट गतिविधियों को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में स्थानांतरित करने से पहले बांग्लादेश ने इस स्थान पर अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की थी। बंगबंधु स्टेडियम को बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन को सौंप दिया गया था, जिसके बाद क्रिकेट गतिविधियां बंद हो गई थीं।

फिटनेस सत्र में हिस्सा लेने वाले 35 क्रिकेटरों में से केवल मुशिफकुर रहीम और महमुदुल्लाह को ही इस मैदान पर खेलने का सौभाग्य मिला है। बीएनएस में क्रिकेटरों का आना, हालांकि थोड़े समय के लिए, पुराने ढाका में रहने वाले लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया, जहां स्टेडियम स्थित है। अंततः वे राष्ट्रीय सितारों को देखने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। पूर्व राष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज और बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशंस के वर्तमान उप प्रबंधक शहरयार नफीस उस मैदान पर लौटने के बाद पुरानी यादों में खो गए, जहां से उन्होंने अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की थी। नफीस ने शनिवार को फिटनेस सत्र के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं इस स्थान पर पहली बार 1994 में आया था। बहुत सारे आइकन क्रिकेटर यहां खेलते थे और हम उन्हें देखने आते थे। बंगबंधु स्टेडियम के हर इंच का एक इतिहास है। उन्होंने कहा, जो नए हैं वे शायद यहां नहीं खेले होंगे लेकिन निश्चित रूप से उन्होंने इस स्टेडियम के बारे में सुना होगा। उनमें से कई (क्रिकेटर) 2000 के आसपास पैदा हुए थे और उन्होंने यहां नहीं खेला होगा लेकिन उन्होंने इस स्थल के बारे में कहानियां जरूर सुनी हैं। उन्होंने कहा, देखिए, छह बजे फिटनेस देखने के लिए इतने सारे लोगों के आने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन क्योंकि यह बंगबंधु है तो आप आ सकते हैं और सभी को अच्छा अनुभव हुआ। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के नव नियुक्त ताकत और कंडीशनिंग कोच नाथन किली फिटनेस प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित थे।

इस सत्र में 35 क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया, जिसे 1600 मीटर दौड़ सत्र और उसके बाद 40 मीटर दौड़ के साथ विभाजित किया गया था।

एचडीएफसी बैंक को चौथी तिमाही में 17,622 करोड़ रुपये का मुनाफा

नई दिल्ली। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 2.11 फीसदी बढ़कर 17,622.38 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 17,257.87 करोड़ रुपये रहा था। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 2.11 फीसदी बढ़कर 17,622.38 करोड़ रुपये रहा है। एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च तिमाही में 16,511.85 करोड़ रुपये रहा, जो (अक्टूबर-दिसंबर) तीसरी तिमाही में 16,372.54 करोड़ रुपये था। बैंक ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में मूल शुद्ध ब्याज आय बढ़कर 29,080 करोड़ रुपये हो गई, जबकि इस दौरान अन्य भी आय बढ़कर 18,170 करोड़ रुपये हो गईं। एचडीएफसी के मुताबिक बैंक का कुल संपत्ति पर मुख्य शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.44 फीसदी रहा है। वहीं, सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात भी घटकर 1.24 फीसदी पर आ गया है। गौरतलब है कि एचडीएफीसी बैंक ने पिछले साल जुलाई, 2023 में अपनी आवास ऋण केंद्रित मूल कंपनी एचडीएफसी का विलय कर लिया था।

ईपीएफओ ने फरवरी महीने में 15.48 लाख नेट सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी में नेट (शुद्ध रूप से) 15.48 लाख सदस्य जोड़े हैं। इस दौरान करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने ईपीएफओ के साथ नामांकन कराया। सेवानिवृत्त कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने यह जानकारी दी है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि ईपीएफओ के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक फरवरी के महीने में शुद्ध रूप से 15.48 लाख सदस्य जोड़े गए हैं। फरवरी, 2024 के दौरान पहली बार करीब 7.78 लाख नए सदस्यों ने नामांकन कराया है। आंकड़ों के मुताबिक इनमें 18 से 25 आयु वर्ग के अधिकांश सदस्य हैं। इनकी संख्या फरवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 56.36 फीसदी है। यह दशार्ता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं। पेरोल डेटा से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य ईपीएफओ की योजनाओं से बाहर निकल गए थे, वो फिर से ईपीएफओ में शामिल हो गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए। मंत्रालय के मुताबिक इन्होंने अपने कोष को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना। आंकड़ों के मुताबिक ईपीएफओ में फरवरी में शामिल 7.78 लाख नए सदस्यों में से करीब 2.05 लाख महिला सदस्य हैं। इसके अलावा इस दौरान जोड़े गए शुद्ध महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.08 लाख रही। ईपीएफओ के आंकड़ों से यह पता चलता है कि महिला सदस्यों का जुड़ना अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है।

जियो ने लाया फ्री ऑफर, नेटफ्लिकस का सब्सक्रिप्शन लेने की नहीं पड़ेगी जरूरत

एजेंसी। नई दिल्ली

जियो की तरफ से प्लान में बदलाव किए जाते हैं। यही वजह है कि समय-समय पर कंपनी इनमें बदलाव करके बेनिफिट्स ऐड करती है। आज हम कंपनी के कुछ ऐसे पोस्टपेड प्लान के बारे में बताएंगे जो आपको नेटफ्लिक्स का फ्री सब्सक्रिप्शन ऑफर करते हैं। यानी नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन आपको अलग से खरीदने की जरूरत नहीं होती है।

Jio 699 Postpaid Plan

जियो का ये प्लान ऐसे यूजर्स की पहली पसंद रहता है जो कम कीमत में ज्यादा बेनिफिट्स वाला प्लान खरीदना चाहते हैं। इसमें आपको 100GB Data दिया जाता है। इसमें 3 फैमिली सिम भी मिलती हैं। साथ ही हम सिम 5 जीबी मासिक भी दिया जाता है। इसके अलावा Amazon Prime Lite, Jio TV, Jio Cinma और Jio Cloud का सब्सक्रिप्शन भी दिया जाता है।



Jio 1499 Postpaid Plan

ये रिचार्ज आपको ज्यादा बेनिफिट्स ऑफर करता है। इसमें नेटफ्लिक्स मोबाइल का सब्सक्रिप्शन तो दिया जाता है, साथ में अमेजन लाइट, जियो टीवी का सब्सक्रिप्शन भी दिया जा रहा है। इसमें कुल 300 जीबी डेटा मिलता है। हालांकि इसमें एडिशनल सिम तो नहीं मिल रही है। बाकि अनलिमिटेज कॉलिंग और एसएसएस की सुविधा तो आपको दी ही जा रही है। आप इसे अपनी लिस्ट में आज ही शामिल कर सकते हो।

Jio 599 Postpaid Plan

ये प्लान भी आपको अनलिमिटेड कॉलिंग ऑफर करता है, लेकिन इसमें नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन नहीं दिया जाता है। हालांकि ये अनलिमिटेड डेटा के साथ तो आता है। प्लान में आपको रोजाना 100 स्टर की सुविधा भी मिलती है। यानी ये ऐसे यूजर्स के लिए अच्छा ऑप्शन साबित होता है जो कम कीमत में ज्यादा बेनिफिट्स चाहते हैं। साथ ही इसमें ऐड-ऑन की सुविधा भी नहीं दी जाती है। पोस्टपेड प्लान्स की जब भी बात होती है तो इनकी चर्चा सबसे पहले होती है।

बस एक लाख रुपये देकर घर लाएं बेस्ट सेलिंग मारुति कार वैगनआर

एजेंसी। नई दिल्ली

मारुति सुजुकी की बजट हैचबैक वैगनआर भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में से एक है और यह बीते महीने कंपनी की टॉप सेलिंग कार रही। वैगनआर टाटा पंच और हुंडई क्रेटा से भले पिछड़ गई, बाद बाकी हैचबैक समेत अन्य सेगमेंट की सभी कारों को इसने पछाड़ दिया। आप अगर इन दिनों मारुति वैगनआर खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं, लेकिन एकमुश्त पैसे देने की बजाय आप इसे फाइनैंस कराना चाहते हैं तो यह काफी आसान है।

महज एक लाख रुपये डाउनपेमेंट कर आप मारुति सुजुकी वैगनआर के सबसे सस्ता वेरिएंट वैगनआर छक पेट्रोल मैनुअल और सबसे ज्यादा बिकने वाले वेरिएंट वैगनआर **VXI** मैनुअल पेट्रोल को घर ला सकते हैं और फिर 5 साल के लिए हर महीने आसान किस्त दे सकते हैं। मारुति सुजुकी वैगनआर लंबे समय से कंपनी की टॉप सेलिंग कारों में से एक है। वैगनआर को **LXi, VXi, ZXi** और ZXi+ जैसे 4 ट्रिम लेवल के 11 वेरिएंट्स में पेश किया गया है। वैगनआर की कीमतें 5.54 लाख रुपये से लेकर 7.38 लाख रुपये तक है। वैगनआर में 1197 सीसी का इंजन लगा है, जो कि 88.5 बीएचपी तक की पावर जेनरेट करता है। मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्पों में उपलब्ध वैगनआर के पेट्रोल वेरिएंट्स की माइलेज 25.19 kmpl तक और सीएनजी वेरिएंट्स की माइलेज 34.05 km/kg तक की है।

गूगल मैप्स की मदद से सीएनजी पंप का पता लगाएं आसानी से

नई दिल्ली। गूगल मैप्स ने हमें हमारे दैनिक जीवन को सुविधाजनक बनाने में काफी मदद की है। जिस तरह से यह हमें नए स्थानों के लिए नेविगेट करता है, समय और भाग्य की बचत करता है, वैसे ही यह हमें अपने पसंदीदा स्थानों जैसे कि सीएनजी पंप, रेस्तरां, अस्पताल, आदि को भी ढूंढने में मदद करता है। आइए जानते हैं कि गूगल मैप्स पर सीएनजी पंप जैसे स्थानों को कैसे ढूंढा जा सकता है और इस प्रोसेस के क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

गूगल मैप्स पर सीएनजी पंप कैसे ढूंढें

- **गूगल मैप्स एप्लिकेशन ओपन करें :** सबसे पहले, आपको अपने डिवाइस पर गूगल मैप्स एप्लिकेशन ओपन करना होगा। आप इसे अपने स्मार्टफोन, टैबलेट, या कंप्यूटर पर उपयोग कर सकते हैं।
- **सर्च बार में 'सीएनजी पंप' टाइप करें :** आपको गूगल मैप्स के मुख्य स्क्रीन पर एक सर्च बार दिखाई देगा। वहां, आपको 'सीएनजी पंप ' लिखकर एंटर करना होगा।
- **सभी सीएनजी पंप की सूची देखें :** एंटर करने के बाद, गूगल मैप्स आपको आपके वर्तमान स्थान के निकटतम सीएनजी पंपों की एक सूची प्रदर्शित करेगा। इसमें स्थान, दूरी, रेटिंग, और अन्य जानकारी शामिल हो सकती है।
- **नेविगेट करें :** आप अपनी पसंदीदा सीएनजी पंप का चयन करके उसके निकटतम मार्ग को नेविगेट कर सकते हैं। गाइडेंस के लिए आप दिए गए मार्ग पर क्लिक करके नेविगेट कर सकते हैं।
- **समर्थन और सेवाएं :** गूगल मैप्स आपको विभिन्न अन्य सेवाएं भी प्रदान करता है, जैसे कि ट्रैफिक अपडेट्स, अलग-अलग रूट विकल्प, और भूमि सतेलाइट चित्रों का प्रयोग करके आपको बेहतर नेविगेशन देना।

गूगल मैप्स पर सीएनजी पंप के लाभ

- **समय और ऊर्जा की बचत :** गूगल मैप्स के माध्यम से सीएनजी पंप की खोज से, आप समय और ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। आप बिना यहां-वहां जाकर अपने गैस की जरूरत पूरी कर सकते हैं।
- **अधिकतम सहयोग :** गूगल मैप्स ने अपने प्रयोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए अन्य उपयोगी जानकारी जैसे कि समय, दूरी, और रेटिंग के साथ-साथ उठ पंपों के लिए सबसे बेहतरीन और सटीक मार्ग भी प्रदान करता है।
- **स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा :** सीएनजी पंपों पर जाने से, आप प्राकृतिक गैस का उपयोग करते हैं, जो कि अधिक स्वच्छ और सस्ती है। इससे पर्यावरण को भी लाभ होता है।
- **बेहतर यात्रा अनुभव:** गूगल मैप्स के माध्यम से सीएनजी पंपों की खोज से आपका यात्रा अनुभव बेहतर होता है। आप बिना किसी परेशानी के अपने सफर को पूरा कर सकते हैं।

राहुल और लालू समेत कई नेता आज सुबह पहुंचेंगे

भागलपुर जाने के क्रम में शुक्रवार को देवघर पहुंचे राहुल, दीपिका पांडेय सिंह व अन्य ने किया स्वागत

इंडी गठबंधन के उलगुलान रैली के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था, हर चौक चौराहे पर सुरखाकर्मी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल होंगे। कांग्रेस के दोनों बड़े नेता रविवार को सुबह रांची एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, वहां से वे सीधे होटल रेडिशन ब्लू जाएंगे। होटल में कुछ देर रूकने के बाद सीधे प्रभात तारा मैदान में आयोजित रैली में शामिल होंगे। इसके पहले राहुल गांधी शनिवार को भी झारखंड आएं थे, लेकिन देवघर एयरपोर्ट से सीधे भागलपुर के लिए रवाना हो गए। जहां झारखंड के कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। देवघर एयरपोर्ट पर गोड्डा से लोकसभा चुनाव 2024 की उम्मीदवार दीपिका पांडेय सिंह और अन्य कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी की अगवानी की। उनके आलावा पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव और जामताड़ा के चर्चित विधायक इरफान अंसारी और अन्य स्थानीय नेता भी मौजूद थे। उलगुलान रैली में राजद सुप्रीमो लालू यादव के भी शामिल होने की सूचना है, उनके साथ बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी पहुंचेंगे। राजधानी के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये गए हैं। इस रैली में देश के दो दर्जन से अधिक बड़े नेता शामिल हो रहे हैं। इनमें कई नेताओं को जेड और एसपीजी श्रेणी की सुरक्षा मिली है, इसलिए उसी स्तर की पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। एयरपोर्ट, होटल से लेकर रैली स्थल और सर्किट हाउस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। सभी स्थानों की सुरक्षा के लिए 2,000 अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। साथ ही ट्रैफिक रूट में भी बदलाव किया गया है। दो दर्जन से अधिक नेता होंगे शामिल इस महारैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव के आलावा कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, आम आदमी पार्टी की सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी, टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन, माले के दीपांकर भट्टाचार्य सहित कई नेता शामिल होंगे।

एक मंच पर दूसरी बार होंगी कल्पना और सुनीता

कल्पना और सुनीता दिल्ली में इंडी गठबंधन की रैली में पहली बार दिल्ली की सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन एक साथ पहली बार मौजूद थी, एक बार फिर दोनों रांची की रैली में एक मंच पर दिखेंगी। दिल्ली की रैली अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद योजित किया गया था, रांची की रैली हेमंत सोरेन के जेल जाने के विरोध में आयोजित की गई है।

झामुमो विधायक लोबिन नहीं होंगे शामिल

लोबिन हेम्ब्रम उलगुलान रैली की सफलता के लिए इंडी गठबंधन पूरी ताकत के साथ जुटा है, वहीं झामुमो के क विधायक लोबिन हेम्ब्रम अब भी बागी तेवर अपनाए हुए हैं। विधायक लोबिन हेंब्रम ने इस महारैली को लेकर ना सिर्फ सवाल उठाया है, बल्कि इसमें शामिल होने से भी साफ इंकार कर दिया है। उल्टे लोबिन सवाल करते हुए कहा कि आज पूरे गठबंधन के साथ उलगुलान करने की नौबत क्यों आ गई है। अगर कुछ था तो झामुमो अकेला ही काफी था। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि शिबू सोरेन ने तो अकेले ही झारखंड राज्य के लिए आंदोलन किया था। तब तो कोई उनके साथ नहीं था,कोई गठबंधन नहीं था। वह सच्चाई की लड़ाई थी और उनकी अगुवाई में राज्य अलग हुआ।

न्यूज बॉक्स

हटिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

रांची। रांची संसदीय क्षेत्र के हटिया विधानसभा में भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रांची के लोकप्रिय विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक समरी लाल, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, संयोजक संजीव विजय वर्गीय ,सहसंयोजक रमाकांत महतो, विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी विधायकों ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव देश के दिशा और दशा तय करेगी, इसलिए हम सबों को 25 मई को अपने-अपने बूथ पर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की जरूरत है। इस अवसर पर सांसद सेठ ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। देश में पहली बार महिलाओं को मिला सम्मान मोदी जी ने देश की महिलाओं को एक बड़ा उपहार दिया है, 33 परसेंट आरक्षण के रूप में अब संसद में पुरुषों के बराबर में महिलाएं सांसद बनेगी देश के हर पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

इंडियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष व महासचिव सहित कई नेता राजद में शामिल

रांची। राष्ट्रीय प्रदेश कार्यालय में इंडियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष साजिद आलम,महासचिव जसीम अख्तर, शबनम खातून सहित तमाम पदाधिकारी एवं सैकड़ों लोगों के साथ राजद में शामिल हो गए। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कु सिंह यादव ने नेताओं और पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि पार्टी में सभी को सम्मान मिलेगा। राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने सभी शामिल साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इंडियन मुस्लिम लीग के सभी लोग राजद के विचारधारा और राजद अध्यक्ष लालू प्र यादव एवं यूथ आइकॉन तेजस्वी यादव के नीतियों का अपनाकर पार्टी में शामिल होकर राजद को मजबूती प्रदान करने का काम किया है, इंडियन मुस्लिम लीग के अलावा विभिन्न पार्टी के लोग शामिल हुए हैं।

सेना की जमीन की खरीद-बिक्री के आरोपित अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला 25 को

रांची। बरियातू स्थित सेना की 4.55 एकड़ भूमि की खरीद-बिक्री मामले में आरोपित अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट अब 25 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। इससे पूर्व दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला 20 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया गया था लेकिन शनिवार को अदालत के नहीं बैठने के कारण आदेश पारित नहीं किया जा सका। फिलहाल अफसर अली पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में ईडी के रिमांड पर है। अफसर अली के खिलाफ मामले में चार्जशीट दाखिल हो गया है और जांच भी पूरी हो गई है। ईडी ने अफसर अली को कोर्ट के अनुमति से 14 अप्रैल, 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। मामले में अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया।

निलंबित सीई वीरेंद्र राम सहित पांच आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि चार मई तक बढ़ी

रांची। धन-शोधन (मनी लॉन्डरिंग)) मामले के आरोपित जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन सहित पांच आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिरसा मुंडा जेल से ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हुई। कोर्ट ने इनकी न्यायिक हिरासत अवधि चार मई तक के लिए बढ़ा दी है। ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इनके तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता और राम प्रकाश भाटिया को भी ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गयी संपत्ति वीरेंद्र के जरिये टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गई है।

पत्नी का बार-बार रेप करने के आरोपी पर नहीं चलेगा केस, कोर्ट ने स्वीकार किया डिस्चार्ज पिटीशन

रांची। रांची की सिविल कोर्ट ने एक व्यक्ति को अपनी पत्नी का बार-बार रेप करने के आरोपों से मुक्त कर दिया है। महिला ने डोरंडा थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोप लगाया था कि पति ने उसकी मर्जी के खिलाफ बार-बार उससे जबरन यौन संबंध बनाया। इससे वह शारीरिक और मानसिक तौर पर आहत हुई है। केस के इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर ने आईपीसी की धारा 376(2)(एन) और 417 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान भी लिया था। आरोपी ने इसके बाद रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। इस पर सुनवाई और विभिन्न पक्षों की बहस के बाद कोर्ट ने पिटीशन को स्वीकार कर लिया है।

एकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड के आरोपित की जमानत याचिका खारिज

रांची। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शनिवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व शुक्रवार को अदालत ने मामले के एक अन्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मामले में दोनों पर आरोप है कि राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी।

दो नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के मामले में दो नाबालिग निरुद्ध, एक बालिग को भेजा जेल

रांची। राजधानी के मांडर थाना क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो नाबालिग लड़कों को निरुद्ध किया है जबकि एक युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित नाबालिग लड़की की मां ने बताया है कि उसकी बेटी गुरुवार को मौसेरी बहन के साथ चान्हो में मेला देखने गई थी। उसकी बेटी के साथ दो लड़के भी थे, जो पूर्व से उनके परिचित थे। मेले से लौटने के दौरान आरोपितों ने रास्ते में ही एक खाली मकान में डरा-धमकाकर दोनों नाबालिगों के साथ दुष्कर्म किया। जब दोनों नाबालिग गुरुवार देर रात तक घर नहीं लौटी तो परिजन उनकी तलाश के लिए निकले। काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को उनका कुछ पता नहीं चला। इसी दौरान एक नाबालिग आरोपितों के चंगुल से आधी रात को ही भाग खड़ी हुई। इस बीच उस लड़की की मुलाकात परिजनों से हुई, जिसके बाद उसने पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों ने शुक्रवार को मांडर थाना पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दूसरी पीड़िता को खलारी-बिजुपाड़ा मार्ग के पास स्थित जंगल से खोज निकाला।थाना प्रभारी राहुल ने शनिवार को बताया कि दो नाबालिग लड़कियों के साथ हुए दुष्कर्म के तीनों आरोपितों को पकड़ लिया गया है। इनमें से दो आरोपित नाबालिग हैं, जिनको निरुद्ध किया गया है। उन्हें रिमांड होम भेजा गया है। एक बालिग आरोपित को जेल भेजा गया। मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एक नजर

पद्मभूषण कड़िया मुंडा को अर्जुन मुंडा ने दी जन्मदिन की बधाई

खूंटी। भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को पद्मभूषण कड़िया मुंडा के अनिगड़ा स्थित आवास जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। केंद्रीय मंत्री ने कड़िया मुंडा के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। खूंटी से आठ बार सांसद, कई बार केंद्रीय मंत्री और लोकसभा के उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा अपने जीवन के 88 बसंत देख चुके हैं। उनका जन्म 20 अप्रैल 1936 को हुआ था। जन्मदिन के मौके पर कड़िया मुंडा को कई लोगों ने उनके आवास जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

सद्दाम हुसैन का पुलिस रिमांड खत्म, वापस पहुंचा होटवार जेल

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में पिछले 12 दिनों से आरोपी सद्दाम हुसैन से ईडी ने रिमांड में पूछताछ कर रही थी। पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने पर शनिवार को ईडी ने आरोपी सद्दाम को कोर्ट में पेश किया । जहां से अदालत ने उसे पुनः न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया है। मामले में अब पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ सद्दाम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया जाएगा। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में 9 अप्रैल को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया था। पूछताछ के दौरान ही ईडी को कई अहम जानकारी मिली। जिसके आधार पर ईडी ने जेएमएम नेता अंतू तिर्की समेत चार आरोपियों के ठिकाना पर छापामार की थी।

उलगुलान न्याय महारैली में दिखेंगे इंडी गठबंधन के सभी उम्मीदवार व नेता

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची । झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की तरफ से रविवार को उलगुलान न्याय महारैली से लोकसभा चुनाव का शंखनाद होगा। साथ ही इंडी गठबंधन इस रैली के जरिए एकजुटता का भी परिचय देकर चुनावी मैदान में उतरेगा। इस रैली में गठबंधन के सभी उम्मीदवार मंच पर दिखेंगे। वैसे तो इंडी गठबंधन अब तक 11 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। बची तीन लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर और पलामू की घोषणा होनी बाकी है। रांची लोकसभा सीट कांग्रेस कोटे में है। इस सीट से सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय का नाम सबसे आगे चल रहा है। इसके साथ मंत्री बन्ना गुप्ता के नाम की चर्चा केंद्रीय चुनाव समिति में चल रही है, जिस पर पार्टी निर्णय ले सकती है। हालांकि, रांची लोकसभा के लिए सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर आलाकमान अंतिम निर्णय ले सकता है। जेएमएम कोटे की जमशेदपुर लोकसभा सीट से आस्तिक महतो और पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के नाम पर मुहर लग सकती है जबकि पलामू लोकसभा सीट राजद के खाते में है और इस सीट से आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है। सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर केंद्रीय नेतृत्व राजी होता है, तो चुनावी मैदान में कांग्रेस की तीन महिला उम्मीदवार होंगी। गोड्डा से प्रदीप यादव का नाम आगे था।

उलगुलान रैली मे चुनाव आचार संहिता का हो रहा है उल्लंघन

रांची। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को चुनाव आयोग पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग में शिकायत दर्ज कराई कि रविवार को होने वाले उलगुलान रैली में आदर्श चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव और न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा मौजूद थे। रैली को लेकर जिस तरह इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों ने जिस तरह खुलेआम गाड़ियों में झंडा बैनर और पोस्टरों /होर्डिंग लगाया है ये आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की सार्वजनिक संपति विरूपण एक्ट 1987 अभी रांची मे प्रभावी है क्योंकि यहां पर अभी चुनाव अधिसूचना जारी नहीं हुआ है। इस एक्ट के तहत कोई भी व्यक्ति किसी पार्टी का झंडा बैनर अपने घर या सार्वजनिक जगह पर नहीं लगा सकता है।

नाली व पीसीसी रोड की मानसिकता से निकलना होगा : अर्जुन मुंडा

खूंटी। खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और जनजातीय मामलों तथा केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमें नाली और पीसीसी रोड की मानसिकता से निकलना होगा। यह लोकसभा चुनाव है, जो देश का भविष्य निर्धारित करेगा। इसलिए लोगों को राष्ट्र हित में सोचकर मतदान करना चाहिए। अर्जुन मुंडा शनिवार को मरचा गांव में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल होने के बाद खूंटी लौटने के क्रम में तोरपा स्थित भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यालय में कार्यकर्ताओ के साथ चाय पे चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपको बताना होगा कि केंद्र सरकार से आप किस तरह की योजना चाहते हैं। ऐसी योजनाओं की मांग करें, जिससे क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को शिकायत रहती है कि अर्जुन मुंडा गांवों में नहीं जाते। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खूंटी संसदीय क्षेत्र में पांच हजार से अधिक गांव हैं।

भ्रष्टाचारियों का, भ्रष्टाचारियों के लिए तथा भ्रष्टाचारियों के द्वारा आयोजित है रैली

उलगुलान जैसे क्रांतिकारी शब्द का प्रयोग कर भगवान बिरसा मुंडा को अपमानित कर रहा इंडी गठबंधन : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इंडी गठबंधन के द्वारा आयोजित उलगुलान रैली पर तीखा हमला किया है। प्रदेश मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में बाजपा नेता ने कहा कि आदिवासी समाज की जमीनों और उनके संसाधनों को लूटने और तबाह करने वालों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए तथा इतिहास में झांककर इंडी गठबंधन के साथियों को एक बार उलगुलान विद्रोह को फिर से पढ़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों और उनके अधिकारों को जमीदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोधस्वरूप उत्पन्न हुआ था। लेकिन आज इंडी गठबंधन उन्हीं साहूकारों और जमींदारों की तरह आदिवासी समाज की जमीनों को हड़पकर उलगुलान जैसे शब्दों का उपयोग कर उसका राजनीतिकरण कर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि आज हेमंत के नेतृत्व में उन्हीं आदिवासी समाज की पुश्तैनी जमीनों को अवैध तरीके से कब्जा जमाकर बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना संजोया जा रहा है, ऐसे व्यक्ति के लिए उलगुलान जैसे क्रांतिकारी शब्द का प्रयोग करके भगवान बिरसा मुंडा जी को अपमानित किया जा रहा है।

उलगुलान विद्रोह को लेकर आदिवासी कवि हरीराम मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा पर कविता लिखी थी जिसकी चंद पंक्तियां इस प्रकार हैं

मैं केवल देह नहीं,
मैं जंगल का पुश्तैनी दावेदार हूं।
पुश्तें और उनके दावे मरते नहीं
मैं भी मर नहीं सकता
मुझे कोई भी जंगलों से बेदखल नहीं कर सकता
उलगुलान ! उलगुलान !!
उलगुलान !!!

भ्रष्टाचारी हेमंत को अपराध से मुक्त घोषित

भाजपा प्रदेश ने कहा कि इस रैली के माध्यम से इंडी गठबंधन एक मात्र उद्देश्य सच्चाई, इंसाफ, न्याय न होकर, किसी तरह से भ्रष्टाचारी हेमंत को अपराध मुक्त घोषित करना है। रैली में शामिल होने वाले इंडी गठबंधन के साथियों के लिए आदिवासी कल्याण कभी मुद्दा था भी नहीं, और आज भी नहीं है। उनके लिए मुख्य विषय यह है कि हेमंत के भ्रष्टाचार को उजागर क्यों किया गया?

हिन्दू विरोधी,परिवारवाद भ्रष्टाचार तथा तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही इंडी गठबंधन

बाबूलाल ने कहा कि इसी तरह यह भी समझना चाहिए कि कैसे समाज में दो तरह की राजनीति हो रही है। एक तरफ इंडी गठबंधन, जो अपनी हिंदूविरोधी मानसिकता के साथ परिवारवाद,भ्रष्टाचार तथा तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर अपने स्वार्थों की पूर्ति कर रहा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार जिसका मुख्य उद्देश विकसित भारत के संकल्प के साथ, देश की एकता तथा अखंडत को मजबूत करना और देश की सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करके देश का गौरव बढ़ाना, समाज के सभी वर्गों की बराबर भागीदारी सुनिश्चित कराना।

पृष्ठ एक के शेष

उलगुलान न्याय महारैली आज...
कल्पना को झारखंड में इंडी गठबंधन का चेहरा बनाने की कोशिश : दोपहर से होने वाली रैली को बारह राष्ट्रीय नेता संबेधित करेंगे। इसमें झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का नाम भी शामिल है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन घोषित-अघोषित तौर पर इस रैली की मुख्य मेजबान हैं। इसलिए उनका संबोधन भी लाजिमी है। इसे लेकर झारखंड के कई शहरों में लगाई गई होर्डिंग्स में हेमंत सोरेन के साथ उनकी तस्वीरें छाई हुई हैं। अलबत्तामुख्य पोस्टर में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में इस रैली को हेमंत सोरेन की गैरमौजूदगी में कल्पना सोरेन को झारखंड में गठबंधन के मुख्य चेहरे के तौर पर स्थापित-प्रचारित करने के तौर पर भी देखा जा रहा है। मालूम हो कि उलगुलान का अर्थ क्रांति होता है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि इस रैली में जुटने वाले लोग दही-चूड़ा खाएंगे और भाजपा को भगाएंगे का संदेश लेकर पूरे राज्य में जाएंगे।
मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया...
अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। मंहगाई, बरोजगारी बड़ा मुद्दा है। झारखंड में 14 सीटों पर गठबंधन विजयी होगा। मौके पर झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस से राकेश सिन्हा , राजद से कैलाश यादव, माले नदीम खान, आबिद खान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।
यह आदिवासी अपमान...
भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को दृष्टि का इलाज कराना चाहिए, क्योंकि उन्हें वो पोस्टर दिखाई नहीं दे रहे, जिसमें सीएम चंपाई सोरेन हैं।
नक्सली क्षेत्रों में मानदंड का...
सुरक्षाकर्मियों को सुविधा पहुंचे, इसके लिए जरूरी पहल करने का निर्णय लिया गया। चुनाव कराने के लिए अगले सप्ताह से फोर्स का आना शुरू हो जायेगा। उन्हें ठहराने आदि पर भी चर्चा की गयी। डीआईजी ने कहा कि चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी है। एसओपी का अनुपालन हर हाल में करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए कई स्तरों पर तैयारी की गयी है। लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करना है। कई अपराधी जिलाबदर किए गए हैं। चुनाव में बड़े स्टार प्रचारक आते हैं और ठहरते हैं, उसके लिए किस तरह प्रबंध करना है, इस पर भी चर्चा की गयी। सोशल मीडिया, नक्सल ऑपरेशन पर क्या कुछ किया गया, इसकी भी समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी मौजूद थे।
राष्ट्रपति ने महावीर जयंती...
मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रेम व शांति का संदेश देता है। भगवान महावीर ने एक आदर्श और सभ्य समाज के लिए अहिंसा, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह का मार्ग अपनाने की शिक्षा दी। उनकी शिक्षाएं समस्त मानवजाति के कल्याण के लिए सदैव प्रासंगिक रहेंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हम संकल्प लें कि हम समाज में प्रेम और सद्भाव बनाए रखेंगे तथा राष्ट्र के विकास के लिए निष्ठा से कार्य करते रहेंगे।
चाईबासा में पीएलएफआई एरिया...
पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। सोना हेंब्रम के खिलाफ चाईबासा और खूंटी जिले के अलग-अलग थानों में 11 मामले दर्ज हैं जबकि बिरसा खंडाइत के तीन मामले दर्ज हैं।
लातेहार में टेंपो और ट्रैक्टर की...
के दौरान मशीन का नुकीला हिस्सा टेंपो पर बैठे सीआरपीएफ के हवलदार के गर्दन में जा घुसी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद एसपी अंजनी अंजन, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार समेत पुलिस के अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।
एलन मस्क का भारत...
भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मिलने वाले थे। मस्क ने हाल ही में टेस्ला की तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस कॉल की थी, जिसके बाद कंपनी ने वैश्विक स्तर पर अपने कार्यबल में 10 प्रतिशत या लगभग 14,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। टेस्ला में छंटनी से कुछ विभागों के 20 प्रतिशत तक कर्मचारी बर्खास्त कर दिए गए। यह निर्णय मुख्य रूप से खराब वित्तीय प्रदर्शन के कारण था। टेस्ला के दो हाई-प्रोफाइल अधिकारी - रोहन पटेल और डू बैगलिनो ने भी कंपनी छोड़ दी है। टेस्ला ने लगभग 25,000 डॉलर में कम लागत वाली ईवी विकसित करने की योजना भी फिलहाल स्थगित कर दी है।

पलामू लोकसभा सीट पर तीसरे दिन भी नहीं हुआ कोई नामांकन

पलामू। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन शनिवार को पलामू लोकसभा सीट से एक भी नामांकन नहीं हुआ। मात्र एक फार्म की बिक्री हुई। एसयूसीआई (सी) से महेन्द्र बैठा ने नामजदगी के पर्चे खरीदे। तीसरे दिन भी नामांकन का पर्चा लेने के लिए निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन कार्यालय में मौजूद रहे लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर किसी उम्मीदवार ने नॉमिनेशन नहीं किया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार से नामांकन शुरू है। पिछले तीन दिनों के दौरान सात नामांकन पत्र बिके हैं। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा समाहरणालय में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसे लेकर समाहरणालय और आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में महिला-पुरुष सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाए हुए हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

"Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

हल्द्वानी की एक बस्ती में लगी भीषण आग, कई झोपड़िया हुई खाक

हल्द्वानी। उत्तराखंड के हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रेलवे क्रॉसिंग के पास झुग्गियों वाली बस्ती में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर दो दर्जन से ज्यादा झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। गनीमत ये रही कि आग में कोई जनहानि नहीं हुई। हल्द्वानी शहर के बनभूलपुरा के अंतर्गत आने वाले चोरगलिया रोड चिराग अली शाह बाबा मजार क्षेत्र में शुक्रवार देर रात मजदूरों की कई झोपड़ियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि घरेलू सामान और झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। जानकारी मिलने के बाद दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

हमारा मुकाबला बीजेपी या उसकी ए-बी टीम से नहीं : उमर

पुलवामा। नेकां ने देरि मुरन पुलवामा में एक सार्वजनिक रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला, श्रीनगर लोकसभा सीट के प्रत्याषी आगा सईद रौहल्लाहा, जिला अध्यक्ष पुलवामा मोहि-उद-दीन मीर, पूर्व विधायक खलील बंद और असदुल्ला इलाही ने लोगों को संबोधित किया।

मनीष सिसोदिया की रेगुलर बेल पेटीशन पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मनीष सिसोदिया दिल्ली शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। उधर, सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने के लिए लगाई अपनी दूसरी बेल पेटीशन शुक्रवार को वापस ले ली।

जम्मू-कश्मीर के रियासी में हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को जम्मू संभाग के रियासी जिले के अरनास इलाके से हथियार और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। पुलिस ने कहा कि सूचना मिली थी कि अरनास क्षेत्र में एक ठिकाने पर हथियार और गोला बारूद रखे हुए हैं। जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एक अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने कहा, हमने दो डेटोनेटर, असॉल्ट राइफल के 12 कारतूस, एक पुल-थ्रू, आईईडी वाला टेप रिकॉर्डर, ऐसा ही एक कैलकुलेटर, एक बैटरी और कुछ कनेक्टिंग तार बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि इलाके में अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड में झरने में डूबकर मौत

लंदन। भारत के दो छात्रों की स्कॉटलैंड के एक झरने में डूबने से उनकी मौत हो गई। ये छात्र ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ रहे थे। स्कॉटलैंड पुलिस ने अभी तक दोनों छात्रों का नाम नहीं बताया है। हालांकि, यह जानकारी सामने आई है कि दोनों आंध्र प्रदेश के हैं और इनकी उम्र 20 साल और 26 साल बताई गई है। आज शुक्रवार को शवों का पोस्टमॉर्टम किया जाना है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई। यहां दोस्तों का एक समूह घूमने के लिए आया था। इस दौरान उनमें से दो लोग पानी में गिर गए।

अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए एक साथ आए हैं इंडी गठबंधन के नेता : प्रधानमंत्री

25 फीसद सीटों पर इंडी गठबंधन के नेता एक-दूसरे के खिलाफ ही चुनाव लड़ रहे हैं

पीएम मोदी ने कहा, राहुल गांधी एक और सीट से चुनाव लड़ेंगे, 26 के बाद करेंगे घोषणा

सभी मतदाताओं का धन्यवाद, सभी हिस्सा लें

पीएम मोदी ने कहा, चार जून के बाद इंडिया गठबंधन के नेता एक-दूसरे के कपड़े फाड़ते नजर आएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि शुक्रवार को लोकसभा चुनाव का पहला चरण संपन्न हुआ। मैं सभी मतदाताओं को शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। खासकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं का। मतदान के बाद कई लोगों ने बूथ स्तर पर इसका विश्लेषण किया। जिससे स्पष्ट हुआ है कि पहले चरण के चुनाव में एनडीए गठबंधन के पक्ष में एकतरफा वोट हुआ है। मैं देश के लोगों से यह अपील करना चाहता हूं कि आप लोगों के प्रयासों से ही एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित हो रही है। मैं सभी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा और साथ ही मैं उन सभी लोगों को भी संदेश देना चाहूंगा कि जो मतदान नहीं कर रहे हैं, वो मतदान करें, वो लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लें। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष की लगातार हुई पराजय पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, आपको (विपक्षी दलों) भी जीत मिलेगी, इसलिए मैं हारने वाली पार्टियों को भी प्रोत्साहित करना चाहता हूं।

एजेंसी। मुंबई/ तिरुवनंतपुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को को महाराष्ट्र में एक रैली में इंडी गठबंधन पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी नेता अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए एक साथ आए हैं, लेकिन पहले चरण के चुनाव में मतदाताओं ने इन्हें पूरी तरह से रिजेक्ट कर दिया। नांदेड़ में बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, देश की 25 फीसद सीटों पर इंडिया गठबंधन के नेता एक-दूसरे के खिलाफ ही चुनाव लड़ रहे हैं। क्या देश की जनता किसी ऐसे पर भरोसा कर सकती है, जो अपने अगुवा पर ही भरोसा नहीं करते हों?

अगर अपने ही मोर्चे में एक दूसरे को जेल में डालने की बात करने वाले लोग चुने जाते हैं, तो ये लोग सदन में भी एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे। वहीं तिरुवनंतपुरम में उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी एक और सीट से चुनाव लड़ेंगे। एक चैनल से बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ये बात कही। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस पार्टी के 'युवराज' उत्तर भारत से भाग गए हैं और दक्षिण भारत के वायनाड में उन्होंने शरण ली है। उनके दूसरी जगह से चुनाव लड़ने की घोषणा वायनाड में चुनाव खत्म होने पर 26 अप्रैल के बाद की जाएगी।

पीएम मोदी ने सत्तारूढ़ पिनाराई विजयन सरकार की भी आलोचना की और कहा कि राज्य सरकार ने गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान के लिए जीना कठिन कर दिया है। सरकार राजभवन को पैसे नहीं दे रही है। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है और कहा कि वे भ्रष्टाचार मिटाने के लिए वो अपना काम कर रहे हैं।

हमारी सरकार आई तो हटा देंगे अग्निवीर योजना : राहुल गांधी

भाजपा को 150 से अधिक सीटें नहीं आने वाली।

मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपए होगी

आशा-आंगनबाड़ी सेविकाओं की आमदनी दोगुना करेंगे

एजेंसी। भागलपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को बिहार के भागलपुर पहुंचे और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि भाजपा के लोग लाख दावा कर लें, लेकिन 150 से अधिक सीटें नहीं आने वाली। उन्होने सेना के अग्निवीर योजना को लेकर भी सरकार को घेरा। भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने सेना के खिलाफ अग्निवीर योजना लाई है, इसकी कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि हमें दो तरह के शहीद नहीं चाहिए। लोगों को भरोसा देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो इस योजना को हटा दिया जाएगा। हर गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख की राशि दी जाएगी। भागलपुर के कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि ये संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा संविधान खत्म करने की कोशिश कर रही है।

हम देंगे युवाओं को अपरेंटिस का अधिकार

उन्होंने बेरोजगारी की चर्चा करते हुए कहा कि आज देश बेरोजगारी का सेंटर बना हुआ है। आज के युवा इंस्टाग्राम-फेसबुक पर घंटों बैठे रहते हैं। हम युवाओं को अपरेंटिस का अधिकार देने जा रहे हैं। हिंदुस्तान के हर युवा को पहली नौकरी का अधिकार हमारी अगली सरकार देने जा रही है। उन्होंने सरकार बनने के बाद किसानों का कर्ज माफ करने का वादा करते हुए कहा कि हमारी सरकार आएगी तो जीएसटी को बदलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आशा-आंगनबाड़ी की आमदनी दोगुना करेगी तथा मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपए होगी। उनके साथ इस रैली में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, वीआइपी पार्टी के नेता मुकेश सहनी समेत महागठबंधन के कई अन्य नेता शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि भागलपुर से महागठबंधन की ओर से कांग्रेस ने अजीत शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला जदयू के प्रत्याशी अजय मंडल से माना जा रहा है। पिछले चुनाव में मंडल ने राजद के प्रत्याशी बुलो मंडल को पराजित किया था।

कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी, मोदी ने जो कहा कर दिखाया : शाह

एजेंसी। कोटा

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर आपने 2019 में कांग्रेस को वोट दिए होते तो कोटा पीएफआई का गढ़ बन जाता। मोदी को वोट दिया तो पीएफआई का सफाया कर दिया। कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है। गहलोत सरकार ने पांच साल तक ईआरसीपी को आगे नहीं बढ़ने दिया। भजनलाल सरकार ने तीन महीने में ही ईआरसीपी का काम आगे बढ़ा दिया। हर गांव-ढाणी में ईआरसीपी का पानी पहुंचाने की मोदी की गारंटी है। शाह शनिवार को कोटा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले शाह भीलवाड़ा पहुंचे थे। यहां भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में विजय संकल्प महासभा को संबोधित किया था। इस सभा के माध्यम से शाह ने भीलवाड़ा जिले की जहाजपुर, मांडलगढ़, आसींद, मांडल, शाहपुरा, सहाड़ा, भीलवाड़ा और बूंदी जिले की हिंडोली विधानसभा को साधा।

अमित शाह 21 को बिहार के कटिहार में करेंगे रैली

कटिहार। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री के कटिहार आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे रैली की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को कटिहार पहुंचे। मंगल पांडेय पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के कटिहार के मिचाईबाड़ी आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से रूबरू हुए।

लाल सागर में हैती आतंकियों के खिलाफ जर्मन युद्धपोत का अभियान खत्म

बर्लिन। यमन में हैती आतंकवादियों से व्यापारिक जहाजों की रक्षा का मिशन खत्म कर एक जर्मन युद्धपोत शनिवार सुबह लाल सागर से रवाना हो गया। युद्धपोत को यूरोपीय संघ के नौसैनिक मिशन एस्पाइड्स के एक हिस्से के रूप में और यमन में आतंकवादियों के हमलों से व्यापारी जहाजों को बचाने के लिए फरवरी में लाल सागर में तैनात किया गया था। गौरतलब है कि एशिया से यूरोप के लिए समुद्री मार्ग में लाल सागर का महत्वपूर्ण स्थान है। यह मार्ग स्वेज नहर से होकर गुजरता है। ईरान से संबद्ध हैती आतंकी गाजा पट्टी में इजराइली हमले का विरोध कर रहे हैं। जर्मन नौसेना के अपनी तरह के पहले मिशन में युद्धपोत हेसेन पर तैनात सैनिकों ने हैती आतंकवादियों द्वारा लॉन्च ड्रोन को कई बार मार गिराया। व्यापारिक जहाजों पर हमलों के बाद युद्धपोत को 23 फरवरी को लाल सागर में तैनात किया गया था।

कांग्रेस ने आप को समर्थन देने का किया ऐलान

अत्याचार और भ्रष्ट सरकार से मिलकर लड़ेंगे : दुर्गेश पाठक

एजेंसी। नई दिल्ली

आप विधायक दुर्गेश पाठक ने इसको लेकर कहा कि 26 अप्रैल को मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होना है। आज कांग्रेस ने ऐलान किया कि वे आप उम्मीदवार को समर्थन देंगे। हम इसका स्वागत करते हैं। इससे पता चलता है कि हम मिलकर अत्याचार के खिलाफ, भ्रष्ट सरकार के खिलाफ लड़ेंगे। कांग्रेस ने शनिवार को 26 अप्रैल को होने वाले आगामी एमसीडी मेयर चुनावों में आप उम्मीदवारों को समर्थन देने के अपने फैसले की घोषणा की। आप ने दिल्ली नगर निगम चुनावों में मेयर पद के लिए महेश खिची और डिप्टी मेयर के लिए रविंदर भारद्वाज को नामित किया है। पूर्व विधायक और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं ने एक बैठक बुलाई जिसमें इस बात पर सहमति बनी कि पार्टी चुनाव में आप

उम्मीदवारों का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा, इस निर्णय के पीछे का मकसद दिल्ली के शासन के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करना और निवासियों को होने वाली किसी भी असुविधा को कम करना था। आप विधायक दुर्गेश पाठक ने इसको लेकर कहा कि 26 अप्रैल को मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होना है। आज कांग्रेस ने ऐलान किया कि वे आप उम्मीदवार को समर्थन देंगे। हम इसका स्वागत करते हैं। इससे पता चलता है कि हम मिलकर अत्याचार के खिलाफ, भ्रष्ट सरकार के खिलाफ लड़ेंगे। इस बीच, एमसीडी ने शुक्रवार को मेयर चुनाव कराने की अनुमति के लिए चुनाव आयोग को एक अनुरोध प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से इस प्रक्रिया के लिए एक पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया, जैसा कि एक नागरिक निकाय अधिकारी द्वारा निर्दिष्ट किया गया है। मौजूदा लोकसभा चुनावों के कारण लागू आदर्श आचार संहिता के कारण यह औपचारिक अनुरोध आवश्यक हो गया है। इसके विपरीत, विपक्षी भाजपा ने आगामी चुनाव में मेयर पद के लिए किशन लाल और डिप्टी मेयर पद के लिए नीता बिष्ट को नामित किया है।

संगरूर जेल में बंद कैदियों के बीच झड़प, दो की मौत

संगरूर। पंजाब की संगरूर जेल में बंद कैदियों के बीच खूनी झड़प हो गई। झड़प में दो कैदियों की मौत हो गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने के कारण दो कैदियों को इलाज के लिए पटियाला रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जैसे ही संगरूर जेल से सूचना मिली कि कुछ कैदी आपस में भिड़ गए हैं, इसके बाद जेल के डॉक्टरों ने चार कैदियों को संगरूर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। संगरूर सरकारी अस्पताल के डॉक्टर के मुताबिक, दो कैदियों की मौत अस्पताल आने से पहले हो चुकी थी। इसके अलावा दो कैदियों के शरीर पर लड़ाई के बाद गंभीर चोटें आई हुई हैं, जिन्हें इलाज के लिए पटियाला के राजेंद्र हॉस्पिटल में रेफर किया गया। अस्पताल के डॉक्टर करणदीप काहेल ने बताया, हमारे पास जिला जेल में तैनात डॉक्टर चार कैदियों को लेकर आए थे जिनमें से दो कैदी हर्ष और धर्मेंद्र की मौत हो चुकी थी। गगनदीप सिंह और मोहम्मद शाहबाज की हालत गंभीर थी जिस वजह से उन्हें पटियाला रेफर किया गया।

नेहा की हत्या लव जिहाद का मामला नहीं : सिद्दारमैया

एजेंसी। मैसूर (कर्नाटक)

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को कहा कि एमसीए छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या 'लव जिहाद' का मामला नहीं है। सीएम सिद्दारमैया ने मैसूर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मैं इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। हत्यारे को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। ये लव जिहाद का मामला नहीं है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हत्यारे को कड़ी सजा दी जाए। किसी की मौत को राजनीतिक कारणों से इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले का अनावश्यक रूप से राजनीतिकरण किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन से सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हुबली में कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की शुक्रवार को शहर में कॉलेज परिसर के अंदर फैयाज कोंडिनाकोप्पा ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। हालांकि, अन्य छात्रों ने फैयाज को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इस बीच, नेहा के माता-पिता ने दावा किया कि उनकी बेटी की हत्या 'लव जिहाद' का मामला है। नेहा के पिता निरंजन हिरेमथ ने चेतावनी दी है कि अगर जांच को गुमराह किया गया और खराब किया गया तो उनका पूरा परिवार आत्महत्या कर लेगा।

नेहा के हत्यारे को मौत की सजा की मांग को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

बेंगलुरु। एबीवीपी के सदस्यों और हिंदू कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एमसीए छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या की निंदा की और पूरे कर्नाटक में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी फैयाज कोंडिनाकोप्पा के लिए मौत की सजा की भी मांग की। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर के आवास पर उस समय भारी ड्रामा देखने का मिला, जब एबीवीपी के सदस्यों ने उनके घर का घेराव करने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी फैयाज की तस्वीरें जलाईं और उसे फांसी देने की मांग की। पुलिस ने बिना अनुमति धरना देने पर सदस्यों को हिरासत में लिया और मौके से ले गई। हत्या को लेकर हिंदू कार्यकर्ताओं ने रामनगर, कलबुर्गी और विजयपुरा जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने टायर, पुतले और फैयाज की तस्वीरें जलाईं। शिवमोग्गा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा सांसद बीवाई राघवेंद्र ने शनिवार को संसदीय क्षेत्र में कहा कि आरोपी ने गांजा पीने के बाद नेहा की हत्या कर दी। बीवाई राघवेंद्र ने कहा कि घटना के बाद कांग्रेस सरकार को नेहा के परिवार को सुरक्षा देनी चाहिए। इसके बजाय उन्होंने आरोपी के परिवार को सुरक्षा दे दी। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री ने बयान दिया कि यह मामला एक व्यक्तिगत मामला है।

कर्नाटक गृह मंत्री ने नेहा के माता-पिता से माफी मांगी

हत्यारे की मां ने कहा- 'मेरे बेटे को सजा मिलनी चाहिए'

बेंगलुरु। कर्नाटक में एमसीए छात्रा नेहा हिरेमथ की गुरुवार को हुई हत्या को लेकर हंगामा शनिवार को भी जारी रहा। हत्या के आरोपी फैयाज कोंडिनाकोप्पा की मां ने मृतका के माता-पिता से माफी मांगी और कहा कि उनके बेटे को सजा मिलनी चाहिए। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने भी इस मामले में अपनी प्रेम संबंधी टिप्पणी के लिए माफी मांगी। जी. परमेश्वर ने शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा, अगर मामले के संबंध में उनके किसी भी बयान से नेहा के माता-पिता की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो उन्हें खेद है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए परमेश्वर ने कहा था कि नेहा और फैयाज एक-दूसरे से प्यार करते थे। फैयाज की मां मुमताज ने अफसोस जताते हुए शनिवार को कहा, "मेरे बेटे ने जो किया वह अपराध है। नेहा और फैयाज एक दूसरे से प्यार करते थे। नेहा ने ही फैयाज को प्रपोज किया था। जब फैयाज ने मुझे इस बारे में बताया तो मैंने उससे रिश्ता जारी नहीं रखने के लिए कहा था। मुमताज ने कहा कि मेरे बेटे को कड़ी सजा दी जानी चाहिए। उसका सपना कर्नाटक प्रशासनिक सेवा (केएएस) में अधिकारी बनने का था। नेहा एक अच्छी लड़की थी। मैं उनके परिवार से माफी मांगती हूं।

महानदी नाव हादसे में अबतक सात शव बरामद

एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा में शुक्रवार को महानदी में लखनपुर के शरधा में नाव डूबने की घटना में अभी तक सात शव बरामद कर लिये गये हैं। शनिवार सुबह प्रशासन द्वारा चलाये गये सर्च आपरेशन में छह शव बरामद किये गये हैं। शुक्रवार को हादसे के बाद एक महिला का शव बरामद कर लिया गया था। इस मामले में एक और व्यक्ति के लापता होने की बात कही जा रही है। शनिवार सुबह पांच बजे से सर्च आपरेशन प्रारंभ किया गया था। पांच स्कूबा ड्राइवर व दो सर्च कैमरे के सहायता से लापता लोगों को ढूंढने के लिए प्रयास शुरू किये गये थे। इस हादसे में मारे गये सभी मृतक सीमावर्ती छत्तीसगढ़ के खरसेनी इलाके के हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मारे गये लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करने के साथ-साथ प्रत्येक मृतक के आश्रितों के लिए चार लाख रुपये की अनुकंपा राशि की घोषणा की है।

राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति ने हादसे पर दुख जताया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा में महानदी नाव हादसे पर दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर जारी अपने संदेश में कहा कि यह जानकर दुख हुआ कि ओडिशा के झारसुगुड़ा के पास महानदी नदी में एक नाव पलटने से कई लोगों की जान चली गई। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। मैं त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने एक्स पर संदेश में लिखा, ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी में नाव पलटने की दुखद घटना से अत्यंत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना।